वर्ष- 11 अंक-296
लखनऊ, शनिवार 15 जून, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





नीट परीक्षा : पांच गिरफ्तार, गुजरात से जुड़े तार 12

आगरा-मथुरा हेलीकॉप्टर सेवा एक जुलाई से होगी शुरू 03


# हाई कोर्ट में दायर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित

**नीट-यूजी विवाद**

- एनटीए की याचिका पर लिया फैसला



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का शुक्रवार को फैसला किया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया। पीठ ने परीक्षा में नकल समेत अन्य आरोपों से घिरे एनटीए के खिलाफ उच्च न्यायालयों में संबंधित याचिकाएं दायर करने वालों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह उन याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगी।

एनटीए के खिलाफ दिल्ली, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और अन्य उच्च न्यायालयों में याचिकाएं दायर की गई थीं। शीर्ष अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश कई अधिवक्ताओं ने बिहार में परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने का मुद्दा उठाते हुए नामांकन से संबंधित छह जुलाई से शुरू होने वाली काउंसलिंग को निलंबित करने का निर्देश देने की गुहार लगाई। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने पहले भी इस तरह के अनुरोध को खारिज कर दिया था।

पीठ ने सुनवाई के दौरान एनटीए को उन याचिकाओं में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी, जिनमें शीर्ष अदालत के 13 जून के आदेश के साथ उन 1563 विद्यार्थियों के लिए एक नई परीक्षा को मंजूरी देने के साथ अनुग्रह या क्षतिपूर्ति अंक देने पर सवाल उठाया गया था। उनके अधिवक्ताओं ने दलील दी कि एनटीए ने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर गुरुवार को शीर्ष अदालत का आदेश हासिल किया था। नीट में शामिल कई विद्यार्थियों ने अंकों में बढ़ोतरी का आरोप लगाया है, जिसके कारण रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

शीर्ष अदालत के समक्ष राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने किसी भी अनियमितता से इनकार किया और कहा कि एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलाव और परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के समय बर्बाद होने के बदले क्षतिपूर्ति अंक छात्रों के उच्च अंक प्राप्त करने की वजह हैं।

शीर्ष अदालत ने देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को 13 जून को मंजूर किया था। पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधी केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद यह अनुमति दी थी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे।

इस प्रकार से नयी रैंकिंग के साथ परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 13 जून को एनटीए की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित करके परिणाम घोषित करने की अनुमति दी थी, लेकिन स्पष्ट किया कि नामांकन से संबंधित काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून 2024 को घोषित किए जाएंगे। परिणाम के बाद काउंसलिंग छह जुलाई से शुरू की जाएगी।

### सीबीआई जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 के प्रश्नपत्र कथित तौर पर संबंधित परीक्षा के दौरान सार्वजनिक होने के मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने हितेन सिंह कश्यप की याचिका पर आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले में आठ जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता के एक अधिवक्ता ने सीबीआई जांच पर जोर दिया तो पीठ ने कहा कि मामले में एक पक्षीय आदेश नहीं दिया जा सकता है। एनटीए की ओर से जवाब दाखिल करने पर याचिका पर विचार किया जाएगा। एक अन्य अधिवक्ता ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य का सवाल है। इस पर पीठ ने कहा कि वह इसके प्रति सचेत है। मामले पर विचार के लिए जुलाई की तारीख तय की गई है। एक अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि कोटा में 40 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या कर ली तो पीठ ने उनसे कहा कि अनावश्यक भावनात्मक दलील न दी जाए, क्योंकि ऐसी घटनाएं नीट यूजी परिणामों से संबंधित नहीं हैं।

### नीट-यूजी के किसी भी परीक्षार्थी के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा : धर्मेंद्र प्रधान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2024 के परीक्षार्थियों को आश्वस्त करते हुए आज कहा कि किसी भी परीक्षार्थी के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि नीट परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी भी बच्चे के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। इस मामले से जुड़े तथ्य सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, सरकार उसे पूरा करेगी। नीट की काउन्सलिंग प्रक्रिया शुरू होने जा रही है और अब इस दिशा में भ्रमित हुए बिना आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

## पीएम मोदी ने यूक्रेन को बातचीत व कूटनीति का रास्ता अख्तियार करने की दी सलाह

**वार्ता**

- मोदी व मैक्रों रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत



**एजेंसी, अपुलिया (इटली)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये।

यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर श्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति श्री ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

जारी शत्रुता के संबंध में दोहराया कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और मानता है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से है। श्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की और भारत तथा ब्रिटेन के बीच रक्षा संबंध और मजबूत करने पर विचार विमर्श किया। श्री मोदी ने 'एक्स'पर लिखा कि इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलना सुखद रहा। मैंने राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की।

## संक्षिप्त समाचार

### बढ़ी गर्मी की छुट्टियां, 28 जून तक बंद रहेंगे स्कूल

**लखनऊ।** यूपी में चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। जहां दिन में पारा 45 डिग्री के पार जा रहा है। वहीं रात को भी गर्म हवाओं ने परेशान कर दिया है। भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। जहां कक्षा आठ तक के लिए 28 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने की मांग की थी। वहीं गर्मियों को देखते छुट्टियां बढ़ाने से बच्चों को आराम मिलेगा।

### लखनऊ में तीन अधिकारियों को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बहराइच में तैनात एक डाक सहायक, आलमबाग स्टोर डिपो के मुख्य डिपो अधीक्षक और उत्तर रेलवे में तैनातआरपीएफके एक एएसआई यानी कुल 3 लोगों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। तीनों को दो अलग-अलग मामलों अरेस्ट किया गया है। तीनों आरोपियों की पहचान आलमबाग स्टोर डिपो के डाक सहायक विनोद कुमार, मुख्य डिपो अधीक्षक अविरल कुमार और आरपीएफएएसआई मनोज कुमार राय के तौर पर हुई है। तीनों के ठिकानों पर भी तलाशी ली गई है।

### ट्रक और ऑटो की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**झारखंड।** झारखंड के गढ़वा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। यहां एक ऑटोरिक्शा और ट्रक की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है जबकि छह अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। हादसा बृहस्पतिवार देर रात करीब डेढ़ बजे बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव के नजदीक हुआ। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने बताया कि सिलियाटोंगर गांव के 12 लोग ऑटोरिक्शा में सवार होकर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन जा रहे थे और उन्हें गुजरात जाने वाली ट्रेन पर सवार होना था। रास्ते में उनके ऑटो और विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के बीच टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान बिमलेश कुमार कनौजिया (42), अरुण भुइयां (30), बिकेश भुइयां (20), राजा कुमार (21) और राजकुमार भुइयां (53) के रूप में हुई है। आरपीएफऔर सीडीएमएस को शिकायतकर्ता से क्रमशः 9 हजार और 8 हजार 200 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के लखनऊ स्थित आवास पर तलाशी ली गई है और मामले की जांच जारी है। सीबीआई ने 12 जून 2024 को यूपी के बहराइच जिले में नानपारा लेखा कार्यालय में तैनात डाक सहायक विनोद कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

### यूपी में खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

# सीएम ने तलब की लापरवाह अफसरों की रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**सख्ती**

- राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाही पर सीएम योगी सख्त
- जल्द ही सीएम कार्यालय को सौंपी जाएगी लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट

आदर्श आचार संहिता खत्म होते ही एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाल में ही एक उच्च स्तरीय बैठक कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को तलब कर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में सीएम योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने का आदेश दिया। साथ ही दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे, जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### राजस्व वादों के निपटारे में महोबा, चित्रकूट और मुजफ्फरनगर फिसड्डी

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा राजस्व विभाग की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निर्धारण का कार्य हुआ है। वहीं स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। मुख्य सचिव ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत फिसड्डी रहे हैं। यहां आठ हजार से अधिक मामले लंबित हैं।

### नामांतरण में कुशीनगर, सोनभद्र तो पैमाइश में लखनऊ, प्रयागराज का प्रदर्शन ठीक नहीं

बैठक में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा-24 (पैमाइश) में लखनऊ, प्रयागराज, अमरोहा, फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा-34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है, लेकिन निपटारे का प्रतिशत 95 प्रतिशत से कम है। इसी तरह धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर-कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लापरवाह अफसरों पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

# अयोध्या में राममन्दिर को उड़ाने की जैश-ए-मोहम्मद ने दी धमकी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**दुस्साहस**

- ऑडियो वायरल, सरकार ने जारी किया अलर्ट

अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर को उड़ाने की फिर धमकी मिली है। इस बार धमकी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने दी है। एक ऑडियो वायरल होने के बाद यूपी की योगी सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। राम नगरी में तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है।

अलर्ट के बाद अयोध्या में रामकोट के सभी बैरियरों पर सघन चेकिंग अभियान के साथ जांच शुरू कर दी गई है। रामलला के दर्शन मार्ग पर भी श्रद्धालुओं की निगरानी बढ़ा दी गई है।बताया जाता है कि धमकी वाले ऑडियो में आमिर नामक जैश-ए-मोहम्मद आतंकी को कहते सुना जा रहा है कि हमारी मस्जिद को हटाकर मंदिर बनाया गया है। अब इसे बम से उड़ा दिया जाएगा। आतंकी कह रहा है कि हमारे तीन साथी कुर्बान हुए हैं और अब इस मंदिर को गिराना ही होगा। अलर्ट के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां ऑडियो की जांच कर रही हैं। राज्य सरकार की तरफसे निर्देश के बाद केंद्र और प्रदेश सरकार की एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। अयोध्या के राम मंदिर पर हमले की धमकी इससे पहले भी दो तीन बार मिल चुकी है। पिछले साल भी धमकी मिली थी, तब फर्जी निकली थी। इससे पहले 2005 में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने हमला भी किया था। अब एक बार फिर जैश-ए-मोहम्मद के नाम से अयोध्या में आतंकी हमले का ऑडियो वायरल हुआ तो सतर्कता तत्काल बढ़ा दी गई है। अलर्ट के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। मंदिर परिसर और आसपास के साथ ही बैरिकेडिंग पर चेकिंग बढ़ाई गई है।र ामपथ के साथ यहां जगह जगह मौजूद श्रद्धालुओं पर निगरानी बढ़ाने के साथ ही संदिग्ध वस्तुओं और गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट के आसपास भी सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी हो रही है। बस अड्डे पर भी संदिग्ध वस्तुओं की जांच हो रही है।

## क्रिकेट सट्टेबाजों पर बड़ी कार्रवाई, पंद्रह करोड़ की नगदी सहित विदेशी मुद्रा जब्त

**कार्रवाई**

- आईपीएल सटोरिये के यहां मिला 15 करोड़ कैश, रातभर से मशीन ने गिने नोट

**एजेंसी, उज्जैन।**



उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही । इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं।

उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरूवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं। जिसके बाद नीलगंगा थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच को अलर्ट किया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से दोनों ने वहां छापेमारी की। यहां नोटों का अंबार देखकर पुलिस भी दंग रह गई और जानकारी मिलने के बाद इसी के एक और मकान कृष्णा पार्क में भी छापा मारा गया वहां पर भी नोटों का ढ़ेर मिलने के बाद पुलिस रातभर से नोट गिन रही थी कि बाद में बैंक से मशीन बुलाकर करीब 10 से अधिक बैगों में 300 गड्डीयां 15 करोड़ से अधिक के नोट गिने हैं।

**दिल्ली शराब घोटाला**

### केजरीवाल की नियमित जमानत की याचिका पर सुनवाई 19 जून को

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत की याचिका पर सुनवाई 19 जून तक के लिए टाल दी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष जज कावेरी बावेजा ने हाल ही में चिकित्सा कारणों से सात दिन की अंतरिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। मुख्यमंत्री के वकील ने शुक्रवार को अदालत के समक्ष एक आवेदन देकर अरविंद केजरीवाल की चिकित्सा जांच के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को भी मौजूद रहने की अनुमति देने का अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जब मेडिकल बोर्ड इस संबंध में बैठक करती है तो उन्हें भी अपने इनपुट रखने की अनुमति दी जाए। इस आवेदन पर अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों से जवाब मांगा है। इस पर शनिवार को सुनवाई होगी। इस बीच सीएम केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जून तक के लिए टाल दी गई है।

### कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा : अखिलेश



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्मार्ट सिटी को लेकर कानपुर की मेयर पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी बनाने का कागजी काम भ्रष्टाचार का शिकार होकर कागजों में ही लटका है। उन्होंने कहा, कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा है। शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कानपुर की मेयर का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, उप्र में भाजपा सरकार के 'हवाई दावों की हवा में उड़ती फाइल'। कानपुर मेयर का ये दिखावटी गुस्सा कितना सच है, जनता सब जानती है। कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा है। उन्होंने लिखा कि उप्र में स्मार्ट सिटी बनाने का कागजी काम भाजपाई भ्रष्टाचार का शिकार होकर कागजों में ही लटका है। स्मार्ट सिटी के नाम पर उप्र को बजबजाती नालियों, सरांध भरे नालों, गड्ढेयुक्त सड़कों-गलियों, जाम में फंसी सड़कों के अलावा अगर और कुछ मिला है तो वो है 'भाजपाई राजनीति' का वो प्रदूषण जो सारे ठेके अपने लोगों को लेन-देन के सौदे के बदले में देता है। इसलिए इनका काम न होने का क्रोध केवल दिखावा है।

## भारतीय सेना को पहले बैच में मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**उपलब्धि**

- आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन के दिए गए हैं ऑर्डर
- आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर हो सकेंगे सटीक हमले

भारतीय सेना को नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र का पहला बैच सौंप दिया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।

भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है। इसे नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। इसमें पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं। यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है।

### शाह ने जम्मू कश्मीर की स्थिति की जानकारी ली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए पीएम मोदी के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शुक्रवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और सेना , पुलिस , जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। शाह ने स्थिति जायजा लेने के लिए रविवार को यहां नार्थ ब्लॉक में एक बैठक बुलाने का निर्देश भी दिया।

**ब्लैक फ्राइडे**

### कुवैत अग्नि त्रासदी में मारे गए 45 भारतीयों के शव भारत लाए गए

# कुवैत से शव लौटने पर गमगीन हुआ माहौल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



कुवैत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों के शव शुक्रवार को वायुसेना के एक विशेष विमान भारत लाए गए । विमान शुक्रवार दोपहर कोच्चि पहुंचा, जहां केरल के मुख्यमंत्री पिन्नराई विजयन, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, केन्द्रीय मंत्री सुरेश गोपी और अन्य मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मृतकों में केरल से 23, तमिलनाडु से 7, आंध्र प्रदेश से 3, उत्तर प्रदेश से 3, ओडिशा से 2 और बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से एक-एक हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार कुवैत के मंगफ़ शहर में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी, जहां भारतीय कामगारों का रिहायशी शिविर था। इसमें कम से कम 48 लोगों की मौत हुई।

इमारत में रह रहे 176 भारतीय श्रमिकों में से 45 की मृत्यु हो गई और 33 अस्पताल में भर्ती हैं। जब मरने वालों के शव कोच्चि हवाई अड्डे पहुंचे तो वहां का माहौल गमगीन हो गया। हवाई अड्डे पर पहले कभी न देखा गया यह ब्लैक फ्राइडे था।

# डीएम ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की ली तैयारी बैठक

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक और 21 जून को दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम योग स्वयं एवं समाज के लिए÷ थीम पर व्यापक स्तर मनाया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों के सफल आयोजन के दृष्टिगत शुक्रवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि योगाभ्यास से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स सम्बन्धित पोर्टल अनिवार्य रूप से लोड करेंगे। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनज़र रखते हुए डीएम ने कहा कि



कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। कार्यक्रम स्थलों को योग की विभिन्न मुद्राओं से सम्बन्धित स्टैण्डी, बैनर व पोस्टर लगाकर सुसज्जित भी किया जाय। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्र म हेतु लोगों के लिए ब्लाक बनाकर प्रत्येक ब्लाक हेतु प्रभारी अधिकारी नामित किये जाएं। डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर योग से सम्बन्धित स्वयं सेवी संस्थाओं एवं योग प्रशिक्षकों से समन्वय कर योगाभ्यास कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्राप्त किया जाए। डीएम ने यह निर्देश दिया कि जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील,

**तहसील से होगा योग सप्ताह का शुभारंभ**

जिले में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से शुरू होकर 21 जून तक चलेगा। इस योग सप्ताह का शुभारंभ मितौली तहसील से होगा। जिसकी तैयारी के लिए डीएम ने क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेद अधिकारी डॉ हरबंस कुमार को निर्देशित किया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ जिला स्तरीय अधिकारी एवं आमजन भी शामिल होंगे।

ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक के दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जि़ले में व्यापक स्तर पर दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक एवं 21 जून को दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जिसकी थीम हर घर आंगन योग को प्रातःकाल योगाभ्यास कराने की वेबसाइट पर अथवा आयुष कवच एप के माध्यम से अपलोड कराने के निर्देश प्राप्त हुये है एवं उक्त बेवसाइट का व्यापक प्रचार प्रसार कर जन सामान्य को अवगत कराया जाय, जिससे जनपद स्तर पर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभागीय समस्त वाट्सअप ग्रुप पर अपने अधिनस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों को उक्त एप एव बेवसाइट पर पंजीकरण अवश्य करने के लिए निर्देशित करें। बैठक में एसपी गणेश प्रसाद साहा, उपायुक्त राजेंद्र श्रीवास, विपिन चौधरी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

# जवानों ने रक्तदान कर दिया 94 यूनिट ब्लड

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

एसएसबी गढ़ी और एसएसबी गदनिया पलिया के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया। इस दौरान 94 से जवानों ने रक्तदान किया।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने रक्तदान करने वाले सभी जवानों का हाल-चाल लिया और दोनों ही कैंपों के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से आम लोगों में भी रक्तदान करने की प्रेरणा बढ़ती है। रक्तदान करना आवश्यक है। यह लोगों की जान बचाता है। आज लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की बहुत अधिक आवश्यकता है। ऐसे कैंप और अधिक आयोजित होने चाहिए। जिससे अधिक से




अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार लोगों को प्रेरित किया जा रहा है और उन्हें रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे में भी बताया जा रहा है। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि जिला अस्पताल की टीम द्वारा डॉ एसके मिश्रा के नेतृत्व में एसएसबी के दोनों केंद्रों पर रक्तदान शिविर का संचालन किया गया। एसएसबी गढ़ी रोड लखीमपुर में 71 यूनिट और एसएसबी 39 गदनिया पलिया में 23 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया है। कैंप में एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता सहित एसएसबी के दोनों केंद्रों के अधिकारी, भारत विकास परिषद से डॉ पीके गुप्ता, डीआईजी एसएच जेडी वसिष्ट कमांडेंट थर्ड बटालियन एस एच देवेंद्र, डिप्टी कमांडेंट मेडिकल डॉ हिमांशु डबास एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# पांच माह बाद भी नगर पंचायत सिंगाही का पद खाली

**बिना ईओ के कैसे पार होगी सिंगाही की नैया**

**सिंगारी खीरी। समृद्धि न्यूज**

नगर पंचायत सिंगाही में ईओ( अधिशासी अधिकारी) का पद लगभग 5 माह से खाली है। ईओ के न होने से नगर पंचायत में कामकाज और कस्बे के विकास पर भी असर पड़ रहा है। लिपिक के सहारे काम चलाऊ व्यवस्था चल रही है।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही जनवरी माह में तत्कालीन ईओ अवधेश कुमार मिश्रा का यहां से आजमगढ़ की माहुल नगर पंचायत में तबादला हो गया था। नगर पंचायत के ईओ का अतिरिक्त चार्ज निघासन एसडीएम अश्विनी कुमार को सौंपा गया था । मग़र निघासन में अधिक भार होने के कारण सिंगाही



नगर पंचायत की व्यवस्था लड़खड़ा गई है। अब अधिशासी अधिकारी के लिए तरसना पड़ रहा हैं। नगर पंचायत विकास की गाड़ी को आगे नहीं बढ़ा पा रही है। आधा दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण परियोजनाएं ठप पड़ी हैं। धनाभाव में सभासदों के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्तावों का मोटा पुलिंदा धूल फांक रहा हैं।

नगर पंचायत में ईओ के स्तर के कामकाज ठप हैं। नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी का पद खाली होने से न केवल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि सफाई व्यवस्था भी बिगड़ रही है। निकाय में कार्यरत दैनिक और संविदा कर्मियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। नगर पंचायत में साफ-सफाई को छोड़कर अन्य कार्य बाधित हो गये है।

परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, हाउस टैक्स, खराब हैंडपंप को सही कराने व बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने नगर पंचायत में पहुंचने वाले व्यक्तियों को निराश होकर लौटना पड़ता है। हालांकि कार्यालय में तैनात कर्मचारी लोगों के आवेदन जमा कर रहे है। ईओ की तैनाती होने के बाद संबंधित आवेदन पर कार्रवाई की बात कहते है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला शान्ति समिति की बैठक संपन्न

**भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाये त्यौहार: जिलाधिकारी**

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

बकरीद त्यौहार व गंगा दशहरा को शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजूद सम्भ्रान्तजनों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आसन्न त्यौहारों को शासन-प्रशासन की गाईडलाइन व दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गत वर्षों की भांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा उठाये गये



बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेगे। डीएम ने आश्वस्त किया कि सम्भ्रान्तजनों व धर्म गुरूओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं उसका समय से निराकरण कराया जायेगा। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई करा दें।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ त्यौहार को मनायें। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। त्यौहार के अवसर पर किसी नई परम्परा की अनुमति नहीं होगी। त्यौहार को पारम्परिक ढंग से मनायें, निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाय। प्रतिबन्धित जानवरो की कुर्बानी न की जाय तथा अवशेष का सम्मानजनक ढंग से निस्तारण किया जाय। सड़कों पर धार्मिक आयोजन न किये जायें तथा ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग करने में शासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें। डीएम-एसपी ने कहा कि शरारती व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। किसी को कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं होगी। गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी परन्तु माहौल को खराब करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, धर्मगुरूओ व संभ्रान्तजनों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



# शारदा नदी में डूबे युवक का नहीं लगा सुराग

**बिजुआ खीरी।** कोतवाली भीरा क्षेत्र में स्थित शारदा नदी पर नहाने गया युवक नदी में डूबा। मिली जानकारी के अनुसार मैलानी थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव निवासी सुशील कुमार उम्र करीब 24 वर्ष नामक युवक नदी में डूब गया। बताते हैं वह अपनी रिश्तेदारी लौकहा गांव में आया था और लौकहा गांव के अपने हम उम्र मित्रो के साथ शुक्रवार की दोपहर में नदी पर नहाने गया था और डूब गया जिसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तब ग्रामीणों ने नदी में काफी खोजबीन की, परंतु समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। बताया जाता है कि वह अपने रिश्तेदार रामरतन पुत्र मैकूलाल निवासी लौकहा के यहां भंडारे में शामिल होने आया था। वह वही से कुछ मित्रों के साथ शारदा नदी में नहाने चला गया। नहाने के दौरान में वह गहराई में चला गया और नदी में डूब गया। साथ आये मित्रों ने इसकी सूचना भीरा पुलिस एवं परिजनों को दी। इसके बाद भीरा पुलिस ग्रामीणों की मदद से नदी में उसकी काफी खोजबीन की परंतु उसका कोई पता नहीं चला।

# रक्तदाता दिवस पर डीएम ने रक्तदानियों को किया सम्मानित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम विश्व रक्तदाता दिवस 2024 का मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में फीता काटकर शुभारम्भ किया गया रक्तदान शिविर में कई गणमान्य व्यक्तियों एवं नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।

इस दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि रक्तदान करना जनकल्याण का काम है, हमारे रक्तदान से किसी का अमूल्य जीवन बच सकता है। 2024 में विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है दान का जश्न मनाने के 20 साल धन्यवाद,रक्तदाताओं! स्लोगन के



साथ ही रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने व स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को समय-समय पर रक्तदान करने एवं रक्तदान के प्रति जागरुक करने की अपील की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने 20 रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने डायलिसिस वार्ड का भी निरीक्षण किया और संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

इस अवसर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवधेश यादव द्वारा रक्त दान के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी से भविष्य में भी सक्रिय सहयोग एवं रक्त दान करने के साथ ही अन्य को भी प्रेरित करने का आग्रह किया।

**डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से जिला चिकित्सालय में विश्व रक्तदाता दिवस का फीता काटकर किया शुभारम्भ**

# दो 315 बोर असलहे के साथ विकलांग युवक गिरफ्तार

**तिकुनिया खीरी। समृद्धि न्यूज**

एसएसबी बेलापरसुवा व चंदनचौकी पुलिस ने एक युवक को दो 315 बोर असलहा सहित पकड़ा पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। एसएसबी बेलापरसुवा के इंस्पेक्टर मेघराज ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक विकलांग युवक आलूपुरवा घाट के पास अवैध असलहों की बिक्री के लिए खड़ा है जिस पर एसएसबी के अधिकारी व जवानों ने पुलिस के साथ मिलकर एक युवक को पकड़ा जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 2 तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पवन कुमार पुत्र दिलीप



सिंह निवासी बेलापरसुवा थाना चंदनचौकी बताया। पकड़े गए युवक को पूछताछ के बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया है। यह युवक 2019 में भी 2 डेटोनेटर के साथ पकड़ा गया था। इस दौरान चंदनचौकी इंस्पेक्टर विश्वनाथ का बलदेव सिंह, दीपक पाल एसएसबी के एसआई अरोजितराय का रामस्वरूप यादव, महिला का ज्योति सोनपुरे, चंदन पात्रा,कविता दीकितया, लक्ष्मी राहपुरिया आदि शामिल रहे।

## दो दिनों से गायब युवती का शव तालाब से बरामद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत रघुनाथ गंज मजरे पोखरा गांव में पिछले दो दिनो से गायब एक युवती का शव आज सुबह घर के सामने स्थित सूखे तालाब से बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार गांव निवासी दर्शन गुप्ता की पुत्री रीवानी 24 वर्ष का विवाह छः माह पहले पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत कोटवा गांव में हुआ था।पहली जून को युवती अपने मायके रघुनाथ गंज आई थी।दो दिन पहले बुधवार की रात युवती अचानक लापता हो गई थीं ।काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने हैदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# समाजसेवी ने पशु-पंक्षियों के लिए सूखे तालाब में भरवाया पानी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी में सूखे तालाब में पानी न होने से पशु पंछियों के लिए सुकालावती पब्लिक स्कूल कटका के प्रबन्धक समाजसेवी रामराज यादव ने अपने निजी खर्च से पानी भरवाया।रामराज यादव ने बताया कि भीषण गर्मी में



लगभग सभी तालाब सूख गए है और लगातार गर्मी का तापमान बढ़ता जा रहा है जिससे पशु पक्षियों को पीने और स्नान करने हेतु पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है फिर भी कही पानी नजर नहीं आता है जिससे पशु पक्षियों का जीवन अस्त व्यस्त हैं।जिससे पशु पक्षियों के थोड़ी सी मदद करने के लिए आज तालाब में पानी भराते हुए जिससे सभी पशु पक्षियों को पीने और स्नान करने के लिए पानी मिल सके और उनका जीवन बचाया जा सके।इस कार्य के लिए लोगो ने सराहना किया।

# वकीलों की एसडीएम से वार्ता विफल, देंगे धरना

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

निघासन के वकीलों की एसडीएम की कार्यशैली के खिलाफ लगभग डेढ़ माह से वकीलों हड़ताल चली रही है।निघासन के वकील डीएम से मुलाकात कर एसडी एम की कार्यशैली से अवगत कराया जिस पर डीएम ने एसडीएम को फोन कर वकीलों से वार्ता कर समाधान करने को कहा।

एसडीएम के बुलावे पर शुक्रवार को संघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष रामनिवास जायसवाल मंत्री उमाकांत जायसवाल सहित वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, सुबोध कुमार पाड़े, मेजर सिंह, रमेश शर्मा, चन्द्रकेश, विवेक श्रीवास्तव, रामकृष्ण चतुर्वेदी सहित प्रतिनिधि मंडल एसडीएम अश्वनी सिंह के बुलावे पत्र पर वार्ता करने के लिए उनके चैम्बर में गया। वकीलों ने एसडीएम से कोर्ट की समस्याओं पर वार्ता शुरू की हर बिंदु पर एक ही जवाब दिया। इस बिन्दु पर पहले हो चुकी है इस पर कोई वार्ता नही होगी। खतौनी में गलती सुधार के मुकदमों में वकीलों ने कहा बिना पक्षों को नोटिस जारी किये वाद को निरस्त कर दिये गये हैं। बिना पक्षों को सूचित किये लोक अदालत में 34 फाइले निरस्त कर दी गयी जिनके खिलाफ पीड़ित पक्ष आगे मुकदमा नही किया जा सकता है जब वार्ता शुरू की तब एसडीएम ने किसी भी प्रकार की समाधान की पहल नही किया। वकीलों की एसडीएम से किसी बिंदु पर सहमति नही बनी और वार्ता विफल हो गई।उसके बाद वकीलों ने मीटिंग कर एसडीएम कर निर्णय लिया मंगलवार से एसडीएम के खिलाफ धरना किया जायेगा। इस दौरान वीरेंद्र रुहेला,वीरेंद्र भदौरिया,रवि गुप्ता,जितेंद्र प्रताप सिंह,रवि श्रीवास्तव, आशीष कश्यप,उपेंद्र कश्यप,मायाराम चौधरी, दिनेश यादव, अवधेश मौर्य,लालता प्रसाद मिश्र, शैलेंद्र प्रताप सिंह,अंकित कश्यप, सुरेंद्र मिश्र आदि वकील मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

**ग्रामीण बताते हैं कि गुड्डू के गलत आचरण के कारण पति-पत्नी में आए दिन होता रहता था विवाद**

कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव निवासी घनश्याम रावत उर्फ गुड्डू टेलर ने दो वर्ष पहले अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया था। इसके बाद जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज के मिर्जागढ़ मजरे कुकहा रामपुर गांव निवासी कृपाल रावत की पुत्री रेनू 30 वर्ष से प्रेम विवाह किया। ग्रामीण बताते हैं कि गुड्डू के गलत आचरण के कारण पति पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था। ग्रामीण बताते है कि शुक्रवार की सुबह भी विवाद हुआ।इसके बाद रेनू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में छत से लटका मिला।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। युवती के पिता कृपाल बताते हैं कि सुबह उनकी बेटी ने बदहवास स्थित में फोन कर तत्काल घर बुलाया। कहा कि उसकी हत्या होने वाली है। जल्दी से आकर जान बचा लीजिए। फोन मिलने के एक घंटे में ही पिता जब बेटी के यहां पहुंचा तो घटना हो चुकी थी। पीड़ित पिता द्वारा बेटी की हत्या किए जाने के आरोप के बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई। मौके पर पहुंचे सीओ हर्षित चौहान एवं कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पता चला है कि मृतका गर्भवती भी थीं।

## रौनक बाबा छाता वाले का हुआ कुल शरीफ

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शहर के मोहल्ला सत्यप्रेमीनगर कमरियाबाग के कब्रिस्तान में स्थित रौनक़ अली शाह बाबा छाता वाले की याद में हर वर्ष ईद उल अजहा की 6 तारीख को एक दिवसीय कुल शरीफ होता है। इस बार भी बृहस्पतिवार को बाद नमाज़ मग़रिब नातिया मुशायरा हुआ।

## अधिवक्ता के निधन से दौड़ी शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** समाजसेवी दिनेश मिश्रा व पत्रकार बृजेश मिश्रा के छोटे भाई अधिवक्ता शिवानन्द मिश्रा का बीमारी के कारण उपचार के दौरान बीती शाम आठ बजे निधन हो गया। शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के नरौली गाँव स्थित पैतृक निवास पर लाया गया।

# मुठभेड़ के बाद गैर जनपदीय बदमाश गिरफ्तार, एक फरार

**मसौली, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बीती मध्य रात्रि पुलिस एव बदमाशों के बींच हुई मुठभेड़ मे पुलिस ने एक गैरजनपदीय शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा जिंदा कारतूस बरामद किया है पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार बदमाश ने गत मई महीने मे केवलापुर निवासी सर्राफा व्यवसाई के साथ हुई लूट को कुबूल किया है। बताते चले कि विगत माह सफदरगंज थाना क्षेत्र मे सर्राफा एव गुड़ व्यवसायी से लूट कर पुलिस को चुनौती देने वाले बदमाशों की तलाश मे जुटी सफदरगंज पुलिस बीती मध्य रात्रि गस्त पर थी इसी दौरान लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित करमुल्लापुर दादरा मार्ग पर शराब ठेका के



सामने आ रहे दो बाईक सवार युवकों को रोकने की कोशिश की जिस पर एक बदमाश बाईक से कूद कर फरार हो गया तथा एक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिसके जवाब मे पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही मे बदमशा के पैर मे गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने घेर कर हिरासत मे लेते हुए इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। पुलिस की गिरफ्त मे आया बदमाश सीतापुर जिले के थाना थानगाव के ग्राम खरेटी पोस्ट गवारी निवासी ओमप्रकाश रावत उर्फ संतोष उर्फ ओपी पुत्र तुलसीराम तथा फरार अभियुक्त शादाब पुत्र समी अहमद निवासी रहलामऊ चीनी मिल थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर का है। गिरफ्तार बदमाश के पास से दस हजार की नगदी सहित अवैध तमंच जिंदा कारतूस बरामद किया है। मुठभेड़ घायल बदमाश एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद सीतापुर सहित थाना बड्डूपुर मे आधा दर्जन से अधिक लूट के मुकदमे दर्ज है अभियुक्त ओपी रावत 20 हजार रुपये का इनामियां अपराधी है जिसकी काफी समय से पुलिस तलाश कर रही थी। मुठभेड़ मे घायल वदमाश ओपी रावत ने गत 3 मई को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महमदाबाद से केवलापुर गाव जाने वाले मार्ग पर सर्राफा व्यवसाई मनोज सोनी के साथ हुई लूट का जुर्म कुबूल किया। बताते चले कि गत 3 मई को केवलापुर निवासी सर्राफा व्यवसाई मनोज कुमार सोनी महम्मदाबाद मे अपनी दुकान बंद कर घर वापस जा रहे थे कि दो बाईक पर सवार 4 बदमाश ने असलहे के बल पर 30 ग्राम सोना, 3 किलो चांदी सहित 20 हजार की नगदी लूट कर फरार हो गये थे । शातिर अपराधी एव पुलिस की मुठभेड़ के घटनास्थल पर पहुंच क ़अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नरायण सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जोन-1, लालबाग जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

पत्रांक-326/ई.ई.-1/एल.जे.एस.    दिनांक- 14.06.2024

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 21.06.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 21.06.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing of submersible pump 03 at different places of zone-1 Jalkal Vibhag, Nagar Nigam,Lko | 2100.00 | Rs.100 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्तः- 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम,लखनऊ एवं जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग

# आगरा-मथुरा हेलीकॉप्टर सेवा एक जुलाई से होगी शुरू

**पर्यटन के क्षेत्र में असीमित अवसर एवं रोजगार के संसाधन हैं इसका भरपूर लाभ उठाया जाना चाहिए : जयवीर सिंह**



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों की राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग और ब्राण्डिंग कराई जाए। जिससे अधिक से अधिक विदेशी एवं घरेलू पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग में नवाचार को शामिल करते हुए और बेहतर क्या किया जा सकता है, इन संभावनाओं का भी पता लगायें। पर्यटन के क्षेत्र में असीमित अवसर एवं रोजगार के संसाधन हैं। इसका भरपूर लाभ उठाया जाना चाहिए।

जयवीर सिंह यहां पर्यटन भवन के सभागार में पर्यटन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पौराणिक स्थलों के इतिहास लेखन की समीक्षा करते हुए कहा कि इन स्थलों के इतिहास के साथ मुख्य द्वार के आसपास पत्थर के शिलालेख भी अंग्रेजी व हिन्दी में खुदवायें जाए, जिससे पर्यटक इन स्थलों के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। बैठक में बताया गया कि 09 मण्डलों के विश्वविख्यात स्थलों का इतिहास लेखन किया जा चुका है। सोरों सूकर क्षेत्र, ऐरच जैसे अल्पज्ञात स्थल भी प्रदेश में मौजूद हैं। इतिहास लेखन के तथ्यों में पारदर्शिता एवं तथ्यात्मक विवरण के लिए विशेषज्ञों की समिति भी बनाई जाए, जो तथ्यों की जांच पड़ताल कर स्थानीय स्तर पर प्रचलित दंत-कथाओं पर भी स्थान दे सकें। बौद्ध स्थलों पर थाईलैण्ड, लाओस, बियतनाम आदि देशों से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन स्थलों का प्रचार-प्रसार कर लाभ उठाना चाहिए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग में जो भी कार्ययोजना बनाई जाए अथवा कार्यक्रम कराये जाए, उसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके सुझाव प्राप्त किये जाएं। उन्होंने कहा कि पुरानी परम्परा से हटकर कार्यक्रमों में नयापन लायें और उसकी गुणवत्ता बढ़ायें। उन्होंने कहा कि 01 जुलाई से मथुरा, आगरा हेलीकाप्टर सेवा हरहाल में शुरू कर दी जाए। इसके लिए 25 जून तक सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाए। साथ ही इसका किराया आदि एवं दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी पर्यटकों को जानकारी दी जाए। इस अवसर पर राही पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर विकसित एवं संचालित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गये। समझौते के अनुसार राही पर्यटक आवासगृह संकिसा, फर्रूखाबाद तथा राही पर्यटक आवासगृह बिठूर, कानपुर में स्थित आवासगृहों का सुंदरीकरण कराया जायेगा। इससे राज्य सरकार पर कोई व्यय भार नहीं आयेगा तथा सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी।

समीक्षा बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक रवि रंजन, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह के अलावा उप निदेशक दिनेश एवं कल्याण सिंह तथा भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**57 जनपदों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए आउटसोर्सिंग पर भर्ती करने के निर्देश**

पर्यटन मंत्री ने कहा कि चित्रकूट तथा मध्य प्रदेश से लगे इसके भाग में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार तथा यूपी के मध्य जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संचालित परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए। उन्होंने प्रदेश के 57 जनपदों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए आउटसोर्सिंग पर भर्ती करने के निर्देश दिये तथा उनके वेतन आदि के भुगतान के लिए धनराशि की व्यवस्था करने को कहा।

# नई शिक्षा नीति में भी रक्तदान को शामिल करना चाहिए : राज्यपाल

**बाइक से फर्राटा भरने वाले युवाओं को पकड़ कर इनका चालान करने के बजाय रक्तदान कराया जाना चाहिए**



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बाइक से फर्राटा भरने वाले युवा दूसरों की जान खतरे में डाल देते हैं। लिहाजा इन्हें पकड़ कर इनका चालान करने के बजाय रक्तदान कराया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि नई शिक्षा नीति में भी रक्तदान को शामिल करना चाहिए। रक्तदान करने वाले युवाओं को इसके अंक अलग से देने चाहिए वही चिकित्सा संस्थानों में ब्लड डोनेशन कैंप अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसके साथ ही आने वाले योग दिवस में भी ब्लड कैंप लगाए जहां पर योग के लिए 1000 से ज्यादा लोग इकट्ठा हो रहे हैं वहां लोगों से बातचीत करके अनिवार्य रूप से ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जा सकता है। इसके साथ ही जेल में भी जो लोग आ रहे हैं उन्हें भी सजा में रक्तदान को शामिल करना चाहिए। दरअसल,विश्व रक्तदाता दिवस पर केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से रक्तदान को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक पिंकी जोवेल और केजीएमयू की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद ने रक्तदान में सहयोग कराने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। साथ ही विशेषज्ञों ने रक्तदान के फायदे बताए हैं।

## खबरें एक नजर में

### पुरानी रंजिश में दबंगों ने पांच लोगों को पीटा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के अतरौली गांव निवासी मजनू ने बताया बीते गुरूवार की शाम वो गांव में स्थित अपने पुराने घर गया था वहा पर छबीले व उसके बेटे दीपक,प्रदीप,अनुज उसके चाचा के बेटे रामू व सोनी की लाठी डंडो से पिटाई कर रहे थे जब उसने बीच बचाव किया तो उसकी भी बुरी तरह पिटाई कर सिर फोड़कर लहुलूहान कर दिया। चीख पुकार सुनकर भाई व पत्नी बचाने आयी तो उन्हे भी दबंगो ने पीटकर लहुलूहान कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकले। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित के द्वारा दी गयी तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्रो के विरूद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### 23 जून को होगा उड़ान लता मंगेशकर सम्मान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उड़ान नृत्य संस्था के तत्वावधान में आगामी 23 जून को स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर एवं फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर की स्मृति में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह में तुम मुझे यूं भूला न पाओगे शीर्षक से अभिहित कार्यक्रम में अनेक विभूतियों को उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से विभूषित किया जायेगा। इस बात की जानकारी उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह ने दी। उन्होने बताया कि तुम मुझे यूं भूला न पाओगे शीर्षक से अभिहित कार्यक्रम में लखनऊ के ख्याति प्राप्त पखावज वादक पंडित राजखुशी राम, प्रसिद्ध साहित्यकार राम बहादुर मिश्र, तबला वादक मनोज मिश्रा, प्रख्यात गजल गायक युगांतर सिंदूर, शास्त्रीय- उप शास्त्रीय गायिका पूनम बाजपेयी, कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह, नाट्य निर्देशिका ज्योति सिंह, गजल गायिका प्रभा श्रीवास्तव और पर्वतीय लोक कलाकार विक्रम बिष्ट को तीसरे उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समारोह के अतिथि फिल्म अभिनेता एवं रंगकर्मी डॉ अनिल रस्तोगी होंगे।

### बदला मौसम, बादल छाए

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मौसम बदल गया है। शुक्रवार की शाम को आसमान में बादल छा गए। तेज हवायें चलीं। दिन भर गर्मी से परेशान लोगों को शाम को राहत मिली। दिन में लखनऊ का तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सात साल बाद आज जून का सबसे गर्म दिन रहा। इससे पहले 4 जून 2017 को 45.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने अनुमान जताया था कि रात में वॉर्म नाइट की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चल सकती हैं। मौसम विज्ञान के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में लू का प्रकोप बना रहेगा। 16 जून से पूर्वांचल में बादलों का डेरा पड़ेगा और 17 जून से आंधी-बारिश का सिलसिला शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले चार दिन बाद मानसून के बंगाल की खाड़ी से उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की तरफबढ़ रहा। उसके बाद यह बिहार की तरफबढ़ा तो फिर उत्तर प्रदेश में मानसून के आगमन की संभावना बनेगी। 16 जून के बाद प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट का क्रम शुरू होगा और लू का प्रकोप भी लखनऊ समेत प्रदेश में खत्म होगा।

### संकटा देवी मंदिर में मनाई गई ज्येष्ठ अष्टमी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** माता की 10वीं ज्येष्ठ अष्टमी पूजा एवं हवन आज संकटा देवी मंदिर रानी कटरा चौपटिया चौक लखनऊ में सम्पन्न हुआ। खीर भवानी क्षीर भवानी या राज्ञा देवी का मंदिर जम्मू और कश्मीर के गान्दरबल जिले के तुलमुल गाँव में स्थित एक पवित्र स्थल है। यह मंदिर श्रीनगर से 25 किलोमीटर दूर है और खीर भवानी देवी की पूजा लगभग सभी कश्मीरी हिन्दू करते हैं। वसंत ऋतु में खीर चढ़ाने की परंपरा के कारण इस मंदिर का नाम खीर भवानी पड़ा। इन्हें माँ राज्ञा देवी के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि प्राकृतिक आपदा की भविष्यवाणी के संकेत स्वरूप मंदिर के कुण्ड का पानी काला पड़ जाता है। इस साल भी जम्मू और कश्मीर सरकार ने पांच हजार कश्मीरी पंडितो की मुफ्त बस यात्रा का प्रबंध किया है द्य लखनऊ के कश्मीरी हिंदू समुदाय ज्येष्ठ अष्टमी के दिन माता का हवन एवं पूजा करते हैं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। हर बार की तरह इस बार भी लखनऊ के कश्मीरी हिन्दुओ ने बढ़-चढ़ कर पूजा व हवन में हिस्सा लिया और हम सब कश्मीरी हिन्दू माता से प्रार्थना करते हैं कि जम्मू-कश्मीर के हालात सामान्य हों, ताकि हम कश्मीरी हिन्दू वापस अपने कश्मीर लौट सकें। हमारे देश में शांति और भाईचारा बना रहे।

# जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



**विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य पाने के लिए जहां हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा : अखिलेश**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदलने का काम किया है। अयोध्या जनपद के लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद से सांसद श्री अवधेश प्रसाद की जीत से जनता ने नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है। हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। पर इस जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी है। हमें अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है।

श्री अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आये हुए पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायको तथा नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने से समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ी है और नेताओं, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आगे विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य पाने के लिए जहां हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा। हमें जनता से जुड़े रहना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। श्री यादव ने कहा कि जनता के सामने कोई नहीं टिक सकता है। चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा नेताओं को अब नींद नहीं आती है। एनडीए नकारात्मक- निगेटिव गठबंधन साबित हुआ जबकि पीडीए प्रगतिशील प्रोग्रेसिव गठबंधन रहा। समाजवादी पार्टी पीडीए-इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी। समाजवादी विचारधारा का संघर्ष बराबर जारी रहेगा। समाजवादी पार्टी की जीत की बधाई देने आये सैकड़ों लोगों ने श्री अखिलेश यादव से भेंट कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। यशभारती सम्मानित पं0 हरिप्रसाद मिश्रा ने भी श्री अखिलेश यादव को स्वास्तिवाचन के साथ रक्षा सूत्र बांधा और उनके शतायु तथा यशस्वी होने की कामना की।

# पीएम मोदी का दौरा : सीएम योगी ने तैयारियों का लिया जायजा



समृद्धि न्यूज, वाराणसी/लखनऊ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों का जायजा लेने आए मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल पर उतरा। यहां मुख्यमंत्री ने जनसभा का निरीक्षण करने के साथ मंच की व्यवस्था को भी परखा। मुख्यमंत्री ने कमिश्नर कौशल राज शर्मा ले अब तक हुई तैयारियों का जायजा लेने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। लगभग पांच घंटे तक प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मेहंदीगंज में किसानों से संवाद के पूर्व उन्हें किसान सम्मान निधि प्रदान करेंगे। इसके बाद वायुसेना के हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन मैदान में आऐंगे। यहां से सड़क मार्ग से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। रात नौ बजे के बाद प्रधानमंत्री वापस नई दिल्ली लौट जाएंगे।

# जिन जानवरों पर कानूनी रोक है उनकी कुर्बानी न किया जाए : मौ. खालिद

लखनऊ समृद्धि न्यूज ।

धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने शुक्रवार को कहा कि बकरीद पर सत्तरह, अट्ठारह, उन्नीस जून को कुर्बानी होगी। कुर्बानी के बाद जानवरों को खून नाली में ना बहायें। इससे बीमारी फैलने का डर रहता है। वहीं धर्म में भी यह करना उचित नहीं बताया गया है।

इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया की एडवाजरी जारी करते हुए मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि जिन जानवरों पर कानूनी रोक हैं, उनकी कुर्बानी बिल्कुल ना की जाए। किसी भी पब्लिक प्लेस में कुर्बानी ना हो। कुर्बानी स्लाटर हाऊस में ही किया जाये। कुर्बानी के जानवरों का अवशेष खुले में ना फेंके। अवशेष या खून को कच्ची मिट्टी में दफन कर दें, जो खाद का काम करें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी करते हुए कोई वीडियो या फोटो ना खींची जाये। न उसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाये। हम लोग जो कुर्बानी पेश करेंगे, उसे अल्लाह ताला स्वीकार करे। ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सत्तरह जून की सुबह दस बजे होगी। इसके लिए तमाम जरुरी इंतजाम कर लिये गये हैं।

# डीएम सूर्यपाल गंगवार ने अकादमी के शूटर्स को किया सम्मानित

लखनऊ समृद्धि न्यूज।



गुरुवार को लखनऊ की द शूटर्स अकैडमी लखनऊ के शूटर्स ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से शिष्टाचार भेंट की इन शूटर्स ने गत दिनों अयोध्या में आयोजित हुए प्री-स्टेट चैंपियनशिप में लखनऊ का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर किया था जिसमे बाद इन शूटर्स ने 22 मेडल्स प्राप्त किए। अयोध्या में आयोजित हुए इस प्री - स्टेट चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन करने वाले व लखनऊ का नाम राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग चैंपियनशिप के अंतर्गत विख्यात करने वाली हिमानी सिंह (रानी लक्ष्मीबाई अवार्डी) जिनकी कोचिंग से आज ये सभी निशानेबाज लखनऊ का नाम रोशन कर रहे हैं। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अपने कार्यालय में भेंट की जिसके बाद जिलाधिकारी ने बच्चों को आश्वस्त किया कि वह उनके साथ पूरी तरह से खड़े हैं इसी के साथ डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना के आने वाले शूटिंग कम्पटीशन की शुभकामनाएँ दी।

**मेडल पाने वाले विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं**

शौर्यवर्धन वर्मा - 3 गोल्ड, 1 सिल्वर, स्वर्णा चंद्रा - 3 गोल्ड , 1 सिल्वर, हंशिका सिंह- 2 गोल्ड , सिल्वर, शताक्षी सिंह- 2 गोल्ड , 1 सिल्वर, तन्वी सिंह- 1 सिल्वर, मधु त्रिपाठी- 1 गोल्ड, देवराज त्रिपाठी - 1 सिल्वर, अदम्य शाही- 1 ब्रांज, अभय यादव- 1 सिल्वर, नीरज कुमार- 1 सिल्वर एवं रितिशा सिंह, वसुंधरा सिंह, आरव श्रीवास्तव, मिलन यादव, अपूर्वा सिंह, आदित्य विक्रम सिंह, आदित्य प्रताप सिंह सहित सभी ने अगली प्रतियोगिता के लिए क्वालीफ़ाई किया।

### दो आईपीएस अफसरों का तबादला

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 की तैयारियां शुरू करते हुए प्रयागराज में अफ्सरों की तैनाती शुरू कर दी है। आज शुक्रवार को दो आईपीएस अफ्सरों का स्थानान्तरण करते हुए उन्हें प्रयागराज में अलग-अलग पदों पर तैनात किया गया। इनमें राहुल राज डीआईजी रेलवे प्रयागराज और राजीव नारायण मिश्र डीआईजी पीएसी प्रयागराज बनाए गए हैं। दोनों वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हैं और डीआईजी पीएसी सेक्टर के पद पर तैनात थे।

# क्षेत्र बदहाल है, कहीं भी सफाईकर्मी नहीं दिखे : ओपी श्रीवास्तव

**वार्डों में गंदगी देखकर बिफरे विधायक, नगर निगम के अधिकारियों को लगाई फटकार**

लखनऊ समृद्धि न्यूज।



लखनऊ पूर्व विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार से विधानसभा के वार्डों में घूमकर लोगों का हालचाल जाना और नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि क्षेत्र बदहाल है, कहीं भी आपके सफाईकर्मी नहीं दिखे। पंद्रह दिनों में स्थिति में परिवर्तन होना चाहिए।

मैथलीशरण वार्ड में अग्रवाल प्लाजा पर गंदगी से पटे नाले पर को देखकर विधायक ने बरसात से पहले उसे साफ कराने के निर्देश दिए। इस्माइलगंज वार्ड के पटेल नगर में विधायक पहुंचे तो यहां लोकनाथ गेस्ट हॉउस के सामने लोगों ने उनको नाले में गंदगी और हर साल होने वाले जलभराव की समस्या बताई। जिस पर उन्होंने जोनल अधिकारी को तत्काल सफाई कार्य शुरू कराने के आदेश दिए।

गंदगी से पटे सेतुआ तालाब को देख नाराज विधायक ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। पटेल नगर में बरसात से पहले नालों की सफाई, सतुआ तालाब की सम्पूर्ण स्वछता, सुंदरीकरण एवं इसमें आवागमन को जनसुलभ बनाकर आम लोगों के लिए जनोपयोगी बनाने के भी निर्देश दिए।

### पीजीआई अस्पताल परिसर के जंगलों में लगी आग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई परिसर के जंगलों में शुक्रवार की शाम को आग लग गई । दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। कारणों का पता नहीं लगाया जा सका। झाड़ियों से लोगों को धुआं निकलता दिखा। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। आलमबाग और चौक से दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं। आग को बुझाने का काम किया। हालांकि आग की वजह से किसी को नुकसान नहीं हुआ है।

**प्रयास** | **मृतप्राय हो चुकी नदियों को पुनर्जीवन देने में जोरशोर से जुटी है योगी सरकार**

# उप्र सरकार ने छोटी गंडक नदी को किया पुनर्जीवित

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रही नदियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पुनर्जीवित करने में जुटी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का प्रयास छोटी गंडक नदी को लेकर फलीभूत होता दिख रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वारा गोर्रा नदी के ढाल को कम करके ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी में निरंतर प्रवाह बनाकर गोरखपुर जिले के 27 और देवरिया जिले के 6 गावों सहित कुल 33 गांव की लगभग 60 हजार की आबादी तथा पशु, पक्षियों को लाभान्वित किया गया है।

योगी सरकार प्रदेश में मृतप्राय हो चुकी नदियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेज गति से कदम बढ़ा रही है। इस क्रम में गाजियाबाद की हिंडन, मुरादाबाद की रामगंगा और वाराणसी की असि नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। लखनऊ में कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने हाल ही में कड़ा कदम उठाते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कराने का कार्य किया है।

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सिंचाई विभाग ने छोटी गंडक नदी को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास किए, जिसके क्रम में नदी के सेक्शन की पुनर्स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया गया है। नदी को मूल स्वरूप में लाने की प्रक्रिया के दौरान ही भूजल स्तर नदी में आने लगा और सिंचाई विभाग द्वारा की गई पहल कारगर एवं सफल साबित हुई है। मंत्री सिंह के मुताबिक छोटी गंडक एक घुमावदार भूजल आधारित नदी है जो नेपाल के परसौनी जनपद-नवलपरासी से उद्गमित होकर भारत में लक्ष्मीपुर खुर्द ग्राम सभा (महराजगंज, उप्र) में प्रवेश करती है। यह नदी महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया जिलों में 250 किमी की लंबाई में बहती हुई अनन्तः बिहार के सीवान जिले के गोठानी के पास घाघरा नदी में मिल जाती है। छोटी गंडक के देश में प्रवेश करने के उपरान्त प्रारम्भ के लगभग 10 किमी लंबाई में अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका था, जिसके कारण नदी सेक्सन में पूणर्तः सिल्टेड एवं संकुचित होकर कृषि कार्य किया जाने लगा। इस नदी को पुनजीवित करने के लिए कार्य तेजी से किया गया है। छोटी गंडक को पुनर्जीवित करने के साथ ही भूगर्भ जल को भी बढ़ाने में मदद मिली है।

**गोर्रा नदी के बाढ़ से 35 हजार की आबादी को मिलेगी निजात**

गोर्रा नदी से बाढ़ के समय होने वाली क्षति को कम करके गोरखपुर के 27 एवं देवरिया के 6 ग्रामों सहित कुल 33 गांवों को सुरक्षित करने का भी सराहनीय कार्य किया गया है। गोर्रा नदी का उद्गम स्थल गोरखपुर में प्रवाहित राप्ती नदी से ग्राम-रूदाइन मझगंवा एवं ग्राम सेमरौना, तहसील-चौरी चौरा है। उद्गम स्थल से गोर्रा नदी का ढाल राप्ती नदी के ढाल से अधिक होने के कारण बाढ़ एवं ग्रीष्म ऋतु में पानी का बहाव समानुपातिक नहीं होने से बाढ़ अवधि में गोर्रा नदी से भारी तबाही की सम्भावना बनी रहती थी, वहीं दूसरी ओर ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी के सूख जाने के कारण आबादी एवं पशु पक्षियों एवं जीव-जन्तुओं को कृषि कार्य एवं पीने का पानी नहीं मिलने से जनजीवन प्रभावित होता था।

# खुले मैनहोल्स के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर राज्य सरकार गंभीर, एसओपी जारी की

लखनऊ समृद्धि न्यूज।



**मैनहोल्स अथवा डक्ट खुला पाए जाने पर अधिकतम 24 घंटे के अंदर इसे ढके जाने के निर्देश**

खुले मैनहोल्स तथा डक्ट के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार बेहद गंभीर है। सरकार की ओर से निकायों में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एस एसओपी जारी करते हुए सभी निकायों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी जिलाधिकारियों को निकाय स्तर पर तकनीकी समिति बनाकर खुल मैनहोल्स व डक्ट को तत्काल ढकने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से यह एसओपी सभी जिलाधिकारियों को शीर्ष प्राथमिकता के तहत जारी कर दी गई है तथा आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि बीती 23 अप्रैल को लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 10 में खुले मैनहोल्स में गिरने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए सरकार ने चिंता जताई है और गंभीरता से इसके उपाय करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल ने बताया कि जारी एसओपी के अनुसार, मैनहोल्स एवं डक्ट के खुले होने संबंधी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए नगर निगम स्तर पर नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक जोन में जोनल अधिकारी की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में सहायक अभियंता/अवर अभियंता जलकल सदस्य-सचिव होंगे, जबकि जोनल सेक्रेट्री ऑफिसर सदस्य होंगे। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा तकनीकी समिति गठित की जाएगी।

# मेंड़ के विवाद में चाचा-भतीजे में मारपीट, घायल महिला की मौत

▸ परिजनों ने लगाया पुलिस पर विपक्षी से मिलीभगत होने का आरोप

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

कोतवाली कर्नलगंज पुलिस का एक और गंभीर कारनामा सामने आया है। यहां के एक गांव मे मारपीट की गम्भीर घटना में मुकदमा दर्ज ना करके पुलिस ने मामूली धारा में आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर खाना पूर्ति कर ली गई थी घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान पांच दिनों के बाद मौत हो गई। मामले में परिजनों ने पुलिस पर विपक्षी से मिलीभगत होने का गंभीर आरोप लगाया है महिला की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अल्लीपुर गोकुला गाँव का है जहां बीते 9 जून को खेत की मेड़ को लेकर चाचा भतीजे में हो रही मारपीट में बीच बचाव कराने पहुंची महिला को उसके देवर ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शुक्रवार को पांचवें दिन इलाज के दौरान महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर महज खानापूर्ति कर ली थी।

घटना कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर गोकुला से जुड़ी है यहाँ बीते 9 जून को खेत के मेड़ के



विवाद को लेकर चाचा भतीजे में हुई जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान बीच बचाव कराने पहुंची महिला को भी उसके देवर ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल महिला की इलाज के दौरान पांचवें दिन शुक्रवार को मौत हो गई। बीते 9 जून को चाचा भतीजे में जमकर मारपीट हुई थी,इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मृतका के बेटे रवीन्द्र कुमार ने बताया कि हमारे चाचा मेरे खेत में दो हाथ बढ़कर मेड़ बांध रहे थे। जब मौके पर पहुंचकर उसने इसका विरोध किया तो मारने पर उतारू हो गए। हम वहां से चले आए। खेत से घर पहुंचने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी जैसे ही वह घर पहुंचा तभी घर के सामने बैठे सुनील कुमार, संजय व जंगबहादुर उसके घर पर पहुंच कर घर में घुसकर उसे मारने लगे। जब घर के लोगों ने विरोध किया तो विपक्षी गणों ने लाठी डंडे से उनकी भी पिटाई कर दी। मेरी मां गंगोत्री देवी बचाने दौड़ी तो उनका पैर तोड़कर भाला मार दिया। मेरे हाथ में चोट लगी थी। हमें तथा मेरी मां को लेकर लोग कर्नलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए हम दोनों को रेफर कर दिया। यहां पर मां का इलाज चल रहा था। जहां शुक्रवार को पांचवे दिन उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में जंग बहादुर पुत्र प्रताप नारायण, संजय और सुनील पुत्रगण जंग बहादुर के विरूद्ध मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बताया जाता है कि इस मारपीट में रविंद्र कुमार, पिता छैल बिहारी मिश्र को भी चोट आई थी। मारपीट की घटना को अंजाम देते समय आरोपियों द्वारा पीड़ित रवीन्द्र कुमार व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इस जमकर हो रहे मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है,पूंछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की धाराओं में बढ़ोतरी की जाएगी।



## गोण्डा लखनऊ रोड पर सांड़ों की लड़ाई में युवक की गई जान

**बालपुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** आपको बताते चलें कि बालपुर बाजार निवासी अनिल कुमार गुप्ता उम्र 46वर्ष पुत्र धन लाल गुप्ता सायं को गोण्डा से अपने हार्डवेयर की दुकान के लिए सामान खरीदने गये थे की वृहस्पतिवार की सायं सात बजे के आसपास लालपुर चंद्र भान गांव के पास गोण्डा से वापस आते समय हाइवे पर लड़ रहे सांडो के चपेट में आ गए की सिर में गम्भीर चोट आ गई, गांव के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत जिला चिकित्सालय लेकर गये, जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया , पुलिस ने पंचनामा भरकर लाश को अन्तयविच्छेदन गृह भेज दिया।

## ट्रांसफार्मर जला, लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

**कटरा बाजार/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

चार दिन पहले जले ट्रांसफार्मर को बदले ना जाने से सैकड़ों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। विद्युत विभाग से शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर न बदले जाने की वजह से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। बता दें कि भीषण गर्मी पड़ रही है,ऐसे में बिजली न मिलने से आम आदमी की मुसीबत और बढ़ जाती है। सरकार की ओर से बिजली समस्या के निस्तारण को लेकर व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई है। लेकिन यह सारी व्यवस्था हवा हवाई साबित हो रही है।

विद्युत आपूर्ति न होने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक विद्युत वितरण उपखंड कटरा बाजार के अन्तर्गत ग्रामसभा पूरे बदल मिश्रनपुरवा में



लगा ट्रांसफार्मर जल गया है। गांव में बिना कनेक्शन के बिजली भी चलाते हैं। आए दिन बिना कनेक्शन के लोगों की वजह से ओवरलोड से ट्रांसफार्मर जल जाता है। गांव के लोग परेशान होते हैं। चार दिनों से बिजली न आने से भीषण गर्मी से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। गांव के सुधांशु मिश्र ने ऑनलाइन शिकायत 1912 पर की है लेकिन समाचार मिलने तक कुछ समस्या का निराकरण नहीं हुआ था जिससे गांव के लोगों में गर्मी से परेशानी बनी हुई है। ग्रामीणों में चंद्रभान मिश्र, आशाराम, कामेश्वरी प्रसाद मिश्र, पंकज मिश्र,प्रदीप कुमार ने शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाने व विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

## डीएम सहित विभागीय अधिकारियों से अवैध खनन रोके जाने की गुहार

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

▸ आरोप है कि खनन की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन नहीं हुई कोई कार्रवाई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सकरौरा ग्रामीण वैरागी पुरवा निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी गोंडा सहित खनन विभाग को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके गांव के ही कुछ लोग खनन करने वालों से मिलकर जेसीबी लगाकर अवैध खनन में लिप्त है।

मामला कोतवाली कर्नलगंज से जुड़ा है। यहां के सकरौरा ग्रामीण के वैरागी पुरवा निवासी रोहित शुक्ला पुत्र त्रिवेणी शुक्ला ने जिलाधिकारी व खनन विभाग को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के निवासी कृष्ण कुमार व अवधेश कुमार मिलकर खनन करने वालों से अवैध तरीके से खनन कराने में लिप्त है। बीते मंगलवार की रात उक्त लोग जेसीबी मशीन लगाकर खनन कर रहे थे। आरोप है कि खनन की सूचना डायल 112 सहित स्थानीय पुलिस को दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यही नहीं जब उक्त खनन की सूचना डीएम के सीयूजी नंबर पर दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली को हटवा दिया गया। अब विपक्षी बराबर धमकी दे रहे है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह से जानकारी करने हेतु सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया।

## किसान के पुत्र ने सहायक सांख्यकीय अधिकारी की परीक्षा में प्राप्त की सफलता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रिसिया निवासी एक किसान के पुत्र ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की सहायक सांख्यकीय अधिकारी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया।

रिसिया के मुरावनपुरवा मलुहा भकुराह के एक गरीब किसान का पुत्र रितेश कुमार मौर्य पिता जगत राम मौर्य ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की सहायक सांख्यकीय अधिकारी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। रितेश कुमार मौर्य रिसिया के प्रतिष्ठित स्कूल श्री सरस्वती इंटर कॉलेज से हाईस्कूल तथा



इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण किया था तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षाएं कॉमर्स विषय से उत्तीर्ण किया। गत दिनों जारी सहायक सांख्यकीय अधिकारी की परीक्षा परिणाम में सफलता अर्जित करने से उनके घर परिवार गांव और शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। रितेश ने अपनी सफलता

▸ रितेश ने अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया अपनी सफलता श्रेय

▸ रितेश की सफलता छात्र-छात्राओं को करेगी प्रेरित

का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों विशेषकर बी एन सिंह, प्रेम कुमार, जय नारायण अवस्थी और रामनगर पी जी कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार वर्मा को दिया है।

यह सफलता उनके लगातार प्रयास करते रहने का परिणाम है जो इस क्षेत्र के अन्य छात्र छात्राओं को बहुत अभिप्रेरित करेगी।

# शासन ने नहीं भेजा बहराइच नगर पालिका को 15वें वित्त का बजट



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

▸ टैक्स की कमी बता नहीं भेजा बजट, जिले के अन्य नगर पंचायत और पालिका परिषद को भेजा बजट

शासन की ओर से जिले के बहराइच नगर पालिका परिषद को छोड़कर अन्य नगर पंचायत और पालिका परिषद को 15वें वित्त का बजट भेज दिया है। ऐसे में बहराइच नगर पालिका का विकास अवरूद्ध होने की संभावना है। हालांकि ईओ की ओर से पत्राचार किया गया है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हटते ही विकास कार्य के लिए शासन की ओर से सभी विभागों को बजट आवंटित किया जा रहा है।

जिले के पयागपुर, रूपईडीहा, मिहीपुरवा, रिसिया, कैसरगंज नगर पंचायत और नानपारा नगर पालिका परिषद को 15वें वित्त का बजट भेज दिया गया है। जबकि बहराइच नगर पालिका परिषद को इस वित्त का बजट नहीं भेजा गया है। ऐसे में बजट न आने से बहराइच नगर पालिका में विकास कार्य बाधित हो सकते हैं। ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि कुछ दिक्कतों के चलते बजट नहीं आया है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से बहराइच नगर पालिका का टैक्स काम बताते हुए 15वे वित्त का बजट नहीं भेजा गया है। उन्होंने बताया कि स्टांप ड्यूटी का 2 करोड रुपए बहराइच नगर पालिका की ओर से एकत्रित किया गया था उसे जोड़कर शासन के लक्ष्य के हिसाब से बजट पूरा हो गया है। ऐसे में संभावना है कि जल्द ही 15 वे वित्त का बजट आ जाएगा। उन्होंने बताया कि जैसे ही इस मद का बजट सरकार की ओर से जारी किया जायेगा। विकास कार्य नगर पालिका क्षेत्र में और गति पकड़ेगा। मालूम हो कि इस बजट से सड़क, नाला, पानी समेत अन्य कार्य कराने होते हैं।

### तीन से चार दिन में बजट आने की उम्मीद

बहराइच नगर पालिका को 15वें वित्त का बजट नहीं भेजा गया है टैक्स और सैलरी इसका मुख्य कारण दिखाया गया है। जबकि बहराइच नगर पालिका की ओर से दो करोड़ की स्टांप ड्यूटी की वसूली की गई है। इसका पत्र शासन के सचिव को भेजा गया है। तीन से चार दिन में बजट आने की संभावना है।

### जाने क्यों गठित हुआ यह सेल

**नहर के पास मिली अज्ञात महिला का शव**

पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज। पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवासिंहपुरवा के पास बनी नहर पर एक अज्ञात महिला की लाश बरामद हुई है।लाश मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर थाना पयागपुर की पुलिस ने पहुंच कर लाश कब्जे में लेकर पहचान करवाई लेकिन लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई,जिले से फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया जिसने मौके पर पहुंचकर गहनता से की जांच पड़ताल।इस मामले में थाना पयागपुर पुलिस से जानकारी लेने पर बताया गया की अज्ञात लाश बरामद हुई है जिसके संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### हाईटेंशन लाइन से पेड़ में लगी आग, विद्युत आपूर्ति ठप

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले के धानेपुर क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र राजापुर परसौरा से होते हुए मेहनौन पावर हाउस को जाने वाली 33 केवी विद्युत लाईन से गुरुवार की शाम को नगर पंचायत धानेपुर के इंद्रानगर बाजार में अचानक गुलमोहर के पेड़ में आग लग गई। टहनियां धू-धूकर जलने लगी। जिससे तिराहे पर अफरातफरी मच गई। जबकि इसी पेड़ के नीचे एक फल की दुकान भी लगती है। गनीमत रही कि लोग समय से सचेत हो गए और इधर-उधर भाग खड़े हुए। विद्युत विभाग को सूचना दी गई। जिस पर लाइन को बंद कराया गया। जिसके बाद आग बुझ गई। इस संबंध में अवर अभियंता अनुराग मौर्य ने बताया कि आग लगते ही लाइन बंद करा दी गई थी। टहनियों को कटवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गई है।

## बेलहा-बेहरौली तटबन्ध का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में संभावित बाढ़ से पूर्व बेलहा-बेहरौली तटबन्ध की सुरक्षा तथा संचालित हो रहे कटान रोधी कार्यों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महसी क्षेत्र के बौण्डी, गोलागंज, कायमपुर, पिपरा-पिपरी, किसानगंज चौराहा, मुरव्वा, मुंसरी, भगवानपुर चौराहा इत्यादि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने बौण्डी के पास बेलहा-बहरौली तटबंध के स्पर नम्बर 01 पर व कोढ़वा में कराये जा रहे कटान रोधी कार्य का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सरयू ड्रेनेज खण्ड के सहायक अभियन्ता बी.बी. पाल ने बताया कि घाघरा नदी के बायें तट पर स्थित बेलहा-बेहरौली तटबन्ध की कुल लम्बाई 95.00 कि.मी. है। तटबन्ध के कि.मी. 55.700 पर निर्मित स्पर नम्बर 01 की सुरक्षा हेतु रू. 375.05 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य चल रहा है। जिसमें 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। इस कार्य से जहां 6700 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6690 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी। सहायक अभियन्ता श्री पाल ने बताया कि तटबन्ध के ग्राम समूह कोढ़वा, करैहना एवं पिपरी की कटान से सुरक्षा हेतु रू. 447.80 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य कराया गया है। यह कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना से जहां 7600 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6375 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी। डीएम ने मौके पर मौजूद अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार को निर्देश दिया कि कटान रोधी कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की सैम्पुलिंग करा ली जाय। सरयू ड्रेनेज़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तटबन्धों व स्परों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेनकट व रैट होल का सघनता के साथ निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार मरम्मत करा दें। निरीक्षण के दौरान नदी में हो रहे ड्रेज़िंग कार्य के बारे में सहायक अभियन्ता ने डीएम को बताया कि यह कार्य टेक्निकल डिवीज़न वाराणसी द्वारा कराया जा रहा है। डीएम ने तहसील प्रशासन व ड्रेनेज़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आनगोईंग कार्यों को बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा लिया जाय तथा तटबन्धों तथा स्परों की सुरक्षा के लिए निगरानी रखी जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता लो.नि.वि. अंकित वर्मा व एस.के. वर्मा, नायब तहसीलदार राजदीप यादव, थानाध्यक्ष बौण्डी ज्ञान सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मानक विहीन बने रैंप की बीडीओ ने की जांच, रुकवाया पेंमेट



मानक विहीनता से बना बाढ़ के पानी को निकालने के लिए रैंप

▸ कुछ दिन पूर्व बनाया गया था रैंप अभी से लगा उजड़ने

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शिवपुर विकास खण्ड के रायगंज बाढ़ के पानी को निकालने के लिय रैंप बनाया गया था। जो मात्र महज दस दिन हुए की उजड़ने लगा। दरअसल बता दे की प्रदेश की सरकार गांव में विकास की गति देने ... का पानी भर जाता हैं पानी को निकालने के लिए अभी लगभग 10 दिन पूर्व ही रैंप बनाया गया था। जो पूरी तरह से मानक विहीनता से उसमें ...

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

▸ जिले के विकास खंड शिवपुर के रायगंज में बाढ़ से ग्रसित हैं गांव इस गांव में बाढ़ का खतरा अधिक रहता हैं पास में बहती हैं सरयू नदी

शिवपुर विकास खण्ड के रायगंज बाढ़ के पानी को निकालने के लिय रैंप बनाया गया था जो मात्र महज दस दिन हुए और उजड़ने लगा था। जिसको लेकर दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसका संज्ञान लेकर खंड विकास अधिकारी ने जांच के बाद पेमेंट रोकवा दिया। जिले के विकास खंड शिवपुर के रायगंज में बाढ़ से ग्रसित गांव हैं। इस गांव में बाढ़ का खतरा अधिक रहता हैं पास ही सरयू नदी बहती हैं। गांव में बाढ़ का पानी भर जाता हैं पानी को निकालने के अभी लगभग 10 दिन पूर्व ही रैंप बनाया गया था। जो पूरी तरह से मानक विहीनता से उसमें कार्य कराया गया। जो अभी से उजड़ने लगा ग्रामीणों से जानकारी लेने पर बताया गया कि मानक के विपरीत घटिया मटेरियल से इसका निर्माण हुआ इसी कारण ये उजड़ने लगा हैं।

वहीं इसकी जानकारी खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर को दी गई ।जिसको लेकर दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने शुक्रवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया। जानकारी के बाद शुक्रवार को मौके पर जांच के लिए खंड विकास अधिकारी पहुंचे और मानक विहीनता से रैंप का निर्माण करवाया गया था जिस पर नाराजगी जतायी और सभी रैम्पो का पेमेंट रोकवा दिया हैं।

## इनामी अपराधी को एसओजी और पुलिस ने दबोचा

▸ आरोपी के विरूद्ध दर्ज है गैंगस्टर समेत नौ धाराओं में केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कैसरगंज कोतवाली और एसओजी की टीम ने चार माह से फरार चल रहे 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके विरुद्ध साक्ष्य छिपाने समेत कई धाराओं में केस दर्ज है।कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय बालिका की फरवरी माह में दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी राजेश कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। राजेश कुमार वर्मा को बीते दिनों कोर्ट की ओर से मृत्यदंड की सजा दी गई



थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि बालिका से दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी का भाई कल्लू ने साक्ष्य छिपाने और अपराध करने में सहयोग किया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था जिस पर डीआईजी ने 50000 का इनाम घोषित की थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को एसओजी और कैसरगंज पुलिस को क्षेत्र के मोड़ पर कल्लू के होने की जानकारी मिली। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध गैंगस्टर समेत नौ धाराओं में केस दर्ज है। एसपी ने बताया कि आरोपी लखनऊ, बाराबंकी में पुलिस से बचने के लिए शरण ले चुका है। इस दौरान प्रशिक्षु सीओ, कोतवाल राजनाथ सिंह, एसओजी प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे।

## आदर्श समाज सेवा समिति ने मनाया अपना 22वां स्थापना दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

आदर्श समाज सेवा समिति उत्तर प्रदेश के 22वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित वृक्षारोपण एवं निश्शुल्क पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन क़स्बा बाबागंज स्थित सहकारी समिति परिसर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि रूपईडीहा एसएचओ शमशेर बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अब्दुल्लागंज का समिति पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में भी निस्स्वार्थ भाव से समाज सेवा के भाव से धरातल पर कार्य किया जाना अनुकरणीय है।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थिति सभी लोगों से भविष्य में वृक्षारोपण करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एसएचओ सिंह ने कहा कि समाज सेवा आत्मिक शांति प्रदान करती है। उन्होंने समिति पदाधिकारियों व सदस्यों को इसके लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने हेतु समिति के प्रयासों की सराहना भी किया।

पहल

### पुलिस की फाइनल रिपोर्ट पर सीडब्लूसी ने उठाया सवाल

# पाक्सो के मामले में पीड़िता के बयान की अनदेखी कर पुलिस ने लगायी फाइनल रिपोर्ट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

▸ सीडब्लूसी की पीठ ने डीजीपी को कार्यवाही को लेकर भेजी संस्तुति

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी भाई ने अपनी सौतेली बहन के साथ कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। सीडब्लूसी न्यायपीठ के हस्तक्षेप के बाद मामले में थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन कार्रवाई करने के बजाए विवेचक द्वारा मुकदमें में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया। पीड़िता के मामले में लगाई गई फाइनल रिपोर्ट पर सीडब्लूसी की पीठ ने सवाल उठाते हुए विवेचना अधिकारी व पर्यवेक्षक के खिलाफ डीजीपी को कार्रवाई के लिए अपनी संस्तुति भेजी है।कोतवाली नानपारा क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी नाबालिग बालिका ने अपने सौतेले भाई पर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

मामले में थाने की पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने सीडब्लूसी की पीठ पर बीते एक अप्रैल को प्रर्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। सीडब्लूसी न्यायपीठ के हस्तक्षेप के बाद थाने की पुलिस




ने घटना में पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पीड़िता के बयान आदि के बाद बालिका के साथ दुष्कर्म होने की पुष्टि भी हुई थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अब नानपारा कोतवाली विवेचनाधिकारी ने घटना में पीड़िता के बयान को दरकिनार कर फाइनल रिपोर्ट लगा दी। पीड़ित बालिका ने बृहस्पतिवार को इसकी शिकायत सीडब्लूसी न्यायपीठ से की। मामले में सीडब्लूसी के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव, सदस्यगण श्रवण कुमार शुक्ला, दीपमाला प्रधान, नवनीत मिश्रा व अर्चना पांडेय ने सुनवाई करते हुए मुकदमें में विवेचनाधिकारी के कृत्य को काफी गंभीर व गैर जिम्मेदाराना करार दिया। न्यायपीठ ने मामले में कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक व घटना के विवेचनाधिकारी को 14 जून को न्यायपीठ पर तलब किया है। न्यायपीठ के अध्यक्ष ने मामले में पाक्सो के अभियुक्तों को लाभ पंहुचाने को लेकर संबंधित विवेचक व पर्यवेक्षण अधिकारी/सीओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी संस्तुति डीजीपी को भेजी है।

भेजी गई संस्तुति में अध्यक्ष ने कहा है कि सुप्रीमकोर्ट द्वारा दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के साक्ष्य को शीर्ष स्थान पर रखा गया है, लेकिन इसके विपरीत विवेचक व पर्यवेक्षण अधिकारी ने पीड़िता के बयान को दरकिनार कर फाइनल रिपोर्ट कोर्ट पर सौंप दी है। यह नियम विरूद्ध है। इनके खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की संस्तुति की जाती है।

## फिर आतंकी हमले

पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान की चर्चा हो रही थी। अब लगातार हो रहे आतंकी हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले हुए हैं। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। इन घटनाओं में छह जवानों समेत पचास के करीब लोग घायल हुए हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू किया जा रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में दखल दे सकते हैं। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं।

# भाजपा के छल- फरेब और फर्जी हिंदुत्व की कलई खुली !




**देशभक्ति, सशक्त और संपन्न भारत के साथ ही हिंदू राष्ट्र जैसे मोदी जी के सारे नारे उनके दूसरे कार्यकाल के शुरुआत में ही धूल धूसरित हो गए। क्योंकि देश की जनता से पुलवामा की आतंकी घटना और अटल की अस्थियों पर वोट लेने के बाद उन्होंने देश के उस बड़े वर्ग को निराश किया जिसके बलबूते भाजपा खड़ी हुई थी यही नहीं पांच साल गुजर जाने के बाद भी मोदी सरकार देश को यह नहीं बता पाई कि पुलवामा की आतंकी घटना आखिर हुई कैसे ? आतंकी घटना के लिए जिम्मेदार कौन था ? उस जिम्मेदार के खिलाफ सरकार ने क्या कदम उठाए ? सीआरपीएफ के चालीस जवानों के परिजनों को सरकार ने कैसे संतुष्ट किया ? सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल की मानें तो आतंकी घटना के पीछे सरकार की ही साजिश थी। मुझे यह लिखने में कतई संकोच नहीं है कि अंडभक्तो को छोड़कर देश का पूरा बौद्धिक वर्ग जानता ही है कि भाजपा को सत्ता में लाने के लिए किस तरह नब्बे के दशक में भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने क्या किया था ?**

**दिनेश दुबे**

लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव जीतने के यूं तो सभी दल जनता को सहूलियत देने के वादे करते ही हैं ! सभी दल अपने विपक्षी दल की नीतियों को जन विरोधी करार देते हुए खुद को जनता का हितैषी बताते हैं। देश की सुरक्षा और आंतरिक कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के साथ ही किसानों मजदूरों और बेरोजगारों की समस्याएं सुलझाने की बात करते है । यही नहीं सभी के सभी दल देश का विकास करने और सरकारी सेवारत कर्मचारियों की सुविधाओं का ध्यान रखने की बात करते हैं । देश में भ्रष्टाचार न हो और प्रत्येक देशवासी कानून का पालन करते हुए अपने अपने ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में जीवन यापन करे, देश के सभी राजनीतिक दल यही चाहते हैं । किंतु विश्व के सबसे बड़े हमारे देश भारत में सिर्फ और सिर्फ सत्ता सुख के लिए बनी भाजपा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था का ऐसा मजाक बनाया है कि अब इसका ईश्वर ही मालिक है ! हालांकि धर्म के नाम पर अधर्म के रिकॉर्ड बनाने वाली भाजपा की इस लोकसभा चुनाव में न सिर्फ कलई खुल चुकी है, बल्कि चुनाव बीतने के बाद देश की उस बहुसंख्य जनता की भी आंखे खुलनी लगी हैं जो पिछले एक दशक से धर्म के नाम पर भाजपा के अंधभक्त बने हुए थे। दिनेश दुबे अठारहवीं लोकसभा के लिए सात चरणों में हुए चुनाव के परिणाम 4 जून को चौकाने वाले आए सत्ता के लिए भाजपा द्वारा किए गए सारे छल-फरेब धरे के धरे रह गए । भाजपा के फर्जी हिंदुत्व की तो ऐसी कलई खुली कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को बाजारू बनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देखते ही देखते जय श्रीराम की जगह जय जगन्नाथ का नया नारा भी गढ़ लिया है । यही नहीं चुनाव के दौरान देश भर में हिंदू- मुस्लिम का ज़हर उगलने के बाद मोदी ने कुर्सी के लिए उन्हीं चंद्रबाबू नायडू से उनकी शर्तें मानकर हांथ मिलाया है, जिन्होंने अपने चुनावी घोषणा पत्र में आंध्र प्रदेश के मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण सहित कई अन्य सुविधाएं देने का वादा कर रखा है। सत्ता पाने के लिए कोई नेता कितने झूठ बोल सकता है, कितने छ्ल- फरेब कर सकता है, कितना आडंबर कर सकता है और सत्ता के लिए धर्म- शास्त्र की अवहेलना करते हुए कितना नीचे गिर सकता है ? यह बात अब किसी को बताने की आवश्यकता नहीं रही ! क्योंकि यह सब देश की जनता के सामने है और सभी ने खुली आंखों से देख भी लिया है। देखा जाए तो धर्म और भ्रष्टाचार के नाम पर बहुसंख्य वर्ग का खुला समर्थन पाकर 10 साल पहले पूर्ण बहुमत से सत्ता में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश वासियों को आशा थी कि वो कांग्रेस के कुकर्मियों और भ्रष्टाचारियों को सबक देकर देश को मजबूत करेंगे। लोगों को विश्वास था कि मोदी जी अपने वादे के मुताबिक विदेशी बैंकों में जमा भारत के भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की काली कमाई को भारत में वापस लाएंगे यही नहीं वो अपने योजस्वी नारे खाऊंगा, न खाने दूंगा के हिसाब से देश में अब कोई भ्रष्टाचार नहीं होने देंगेलेकिन हुआ क्या ? यह भी सबके सामने है मोदी जी के वादे ही नहीं बल्कि नारे भी पूरी तरह से जुमला साबित हुए उनका पहला कार्यकाल सुपर फास्ट ट्रेन की तरह गुजर गया और देशवासी देखते ही रह गए !

देशभक्ति, सशक्त और संपन्न भारत के साथ ही हिंदू राष्ट्र जैसे मोदी जी के सारे नारे उनके दूसरे कार्यकाल के शुरुआत में ही धूल धूसरित हो गए। क्योंकि देश की जनता से पुलवामा की आतंकी घटना और अटल की अस्थियों पर वोट लेने के बाद उन्होंने देश के उस बड़े वर्ग को निराश किया जिसके बलबूते भाजपा खड़ी हुई थी यही नहीं पांच साल गुजर जाने के बाद भी मोदी सरकार देश को यह नहीं बता पाई कि पुलवामा की आतंकी घटना आखिर हुई कैसे ? आतंकी घटना के लिए जिम्मेदार कौन था ? उस जिम्मेदार के खिलाफ सरकार ने क्या कदम उठाए ? सीआरपीएफ के चालीस जवानों के परिजनों को सरकार ने कैसे संतुष्ट किया ? सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल की मानें तो आतंकी घटना के पीछे सरकार की ही साजिश थी। मुझे यह लिखने में कतई संकोच नहीं है कि अंडभक्तो को छोड़कर देश का पूरा बौद्धिक वर्ग जानता ही है कि भाजपा को सत्ता में लाने के लिए किस तरह नब्बे के दशक में भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने क्या किया था ? कौन नहीं जानता कि कांग्रेस से विद्रोह करके भाजपा के सहयोग से बनाई गई सरकार के प्रधानमंत्री वीपी सिंह द्वारा एक दशक से ठंडे बस्ते में पड़ी मंडल आयोग की सिफारिश के आधार पर नौकरी के साथ ही शिक्षा में भी आरक्षण लागू किया था। जो पूर्व से तय आरक्षण की सीमा से दोगुना हो गया । जिसका विरोध करते हुए भाजपा की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया छात्रों के आंदोलन ने जब उग्र रूप लिया और देशभर में दो सौ से अधिक सवर्ण छात्रों ने आत्मदाह किया तब युवाओं को धर्म के नाम पर मोड़ते हुए भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने राम नाम का सहारा लेकर मंदिर निर्माण हेतु आंदोलन शुरू किया और रथयात्रा निकाल दी। जिसे बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बिगड़ती कानून व्यवस्था के आधार पर अपने राज्य में रोक दिया था देखा जाए तो राम नाम का सहारा लेकर देश की सत्ता पर काबिज हुई भाजपा ने शुरू से ही राम मंदिर निर्माण को राजनैतिक मुद्दा माना था। कोई माने अथवा न माने भाजपा की सिर्फ सत्ता में आस्था थी राम में कतई नहीं। इसका पुख्ता प्रमाण यह है कि राम जन्मभूमि का विवाद जब न्यायालय में गया तब भाजपा उसमें शामिल नहीं हुई, बल्कि राम के नाम पर देश भर में हिन्दू - मुस्लिम की राजनीति करती रही। लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट से निर्णय आया तो भाजपा ने सत्ता के बल पर हिंदू पक्ष के सभी दावेदारों को किनारे करके नई कमेटी बना दी। कमेटी में अध्यक्ष का पद उस व्यक्ति को दिया जो सीधे तौर पर हिंदू पक्ष के विरोध में था । सीधे तौर पर कहा जाए तो कारसेवकों पर गोली चलवाने में उनकी अहम भूमिका थी । यही नहीं नई कमेटी में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसे लोगों को पदासीन किया जिनका राम मंदिर आंदोलन से दूर दूर तक कभी कोई वास्ता नहीं रहा। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, अखाड़ा परिषद, जन्म भूमि न्यास सहित उन सभी संगठनों व उनके नेताओं को नई कमेटी से दूर कर दिया गया जिन्होंने भगवान श्रीराम के लिए प्राण- प्रण से संघर्ष किया था। विहिप के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंहल की संदिग्ध मृत्यु किसी से छिपी नहीं है और साध्वी उमा भारती, विनय कटियार तथा प्रवीन तोगड़िया जैसे हिंदूवादी लोगों की उपेक्षा देश वासियों के सामने हैं ।

## महिलाओं की कम आय चिंताजनक

भारत कई तरह की असमानताओं से जूझता हुआ देश है। इन गैरबराबरियों में आर्थिक भेदभाव के अलावा जातिगत असमानता तो है ही, लैंगिक भेदभाव बेहद विकराल रूप में है। कमोबेश सभी तरह की महिलाओं को किसी न किसी रूप में इसका सामना करना ही पड़ता है। शहरी हो या ग्रामीण, साक्षर हो या निरक्षर या अल्प शिक्षित, वह कथित ऊंची जाति की हो या फिर निचली जाति की- प्रत्येक महिला आजीवन उससे हर कदम पर दो-चार होती है। माना जाता है कि आत्मनिर्भरता स्त्रियों को पुरुषों के समकक्ष ला सकती है लेकिन वहां भी उनकी राह इतनी आसान नहीं है। असमानता का दंश वहां भी मौजूद है। वर्ल्ड इकॉनामिक फोरम की बुधवार को जारी रिपोर्ट में बतलाया गया है कि भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की आय 60 फीसदी कम है। यह अंतर इतना अधिक है कि इसके बल पर कोई भी सभ्य समाज अपने यहां लैंगिक बराबरी का दावा बिलकुल नहीं कर सकता। यह शर्मनाक भी है। सरकार को इस ओर ध्यान देकर वे सारे उपाय करने चाहिये जो पुरुष-महिला के बीच मेहनताने की इस खाई को मिटा सकें।वैसे यह रिपोर्ट देश में लैंगिक असमानता की स्थिति की पोल को खोलती है। 146 देशों की सूची में भारत 129 वें स्थान पर खड़ा है। पिछले वर्ष वह 125वें पायदान पर था। इसका सीधा सा अर्थ है कि यह देश महिलाओं को देवी मानने को लिये तो तैयार है लेकिन उसे मनुष्य के रूप में उसके वे अधिकार देने को तैयार नहीं है जिसकी शुरुआत हर प्रकार की समानता से होती है। इस रिपोर्ट ने भारत को उन देशों के समूह में रखा है जहां लैंगिक असमानता सर्वाधिक है। उसे 0.398 अंक मिले हैं जो बहुत खराब प्रदर्शन है। इसमें कहा गया है कि जिस काम के लिये पुरुष को 100 रुपये मिलते हैं, महिला को 52 ही मिलते हैं। उसका योगदान भी बामुश्किल 40 फीसदी ही है। इस क्षेत्र में भारत की स्थिति केवल पाकिस्तान, ईरान, सूडान एवं बांग्लादेश से ही बेहतर बताई गई है।

वैसे महिलाओं की आर्थिक बदहाली व पुरुषों के नीचे ही उसे बनाये रखने का प्रमुख कारण व आधार इस समाज की पुरुषवादी सोच ही है। पूरा ही पूरा सामाजिक ढांचा इन्हीं असमानताओं पर खड़ा है। सामंती एवं धार्मिक- इन दो तत्वों से बना भारतीय समाज उन तीनों ही तरह की गैरबराबरियों को बनाये रखने का हिमायती है जिसका उल्लेख ऊपर किया गया है। समाज को हांकने वाले धर्म व राजनीति में काम करने वाले जानते हैं कि महिलाओं के पुरुषों की बराबरी में आने का मतलब होगा इस शोषण आधारित व्यवस्था का चरमराकर ढह जाना। इसलिये वे यथास्थिति को बनाये रखते हैं। जितने भी तरह की धार्मिक व नीति कथाएं बतलाई जाती हैं उनमें औरतों को त्याग करने वाली, अल्प संतोषी, पुरुषों, खासकर पिता व पति की सेवा में अपना जीवन खपाने-मिटाने वाली महिलाओं को महिमा मंडित किया जाता है। उन्हें आत्मनिर्भरता के अलावा सारा कुछ सिखाया जाता है। घर में खानपान से लेकर शिक्षा-दीक्षा तक लड़कों व लड़कियों में भेदभाव होता देखकर वे बच्चियां बड़ी होकर इसी परम्परा को आगे बढ़ाती हैं। लड़कियों की पढ़ाई यह कहकर छुड़ा दी जाती है कि श्यह तो लड़की है, इतना पढ़कर क्या करेगी या फिर, उसे कौन सी नौकरी करनी है... आदि। लड़कियों को इस काबिल ही नहीं बनाया जाता कि वे नौकरी कर सकें।

संगठित क्षेत्रों में तो कानूनों के कारण वेतन, भत्तों व सुविधाओं में समानता देखी जा सकती है लेकिन वहां उनका प्रतिशत बहुत कम है। बड़ी कम्पनियों में लैंगिक अनुपात की स्थिति बेहद खराब है। आगे बढ़ने के अवसर भी उनके लिये पुरुषों के मुकाबिल कम ही होते हैं। महत्वपूर्ण पद एवं जिम्मेदारियां उन्हें नहीं मिलतीं। यहां तक कम्पनियों के बोर्ड में तक महिलाएं उद्योगपतियों के परिवारों की ही होंगी। शासकीय कम्पनियों में तक यही परिदृश्य है। असंगठित क्षेत्रों में हालत ज्यादा खराब है। पुरुषों की तुलना में उन्हें रोजगार तो कम मिलते ही हैं, वेतन-पारिश्रमिक में भी व्यापक असमानता है जिसका समग्र असर न सिर्फ उनके जीवन स्तर पर पड़ता है बल्कि उसकी अन्य असमानताओं के खिलाफ की जाने वाली लड़ाइयां भी कमजोर पड़ जाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि महिलाओं के साथ होने वाला यह भेदभाव केवल भारत में नहीं बल्कि दुनिया भर में है।

### विचार

# गठबंधन राजनीति की मजबूरियां

**के रवींद्रन**



**मोदी 3.0 के निहितार्थों को स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। निर्मला सीतारमण को विविध हितों को ध्यान में रखना होगा, अपेक्षाओं का प्रबंधन करना होगा और आर्थिक नीतियों पर आम सहमति बनानी होगी, जिनमें से कोई भी आसान काम नहीं है। गठबंधन की गतिशीलता लगातार उनका ध्यान आकर्षित करेगी। आर्थिक स्थिरता से समझौता किये बिना गठबंधन सहयोगियों की मांगों को संतुष्ट करना एक नाजुक काम है, जो जटिल चुनौतियों से भरा है।**

मोदी 3.0 कैबिनेट में वित्त मंत्री के रूप में पुनः कार्यभार संभालने के बाद,निर्मला सीतारमण अपने अन्य सहयोगियों की तुलना में सबसे अधिक दबाव में हैं क्योंकि नयी सरकार का बजट मुश्किल से एक महीने दूर है। इस बार उनका बजट बनाना अधिक जटिल है क्योंकि उन्हें गठबंधन की राजनीति की मजबूरियों को भी समायोजित करना है। कुल मिलाकर, उन्हें आर्थिक चुनौतियों के एक जटिल परिदृश्य का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा के लिए स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रहने के बाद, उनकी सरकार को गठबंधन सहयोगियों - चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और बिहार के मजबूत नेता नीतीश कुमार की जेडी-यू का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, इसके बावजूद कि दोनों ही पल भर में अपनी वफादारी बदलने की प्रवृत्ति वाले हैं। मोदी 3.0 के निहितार्थों को स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। निर्मला सीतारमण को विविध हितों को ध्यान में रखना होगा, अपेक्षाओं का प्रबंधन करना होगा और आर्थिक नीतियों पर आम सहमति बनानी होगी, जिनमें से कोई भी आसान काम नहीं है। गठबंधन की गतिशीलता लगातार उनका ध्यान आकर्षित करेगी। आर्थिक स्थिरता से समझौता किये बिना गठबंधन सहयोगियों की मांगों को संतुष्ट करना एक नाजुक काम है, जो जटिल चुनौतियों से भरा है।

उन्हें देश की वित्तीय सेहत की रक्षा करते हुए आम सहमति बनानी होगी और इसके लिए राजकोषीय रूढ़िवादिता, गठबंधन की वास्तविकताओं और विकास की अनिवार्यताओं को संतुलित करने की दुर्लभ क्षमता की आवश्यकता होगी। निर्मलासीतारमण पिछले पांच वर्षों से भारत के वित्त मंत्रालय की कमान संभाल रही हैं और उन्होंने लगातार छह बजट पेश किये हैं। पूर्ण कार्यकाल के लिए इस पद पर रहने वाली पहली महिला के रूप में उनकी नियुक्ति एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मील का पत्थर है। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने प्रमुख सुधारों को लागू किया, जिसमें बेसकॉर्पोरेट टैक्स की दर को 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत करना और महामारी से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करना शामिल है। सीतारमणकी अपनी पिछली नीतियों पर कायम रहने की संभावना है, जिसका लक्ष्य राजकोषीय समेकन है। उनके पिछले प्रयासों ने राजकोषीय घाटे को 5.8 प्रतिशत से घटाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया और वर्तमान संदर्भ में विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण होगी। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था एक गतिशील वैश्विक वातावरण में काम करती है, इसलिए उन्हें इसे भू-राजनीतिक तनावों, व्यापार व्यवधानों और दुनिया भर में आर्थिक बदलावों के बीच भी आगे बढ़ाना होगा। भारत के हितों की रक्षा करते हुए इन अनिश्चितताओं का प्रबंधन करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं होगी। महामारी से प्रेरित आर्थिक मंदी सरकारी वित्त पर दबाव बना रही है। इसलिए, वित्त मंत्री को विकास को प्रोत्साहित करने और राजकोषीय अनुशासन बनाये रखने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाना होगा। दबाव की जरूरतों को पूरा करते हुए विवेकपूर्ण खर्च सुनिश्चित करना एक कठिन काम होगा। मध्यम वर्ग बेसब्री से मुद्रास्फीति, कर बोझ और बढ़ती लागतों से राहत का इंतजार कर रहा है और बजट के फैसले सीधे उनके जीवन को प्रभावित करेंगे। राजकोषीय विवेक बनाये रखते हुए उनकी अपेक्षाओं को पूरा करना एक कठिन चुनौती है। चुनाव परिणामों ने सत्तारूढ़ दल को यह झटका दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि मतदाता व्यवहार को निर्धारित करने वाले वास्तविक मुद्दे सामाजिक और धार्मिक पहचान और अस्मिता की राजनीति की नियमित बयानबाजी से परे हैं। उल्लेखनीय है कि मोदी 2024 के चुनाव अभियान के दौरान वैसे ही बयानबाजी से फायदा उठाने की कोशिश कर रहे थे। चुनाव प्रचार के विभिन्न चरणों में वे एक विभाजनकारी मुद्दे से दूसरे मुद्दे पर कूदते रहे, लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं हुआ कि जमीनी स्तर पर लोग आस्था या पहचान के मुद्दों से कहीं अधिक अपने दैनिक जीवन को लेकर चिंतित हैं। इससे नई सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, जिसका मतलब है कि रोजगार सृजन के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाना होगा, जो 2014 में सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार के लिए कम प्राथमिकता रही है, जबकि समय-समय पर इसके विपरीत बड़े-बड़े दावे किये गये हैं। सरकार रोजगार के आंकड़ों और परिभाषाओं की फिर से व्याख्या करने के संदिग्ध प्रयासों के माध्यम से इस चूक को दूर करने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रीय रोजगार नीति के बारे में बात हुई है, जो हालांकि अकादमिक स्तर पर ही रही। अनौपचारिक क्षेत्र में 90प्रतिशत रोजगार होने के कारण, सरकार की रोजगार सृजन योजनाओं ने बेरोजगारों की सेना के इस सबसे महत्वपूर्ण हिस्से को काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया है। यह बिना किसी संदेह के साबित हो चुका है कि पकौड़ा अर्थशास्त्र काम नहीं करता है और ग्रामीण युवाओं को वास्तविक और भुगतान वाली नौकरियों की आवश्यकता है। इसका मतलब यह होगा कि निर्मला सीतारमण को आबादी के इस महत्वपूर्ण हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा।



## राशिफल

**मेषः**- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभः**- शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः**- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढे.गी।

**कर्कः**- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- नई सफ्लताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः**- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः**- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः**- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः**- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# कुछ दिक्कतें नई हैं, ज्यादातर पुरानी

**अरविन्द मोहन**




**अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव की सामाजिक इंजीनियरिंग इस बार भाजपा पर भारी पड़ी और बाद में प्रधानमंत्री ने लाख और घटिया स्तर पर उतरकर भी कोशिश की लेकिन चुनाव में सांप्रदायिक धुवीकरण नहीं हों पाया जबकि जाति का कार्ड असरदार रहा। सहयोगी दलों को भाव देना, ज्यादा मंत्री बनाना तो एक स्तर पर मजबूरी हो सकती है लेकिन इस सोशल इंजीनियरिंग का श्रेय तो पूरी तरह मोदी जी को है। यह चुनावी युद्ध से निकले अनुभव का भी परिणाम है जबकि संघ की शिक्षा जाति का कोई चीज न होना और इसके चलते विशेष अवसर अर्थात आरक्षण की बात भी बेमानी होने की है। मोदी जी के अभियान में भी नई जाति की गिनती कराने की कोशिश की गई लेकिन बे-असर रही। जानकार बताते हैं कि मोदी के पहले कैबिनेट की तुलना में संघ की पृष्ठभूमि वाले मंत्रियों की संख्या में बीस की कमी की गई है। यह दल बदल भर नहीं माना जा सकता-कहीं न कहीं इसमें अपने लोगों की प्रतिभा और क्षमता काम होने के एहसास के साथ बाहर के प्रतिभाशाली लोगों को अपनाने का दबाव भी काम करता है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति पर अपने उद्बोधन में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हाल में सम्पन्न लोक सभा चुनावों को लेकर जो कुछ कहा उससे असहमति मुश्किल है। अच्छी-अच्छी बातें हैं, संभवतरू अच्छी मंशा से भी कही गई हैं लेकिन समय और अवसर गलत चुने जाने से उनका प्रभाव शून्य ही दिखाई दे रहा है। टोकने-रोकने का काम समय पर होना चाहिए, गलती होने के बाद नहीं। मोदी विरोधी लोग(पक्ष और प्रतिपक्ष के) इन बातों से प्रसन्न हैं तो नरेंद्र मोदी शुरुआती खटकों के बाद अपने पुराने रंग में लौट गए हैं। चार सौ पार के नारे के बाद 63 सीटें गंवा कर भी उनकी भाजपा न सही एनडीए सरकार बन गई है, सब कुछ पूर्ववत हो चुका है और उनके कटाक्षपूर्ण और हवाई बातों का दौर शुरू हो गया है। पिछली सरकार के 71 में से 33 लोग ही जनता और उनका भरोसा पाकर मंत्री बने हैं लेकिन वे कब से सभी मंत्रियों से सौ दिन का एजेंडा बनाने की बात करते रहे हैं जिससे विकास की गति बढ़ाई जाए और भारत जल्दी से दुनिया की एक शक्ति बन जाए। नए मंत्रियों को उनके विभाग का पता पहली कैबिनेट की बैठक में ही चला लेकिन विजन दस्तावेज की मांग पहले से शुरू हो गई थी। एनडीए के सहयोगी दल भी उनके आभामंडल के आगे नतमस्तक लगते हैं। और राजनीति का क ख ग समझने वाला भी जानता है कि भागवत जी ने जिस मर्यादा का, प्रतिपक्ष के आदर का, चुनाव में घटिया और समाज को नुकसान पहुंचाने वाली बातें उठाने की शिकायत का, मणिपुर की सुनवाई का, अहंकार न करने जैसे जिन मसलों को उठाया वह सीधे-सीधे भाजपा के मौजूदा नेतृत्व(खासकर नरेंद्र मोदी और अमित शाह) को संबोधित लगती हैं। ऐसी ही एक समीक्षा संघ के मुखपत्र में भी हुई है और उसमें भी भाजपा नेतृत्व को भरपूर कोसा गया है। और ऐसा भी नहीं है कि नरेंद्र मोदी एंड कंपनी ने जनादेश की परवाह नहीं की है। और नतीजे आने के बाद उनकी भाव भंगिमा बदली भी थी, अमित शाह खुद ही राजनाथ जी, जेपी, नीतीश और नायडू को मोदी के पास की जगह देने लगे और मोदी जी को भी अपने फ्रेम में इन चेहरों के आने से कोई परेशानी नहीं लगी। लेकिन उससे भी बड़ा बदलाव मंत्रिमंडल के गठन में सामाजिक इंजीनियरिंग का दिखा। अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव की सामाजिक इंजीनियरिंग इस बार भाजपा पर भारी पड़ी और बाद में प्रधानमंत्री ने लाख और घटिया स्तर पर उतरकर भी कोशिश की लेकिन चुनाव में सांप्रदायिक धुवीकरण नहीं हों पाया जबकि जाति का कार्ड असरदार रहा।

सहयोगी दलों को भाव देना, ज्यादा मंत्री बनाना तो एक स्तर पर मजबूरी हो सकती है लेकिन इस सोशल इंजीनियरिंग का श्रेय तो पूरी तरह मोदी जी को है। यह चुनावी युद्ध से निकले अनुभव का भी परिणाम है जबकि संघ की शिक्षा जाति का कोई चीज न होना और इसके चलते विशेष अवसर अर्थात आरक्षण की बात भी बेमानी होने की है। मोदी जी के अभियान में भी नई जाति की गिनती कराने की कोशिश की गई लेकिन बे-असर रही। जानकार बताते हैं कि मोदी के पहले कैबिनेट की तुलना में संघ की पृष्ठभूमि वाले मंत्रियों की संख्या में बीस की कमी की गई है। यह दल बदल भर नहीं माना जा सकता-कहीं न कहीं इसमें अपने लोगों की प्रतिभा और क्षमता काम होने के एहसास के साथ बाहर के प्रतिभाशाली लोगों को अपनाने का दबाव भी काम करता है। साफ लगता है कि आने वाले दिनों में सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों में भी बदलाव होगा। कई हो चुके फैसलों पर पुनर्विचार और समीक्षा हो सकती है। लोक सभा के साथ हुए विधानसभा चुनाव में ओडिशा में निर्णायक जीत हासिल करके भी पार्टी ने एक प्रतिभाशाली आदिवासी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी। यह सब गिनवाने के बाद भी कहना होगा कि मोदी कैबिनेट का असंतुलन बना हुआ है, भाजपा का प्रभुत्व, मुसलमानों से दूरी और लाख नारा लगाने के बावजूद औरतों की दिखावटी भागेदारी है- कार्यक्षमता और योग्यता के मामले में भी नया प्रयोग नहीं हुआ है। परिवार के बुजुर्ग भागवत के कहने का मतलब तो है ही। सबसे बड़ा मतलब तो यह है कि संघ और भाजपा के बीच सब कुछ सामान्य नहीं है। लेकिन इसका ज्यादा बड़ा मतलब यह है कि इस बार की धुलाई न होती, अगर संघ के लोग काम करते। यह असल में संघ को दोषमुक्त करने का बयान है जबकि अहंकार और निजी दुर्गुणों के अलावा ज्यादातर गलतियां संघ की बुनियादी सोच से आई हैं। जाति को न मानना और पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के प्रति नजरिए में तो मोदी जी संघ से काफी आगे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# बिजली चोरी करने पर छह के विरूद्ध केस दर्ज

**एसडीओ अखिलेश कुमार बोले, कस्बा चरखारी के मुहल्ला हाथीखाना तथा ग्राम सूपा में की गयी चेकिंग**

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**



बिजली चोरी को रोके जाने के लिए प्रदेश के सरकार तथा रात्रिकालीन एवं मोर्निंग रेड अधीक्षण अभियन्ता इंजी0 आरएस गौतम' अधिशाषी अभियन्ता इंजी. पीयूष कुशवाहा एवं एसडीओ इंजी. अखिलेश कुमार के निर्देश पर बिजली चोरी पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया है।

जिसमें अवर अभियन्ता चरखारी अल्ताफ हुसैन एवं विजलेंस टीम द्वारा कस्बा चरखारी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चेकिंग करते हुए छह लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। एसडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि कस्बा चरखारी के मुहल्ला हाथीखाना तथा ग्राम सूपा में चेकिंग की गयी है जिसमें कस्बा चरखारी में कदीर खां व राजेश द्वारा कटिया डालकर चोरी करते पाया गया। इसके अलावा ग्राम सूपा में कटिया डाले हुए पाए जाने पर भी मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इसके अलावा ग्राम गौरहरी में तारादेवी' ग्राम अस्थौन में श्यामरानी एवं अमरचंद पुत्र बैजनाथ के विरूद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

सहायक अभियन्ता विद्युत ने बताया कि बिजली की चोरी रोके जाने के लिए प्रदेश सरकार एवं अधिशाषी अभियन्ता महोबा के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान प्रवर्तन दल के इंसपेक्टर जीतेन्द्र सिंह' एसआई दुर्वेश सिंह' अवर अभियन्ता चरखारी वितरण केन्द्र अल्ताफ हुसैन' कर्मचारी राजकुमार' जयवीर' देवेन्द्र बहादुर तथा संविदा कर्मी सतीश , इमरान मौजूद रहे।

# राहगीर को टक्कर मारकर दो डंपर आपस में भिड़े

**पीछे से दो डग्गामार वाहन भिड़कर हुए क्षतिग्रस्त**

**सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



नेशनल हाईवे में सुबह नरायनपुर गांव में पैदल जा रहे राहगीर को टक्कर मार कर दो डंपर आमने-सामने भिड़ गए। उनके पीछे दो प्राइवेट सवारी वाहन भी भिड़ गए।

इस घटना में राहगीर के अलावा किसी को चोट नहीं लगी है। राहगीर को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल भेजा गया है। एक डंपर कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर की तरफ जा रहा था। नरायनपुर गांव के समीप एक डंपर कानपुर से कबरई की ओर आ रहा था। यहां पर टेढ़ा के मजरा इसौली का निवासी पिंटू पैदल जा रहा था। इसको टक्कर मारकर कबरई की तरफ जा रहा डंपर कानपुर की ओर जा रहे डंपर से भिड़ गया। इसी बीच कस्बे से सवारियां लादकर हमीरपुर जा रहे दो डग्गामार वाहन कानपुर की तरफ जा रहे डंफर में पीछे से जा भिड़े। फिलहाल इन दोनों वाहनों में सवार कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ है। एक डंप र के केबिन के पिचक जाने से चालक अंदर ही फंस गया। जिसे ग्रामीणों ने खिड़की को तोड़कर बाहर किया और घायल राहगीर पिंटू को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## जहां कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है


**इटावा।** पारंपरिक वेश में रमऊपुर में श्री मदभागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथावाचक रौली शास्त्री के नेतृत्व में पूरे गाँव के कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में रौली शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली के हमीरपुर शहर में आज पुलिस ने दोस्त के यहां युवक का शव बरामद किया है। पुलिस का मानना है कि अधिक शराब पीने से युवक की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक रमेडी चौराहा निवासी कल्लू(30) शराब का आदी था उसका दोस्त भी शराब का आदी थी दोनो ही अक्सर बैठकर शऱाब पीते देखे जाते थे। कल दोपहर से कल्लू अचानक गायब हो गया परिवारीजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी मगर उसका पता नही चला इधर पड़ोसियों का कहना है कि दोनो को रात मे शराब पीते देखा गया था आज जीसस के परिवारीजनो ने छत में देखा कि कल्लू एक कोने में पड़ा है। शरीर में कोई हरकत होते न देख पुलिस को सूचना दी गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# 17 जून तक जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



गर्म हवा एवं लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय/ भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र द्वारा दिनांक 15 जून से दिनांक 17 जून तक जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी किया गया है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान को देखते हुये जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं कि लू प्रकोप एवं गर्म हवा लू से जन - हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियाँ बरतें - कड़ी धूप में बाहर न निकलें , खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें , प्यास न लगे तो भी पानी पियें । हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहनें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी , नमक चीनी का घोल , नींबू पानी छाछ , आम का पना इत्यादि का सेवन करें । लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें , शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर हो जायेगी। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें , पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिड़कियाँ खुली रखें। फैन ढीले कपड़े का उपयोग करें। ठंडे पानी से बार - बार नहाएं।

### क्या करें क्या न करें

धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें । खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुलें रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे नशीले पदार्थ , शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें । बासी भोजन न करें खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी , गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें , ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है , काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वनुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क आपत् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला ना छोड़े । जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित भोजन करें , हल्का व सूती कपड़े पहने, घर से बाहर निकलने पर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला महासचिव पद पर आलोक शर्मा मनोनीत

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**महोबा जनपद में आलोक कुमार शर्मा काफी सक्रिय पत्रकारः देवेन्द्र मिश्रा**

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा द्वारा बुंदेलखंड प्रभारी आनन्द कुमार तिवारी की संस्तुति पर महोबा जनपद के वरिष्ठ पत्रकार दी फोर्थ फिलर 24×7 न्यूज के संस्थापक आलोक कुमार शर्मा को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। इस खबर से जनपद के पत्रकारों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें फूल माला डाल मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा ने बताया की महोबा जनपद में आलोक कुमार शर्मा काफी सक्रिय पत्रकार है उनकी काबिलियत को देखकर ही उनको अपने संगठन का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है उन्हे पूर्ण आशा व विश्वास है की वह संगठन के प्रति पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे।

वही नवनियुक्त जिला महासचिव आलोक कुमार शर्मा ने कहा की राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा ने उनके ऊपर जो विश्वास किया है वह उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसको वह बखूबी निभायेंगे और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में हमेशा काम करेंगे । वहीं उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा जी व बुंदेलखंड प्रभारी आनन्द तिवारी को नई जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद कहा और जनपद के पत्रकारों द्वारा दी गई बधाई एवं शुभकामनाओं के लिए सहृदय आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### एमएलसी जितेन्द्र सेंगर ने निर्दोष निगम को दी पुष्पांजली



**चरखारी,महोबा।** कबरई ब्लॉक ग्राम महेवा में विगत दिनों लद्दाख में सेना में ऑन ड्यूटी शहीद हुए निर्दोष निगम जी के चित्र पर एमएलसी जितेन्द्र सेंगर ने पुष्पांजली अर्पित कर परिवारजनों राजा निगम , राजू निगम से मुलाकात कर सांत्वना प्रकट की एवं आश्वस्त किया कि देश की सेवा करते अपनी जान गवांने वाले वीर शहीद के सम्मान में ग्राम वासियों की मांग पर उनकी स्मृति में कार्य कराया जाएगा द्य उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता संपूर्ण क्षेत्र उनकी शहादत को प्रणाम कर रहा है द्य साथ में भाजपा नेता नरेंद्र मिश्रा , अमित सिंह , ग्राम प्रधान जगदीश कुशवाहा आदि साथ में मौजूद रहे।

### नगर पालिका बोर्ड की बैठक आज

**इटावा।** नगर पालिका परिषद भरथना की बोर्ड बैठक 15 जून दोपहर 12 बजे पालिका सभागार में संपन्न होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड बैठक में नगर के सभी सम्मानित सभासदों से अपील है की बोर्ड बैठक में समय से पहुँच कर बैठक में प्रतिभाग करें और नगर के विकास के लिए अग्रणी बने।

### लू की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** ईंट भट्ठा से काम करके वापसी अपने घर की ओर आ रहे एक मजदूर की लू की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी।कोतवाली क्षेत्र के नारायच गांव निवासी रामबाबू (55) दोपहर बाद मदारपुर रोड पर स्थित पारस ईंट भट्ठा से काम करके वापस अपने घर की ओर आ रहा था तभी वह तेज धूप व चल रही लू लपट की चपेट में आ गया और हीट वेव से ग्रसित हो गया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। वहीं उसकी यह हालत देखकर परिजनों ने आनन-फानन में उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं रामबाबू की अकस्मात हुई इस मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम प्रक्रिया के लिए भेज दिया है।

### डेरे से सवा लाख की बकरियां लाद ले गए चोर

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** बीती रात आधा दर्जन लोग लोडर साथ लेकर आए और टेढ़ा गांव के हार में खेतों में डेरा डाल कर रहे रहे दो परिवारों की आधा दर्जन बकरियां लोडर में लादकर ले गए। बकरियों के कीमत 1.20 लाख के आसपास है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को नामजद तहरीर सौंपी है। टेढ़ा गांव निवासी बबलू प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया है कि बीती रात गांव निवासी सुम्मा अपने साथी मनुआ, मैयादीन, सुरेश,ननुहा निवासी सिकहुला जिला बांदा के साथ खेतों में बने डेरे में लोडर लेकर आए और मेरे सीने पर चाकू रखकर डेरे में बंधी तोतापरी बकरियों को लाद कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। चोरी की गई बकरियां तोतापरी प्रजाति की है। इनकी कीमत 1.20 लाख के करीब है। उसकी चार तथा दो बकरियां कंचन रानी की है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, तीन घायल

**मौदहा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



रोते बिलखते परिजन

राजमार्ग में हुई मोपेड व बाइक की टक्कर में घायल एक महिला की मौत हो गई जबकि उसके पति समेत दूसरी बाइक में सवार महिला व दो युवक भी घायल हो गए। आरोपी बाइक सवार अस्पताल से भाग निकले।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मदारपुर निवासी राम जीत निषाद अपनी पत्नी सुमन (55) को अपनी मोपेड में लेकर अपनी रिश्तेदारी में एक 8 वर्षीय बालक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ग्राम गुढ़ा गया था। शुक्रवार की दोपहर जब वह अपनी पत्नी को मोपेड में लेकर अपने गांव लौट रहा था तभी राजमार्ग पर गहबरा चौकी के समीप पीछे से आ रहे बाइक सवारों ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी जिससे सुमन मोपेड से उछल कर राजमार्ग पर गिर पड़ी। वहीं टक्कर मारने वाले बाइक में सवार दोनों युवक व एक महिला भी बाइक समेत सुमन के ऊपर गिर पड़े। इस घटना में सभी के गंभीर रूप से घायल होने के चलते राहगीरों की मदद से उन्हें लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा लाया गया जहां चिकित्सक ने सुमन को देखते ही मृत घोषित कर दिया इसकी जानकारी होते ही आरोपी बाईक सवार दोनों युवक व महिला घायल अवस्था में बिना इलाज कराये अस्पताल से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है वह अपने पीछे तीन पुत्रों व एक पुत्री को बिलखता छोड़ गई है। घायल राम जीत ने बताया कि आरोपी बाईक सवारों में वह एक युवक को जानता है जिसका नाम उसने रघुनाथ पुत्र मुन्नीलाल वर्मा निवासी ग्राम भवानी बताया है।

# डीबीए चुनाव की तैयारियां पूर्ण, आज डाले जाएंगे वोट

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के आज 15 जून को होने वाले निर्वाचन हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराए जाने के लिए एल्डर्स कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए एल्डर्स कमेटी के चैयरमेन वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र किशोर तिवारी व प्रवक्ता मोहसिन अली एडवोकेट ने बताया है सभी प्रत्याशियो व मतदातागण के चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त होने के कारण 15 जून को सभी अधिवक्ता पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। निर्वाचन अधिकारी रवींद्र सिंह यादव एडवोकेट ने बताया है कि किसी भी तरह की अव्यवस्था व अराजकता को रोकने के लिए मतदान वाले दिन 15 जून को कचहरी प्रांगण में भारी पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर उन्हें लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है।एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेंद्र किशोर तिवारी ने कहा है कि मतदान दिवस पर कोर्ट प्रांगण में वकीलों के अलावा बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मतदान हेतु प्रत्येक मतदाता को बार काउंसिल द्वारा निर्गत सर्टिफिकेट ऑफ प्रेक्टिस अथवा बार काउंसिल द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। आज 15 जून को प्रातः 8 से 2.30 बजे तक वोट डाले जाएंगे और 4 बजे मतगणना आरम्भ होगी। मतगणना के उपरांत सभी पदों के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# ब्लाक प्रमुख के निर्देश के बाद नहीं ठीक हुआ वाटर कूलर

**सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

ब्लॉक प्रमुख के निर्देश के बाद भी ब्लॉक परिसर में लगा वाटर कूलर ठीक न होने से ब्लॉक कर्मियों के साथ यहां आने वाले फरियादी ठंडे पानी के लिए तरस रहे हैं।

ब्लॉक परिसर में एकमात्र हैंडपंप मुख्य गेट के बगल में लगा है। यह पिछले कई माह से खराब है। जल संस्थान इसको ठीक करने में हाथ खड़ा कर चुका है। जल संस्थान का कहना है कि इस हैंडपंप के बोर में बरगद की जड़ों ने डेरा जमा इसको बर्बाद कर दिया है। इस वजह से इसका ठीक होना मुश्किल है। रिबोर ही इसका दूसरा विकल्प है। हैंडपंप के खराब होने के बाद प्यास बुझाने का दूसरा विकल्प वाटर कूलर ही है। यह पिछले एक माह से खराब पड़ा है। यहां तैनात रहे प्रभारी खंड विकास अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार ने इसको ठीक कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। डिप्टी कलेक्टर के यहां से हटने के बाद ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने एपीओ मनरेगा विकास चंद्र को वाटर कूलर ठीक कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि इसको ठीक कराकर आने वाला खर्च उनसे लेकर भुगतान कर दिया जाए। इसके बाद एपीओ वाटर कूलर को ठीक करने में जरा भी दिलचस्पी नहीं दिखाई और वाटर कूलर अभी खराब पड़ा है।

# तालाब सूखे पड़े, पानी भरवाने के लिए उठाए नहीं जा रहे कोई कारगर कदम

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

केंद्र सरकार द्वारा गांवों में तालाबों का अस्तित्व को बरकरार रखने के लिए मनरेगा के तहत कार्य कराने की योजना संचालित की गई। सौंदर्यीकरण के नाम पर काफी धनराशि मुहैया कराई गई। इसी के तहत चकरनगर ब्लॉक के गांवों में तालाबों की खुदाई कराई गई थी। पानी के अभाव में पशु पक्षियों के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है।

अपनी चरम पर गर्मी पारा 46 डिग्री सेल्सियस से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं। इनके भरवाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। ऐसे में एक ओर जहां पशु, पक्षियों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। तो दूसरी ओर प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पशुपालकों को भी अपने पालतू मवेशियों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इनके भरवाने के लिए केवल राजकीय नलकूप और प्राइवेट नलकूप है । तालाबों के न भरने से ग्रामीण चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं,लेकिन अभी तक इनमें पानी नहीं छोड़ा जा सका है। क्षेत्र निवासी उमेश मिश्रा ,सोनू तिवारी,बड़े तिवारी, अंकुर आदि ने डीएम से सूखे पड़े तालाब व पोखरों में पानी भरवाने की मांग की है। जिससे इन पर निर्भर पशु, पक्षियों को राहत मिल सके।चकरनगर विकास खण्ड में कई तालाब ऐसे हैं जिनमें सरकार ने लाखों रुपए खर्च किए। जिनका क्या उद्देश हैं। आपको बताते चलें गर्मी का पारा 46 डिग्री 47 डिग्री पहुंच गया है। जिससे मनुष्य ही क्या पशु पक्षी बेहाल हैं। बही अमृत सरोवर तालाब सूखे पड़े हैं।पशु पक्षी सभी दर दर भटक रहे है।

उन्हे पीने के लिए पानी नहीं है। आखिर कार जब सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर के अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण कराया है। तो जिम्मेदार इन तालाबों में गर्मी के दिनों में पानी क्यों नही भरवाते है। जिसेसे पशु पक्षी सभी पानी पी सकें।

## जायन्ट्स सहेली की ओर से 8 लोगों ने किया रक्तदान

**इटावा।** रक्तदान करना मानव की सबसे बड़ी समाज सेवा है। हम अपने रक्त को दान करके किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं। रक्तदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु विश्व रक्तदाता दिवस हर साल 14 जून को मनाया जाता है। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा आज रक्तदान का शिविर मोतीझील हॉस्पिटल में लगाया गया। दस लोग रक्तदान के लिए सहेली ग्रुप की तरफ से आए थे परन्तु 2 का हीमोग्लोबिन कम निकला 8 लोगो ने रक्तदान किया। हेनू वर्मा, शांतनु जौहरी, नितिन यादव, हर्षित, आदि,सभी को एनर्जी ड्रिंक व बिस्कुट, फल आदि वितरित किए गए। व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एम एम आर्या, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला डॉ अनिल कुमार, लैब टेक्नीशियन संजीव व हॉस्पिटल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




**इटावा। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा तथा योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दसम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा तथा इसकी थीम 'हर घर-आंगन योग' है। उन्होंने कहा कि आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारत की परंपरागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए साफ सफाई, पेयजल, पार्किंग आदि सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर 21 जून को योग दिवस नुमाइश पंडाल में मनाया जाएगा साथी साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की योग दिवस का कार्यक्रम प्रत्येक दिन अलग-अलग जगहों पर कराया जाएगा वहां पर योगा ट्रेनर की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ब्लॉक सभागार महेवा में बैठक आयोजित

**इटावा।** स्थानीय ब्लॉक सभागार महेवा में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के समाप्त होने के बाद पहली साप्ताहिक बैठक खंड विकास अधिकारी महेवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें ब्लॉक में कार्यरत सभी सहायक विकास अधिकारी, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक शामिल हुए। बीडीओ महेवा सूरज सिंह ने कहा मनरेगा कार्यों , वृक्षारोपण, नालों की सफाई , पेयजल संकट का समाधान आदि वरीयता क्रम में रखकर कार्यों को गति प्रदान करें। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि ग्रामीण जनता को समय पर परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि प्रदान करें। सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्र पाल सिंह भदौरिया ने सभी सचिवों को निर्देश दिए।

# बकरीद पर जमुनी तहजीब को कायम रखा जाएः डीएम

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



आगामी त्यौहार ईदुज्जुहा बकरीद को सौहार्दपूर्ण एवं शान्ति पूर्ण वातावरण में मनाये जाने और गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने, कोर्ट के आदेशों का पालन किये जाने, किसी नई परम्परा का सृजन न किये जाने, झूठी अफवाहों से बचने त्यौहारों पर पैनी नजर रखे जाने के निर्देश जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने पुलिस लाइन सभागार में सभी धर्मो के धर्मगुरूओं, पीस कमेटी के सदस्यों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक में दिये।

उन्होने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज अदा नहीं करेगा नमाज मस्जिद परिसर के अन्दर ही अदा करें जिससे आम जन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में आगामी त्यौहार को संज्ञान में लेते हुए शासन के निर्देशानुसार जनपद में त्यौहार अमन एवं शांति व परंपरागत रूप से मनाया जाए। उन्होने धर्म गुरुओं से कहा कि माहौल खराब करने वालों से सतर्क रहना है तथा कहीं भी कोई ऐसी घटना संज्ञान में आती है तो उसे संबंधित थाना को सूचित करें जिससे उसका तत्काल समाधान हो सके। इससे पूर्व सभी वर्ग के धर्मगुरुओं ने अपनी अपनी बातों को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि जो परंपराएं जनपद में चली आ रही हैं उसी के अंतर्गत ही अपने त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं और प्रशासन का सहयोग कर जनपद में एक अच्छी मिसाल पेश करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा कि त्योहारों को सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये, गैर परम्परागत कोई भी आयोजन न करें, यदि कोई प्रयास करें तो उसकी सूचना दें। किसी को माहौल बिगाड़ने की छूट नहीं होगी। बैठक के दौरान एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ,नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं शान्ति कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# समाज कल्याण मंत्री ने बैठक में तलाशी गुंजाइश और वृद्धाश्रम में किया सत्यापन

- विकसित भारत निर्माण हेतु सत्यनिष्ठा से पूरा करें कार्यः असीम अरुण

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



**कभी** पुलिस महकमे में सुधार की गुंजाइश और सत्यापन के लिए चर्चित रहे प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि हम सभी को विकसित भारत के निर्माण में जुटना है और यह तभी संभव है जब हम अपने काम को सत्य निष्ठा और पूर्णता के साथ करेंगे।मंत्री श्री अरुण शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित विभागीय मंडलीय समीक्षा करने पहुंचे थे।इस मौके पर जिलों से आये अधिकारियों ने योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा हुई।मंत्री श्री अरुण ने अधिकारीयों से सुझाव माँगा कि योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया को कैसे सरल और पारदर्शी बनाया जा सकता है, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की इन योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंचाया जा सके?समाज कल्याण मंत्री ने इसके साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि योजनाओं में पिछले वर्ष जो त्रुटियां देखने को मिली हैं,उनको इस वर्ष किसी भी हालत में दूर किया जाये ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटने पाए। बैठक में समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत,संयुक्त निदेशक, निदेशालय एस.के. बिसेन, उप निदेशक समाज कल्याण अयोध्या मंडल राकेश रमण सहित अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर,अमेठी और बाराबंकी के जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** अपने दौरे के दौरान मंत्री श्री अरुण ने शुक्रवार की शाम को अयोध्या स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया।इस मौके पर आश्रम में बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में मंत्री ने जाना।उन्होंने वहां रहने वाले बुजुर्गों से जाना कि सरकार द्वारा जो सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं वो आश्रम में रहने वालों तक पहुंच रही है या नहीं?श्री अरुण ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृद्धाश्रम की सुविधाओं को और दुरुस्त किया जाये ताकि यहाँ रहने वालों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है।

# सोनभद्र से सटे झारखण्ड के पाल्हे गांव में ट्रक व टैंपो की जोरदार भिड़ंत में पांच लोगों की मौत, छह घायल

- शुक्रवार की भोर में घटी घटना, सभी सीलियाटोंगर
- गांव से टैंपो में सवार हो नगर उंटारी स्टेशन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकड़ने के लिए निकले थे

**दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**विंढमगंज** थाना क्षेत्र से लगे 14 किलोमीटर दूर झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में आज भोर में सवारी टेंपो व ट्रक में बड़ी सड़क दुर्घटना हुई। एनएच 75 गढ़वा मुड़ीसेमर मार्ग पर श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव के आशुतोष महादेव मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। घटना गुरुवार देर रात की है। मृतकों में थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ कन्नौजिया के पुत्र बिमलेश कुमार कनौजिया 42 वर्ष,झारखण्ड के रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के सुरेश भुइयां के पुत्र अरुण भुइयां 30 वर्ष, रमाशंकर भुइयां के पुत्र बिकेश भुइयां 20 वर्ष, विनोद भुइयां के पुत्र राजा कुमार 21 वर्ष एवं रामवृक्ष भुइयां के पुत्र राजकुमार भुइयां 53 वर्ष शामिल हैं। जबकि घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश भुइयां,विढमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली गांव के रामचन्द्र भुइयां के पुत्र छोटूलाल भुइयां, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के महावीर भुइयां के पुत्र उमेश भुइयां, रामप्रसाद भुइयां के पुत्र राकेश भुइयां, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज अंसारी एवं रामचंद्र भुइयां के पुत्र संजय भुइयां शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल गढवा झारखंड में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग एक ही आटो में सवार होकर सिलियाटोंगर गांव से गुजरात के जामनगर जाने के लिए आटो में सवार होकर निकले थे। उन सभी को नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकड़ना था। इस दौरान जतपुरा गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने आटो में टक्कर मार दिया। इससे आटो पलट कर पुल के नीचे चला गया। इस घटना के बाद घटना स्थल के आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### दो माह पूर्व गायब हुई युवतियों को पुलिस ने किया बरामद, युवक भी पकड़ा

**कालपी (जालौन)।** गत दो माह पहले एक साथ गायब हुई युवतियां पुलिस ने बरामद कर ली। इस दौरान एक युवक भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। मालूम हो कि गत कुछ माह पहले हाईवे स्थित गेस्ट हाउस में शादी समारोह का आयोजन हुआ था जिसमें भाग लेने के लिए क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ नगर निवासिनी उसकी ममेरी बहन भी भी गयी थी लेकिन वह फिर बापस नही लौटी थी और कई दिनों की खोजबीन के बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत की थी जिसपर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया था। इन मामले में कोतवाली पुलिस ने कयी जगहों पर छापेमारी की थी लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा था हालांकि बाद में जांच दौरान पुलिस को जानकारी हुई थी कि नगर के मुहल्ला हरीगंज से भी एक युवक गायब है पर युवतियां पुलिस को नही मिली थी लेकिन गुरुवार को वह नगर सीमा में पुलिस के हत्थे चढ़ गई है उनके साथ वह युवक भी पकड़ा गया है जो पुलिस की जांच के दौरान शक के दायरे में आया था। फिलहाल पुलिस आवश्यक कागजी कार्यवाही कर बरामद युवतियों को युवतियो को अदालत में भी पेश कर चुकी है जहां से उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार शीघ्र ही पुलिस अदालत में दिए गए बयानों के आधार पर आगे की कार्यवाही करेगी।

### विवाहिता ने ससुराली पक्ष की प्रताड़ना से त्रस्त होकर एसपी से मांगा न्याय

**जालौन (उरई)।** पति व सास मिलकर विवाहिता को तंग करते हैं। पत्नी व बच्चों के साथ लाठी, डंडों से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की सुनवाई कोतवाली पुलिस द्वारा न करने पर पीड़िता ने मामले की शिकायत एसनी से की थी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पति व सास के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार निवासी संगीता देवी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनके पति कृष्णकुमार खेती का काम करते हैं। घर पर सास रामकली उसके साथ रहती हैं। खेती के काम के बाद भी पति घर पर खर्च नहीं देते हैं। जिससे घर में आर्थिक तंगी रहती है। उसके दो बेटियां और एक बेटी है। उनसे भी अच्छे से बात नहीं करते हैं। जब कभी वह समझाने की कोशिश करती है तो पति व सास मिलकर गाली, गलौज व मारपीट कर देते हैं। बीती नौ जून को पति को कुछ रुपये मिले थी जिन्हें उन्होंने बर्बाद कर दिया। इसको लेकर जब उसने बता की और घर पर खर्च देने के लिए कहा तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। उसे सड़क पर गिराकर लाठी, डंडों से मारपीट की। बचाने आई बेटी के साथ भी मारपीट की। मारपीट के बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। जब उसने डायल 112 पर कॉल किया तो पति वहां से भाग गए। इसकी शिकायत उसने तुरंत कोतवाली जाकर की। लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने एसपी से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई थी। वहीं, एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी सास व पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड जवान की बाइक में हुई भिड़ंक, दोनों घायल

**कालपी (जालौन)।** रात्रि ड्युटी कर घर जा रहे होमगार्ड जवान की बाईक सामने आ रही बाईक से टकरा गई जिसमे दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज रिफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीतमपुर का डेरा निवासी शिवप्रसाद पाल पुत्र सुखलाल होमगार्ड की महेवा कम्पनी में जवान के पद पर कार्यरत है और इस समय वह ज्ञान भारती पुलिस चौकी में सेवाए दे रहा था और गुरुवार शाम वह डियुटि पर बाईक द्वारा गया था और शुक्रवार सुबह वह ड्यूटी समाप्त होने पर बाईक द्वारा घर से निकला था लेकिन जैसे ही वह गढ़गँवा गांव के पास पहुंचा था उसी दौरान सामने से आ रहे बाईक चालक से उसकी आमने सामने टक्कर हो गई थी और वह तथा दूसरा बाईक सवार सडक पर गिर गये थे। आनन फानन वहा से निकल रहे लोगों ने मामले की जानकारी वहा से कुछ दूर मौजूद उसके परिजनो को दी थी। दुर्घटना की जानकारी पर मौके पर आये परिजनो ने उसे सी एच सी मे दाखिल कराया था लेकिन हालत गम्भीर देख डाक्टरो ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया है तो दूसरे बाईक सवार की पहचान राकेश सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह निवासी बैरई के रूप में हुई है जिसकी भी हालत गंभीर थी और उसे भी इलाज के लिए रिफर किया गया है। वही डियुटि से लौटकर घर जा रहे जवान के घायल होने की जानकारी जैसे ही कोतवाली पुलिस को लगी तो आनन फानन अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गये और घायल जवान का हालचाल लेकर होमगार्ड जवान को मेडिकल कालेज इलाज के लिए भेजा है।

### ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**जालौन (उरई)।** अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद और सोने की चेन न देने पर पति समेत ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल लिया। बिना दहेज के वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी कोमल ने पुलिस को बताया कि उनके पिता कुंदनलाल ने उसकी शादी अप्रैल 2022 में कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर अहीर निवासी शिवम के साथ की थी। शादी के कुछ समय तक तो सब ठीक ठाक रहा। इसी दौरान उसके एक बेटी हुई। बेटी के जन्म के बाद ससुराल वालों का रवैया बिल्कुल बदल गया। पति शिवम समेत ससुर ओमकार, सास रमा देवी, जेठ चंद्रपाल व जेठानी उस पर मायके से अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये नकद और सोने की चेन लाने का दबाव बनाने लगे। उसके पिता शादी में ही इतना खर्च कर चुके थे कि ससुरालियों की अतिरिक्त दहेज की मांग को वह पूरा नहीं कर सकते थे। जब इस बारे में उसने ससुराल के लोगों को समझाना चाहा तो वह उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट करने लगे। एक दो बार पिता ने भी आकर समझाया लेकिन ससुरालियों ने एक न सुनी और उनकी प्रताड़ना जारी बनी रही। महिला ने आरोप लगाया कि हाल की में जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उपरोक्त सभी ने मिलकर उसके साथ न केवल मारपीट की बल्कि् उसका सारा स्त्रीधन छीनकर उसे घर से निकाल दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारियों की मीटिंग में डीएम ने की समीक्षा

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 से 21 जून 2024 तक जनपद मुख्यालय सहित समस्त विकास खण्डों एवं नगर पालिका, नगर पंचायत में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संबंध में तैयारी, समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 से 21 जून 2024 तक पूरे एक सप्ताह को योग सप्ताह के रूप में मनाए जाने से संबंधित सभी तैयारियों, गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस संबंध में अपने-अपने विभाग से संबंधित माइक्रोप्लान तैयार कर योग सप्ताह को वृहद स्तर पर सफल बनाना सुनिश्चित करें, योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून को राजकीय मेडिकल में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आम जनमानस में ष्योग स्वयं और समाज के लिएष् का भाव समझते हुए लोग योग को अपनी जीवन शैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। उन्होंने कहा कि योग सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले समस्त योगाभ्यास कार्यक्रमों को आयुष कवच एप पर अपडेट किया जाए तथा आयुष कवच एप के बारे में लोगों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से अवगत कराते हुए इसके उपयोग के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि इस संबंध में जिला स्तरीय समिति का भी गठन कर लिया जाए, आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों का फोटोग्राफ्स अवश्य बनाया जाए, इसके लिए एक नोडल अधिकारी भी नामित कर दिया जाए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून 2024 को इंदिरा गांधी स्टेडियम के प्रांगण में आयोजित होने वाले बृहद योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल इंदिरा गांधी स्टेडियम प्रांगण में आयोजन से सम्बंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, जिला क्रीड़ाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेकिस शिक्षा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाआओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाना जरूरी है जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा, उल्लेखनीय है कि 15 जून से 21 जून 2024 तक मनाये जाने वाले योग सप्ताह में जनपद के समस्त तहसीलों, नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लाकों एवं विद्यालयों सहित अन्य संगठनों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ सतेंद्र पटेल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चोपन/ सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में महिला उत्पीड़न सम्बन्धी अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-110/2024 धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डी.पी. एक्ट में वांछित अभियुक्त चन्दन सिंह पुत्र स्व0 केशव सिंह निवासी वार्ड नं0-02 गुरमा थाना चोपन जनपद सोनभद्र को शुक्रवार दिनांक 14.06.2024 को समय प्रातः 11.50 बजे मीनाबाजार गुरमा से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया, उ0नि0 पारसनाथ यादव,का0 आनन्द गौतम ,का0 संजय सरोज चौकी गुरमा थाना चोपन शामिल रहे।

# अधिकारी संभावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों की कार्ययोजना तैयार करें: डीएम

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में संभावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो के संचालन की कार्ययोजना तैयार किये जाने के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित स्टियरिंग ग्रुप की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना ससमय करना सुनिश्चित करें। तटबंधो की सुरक्षा हेतु संचालित कार्यो को बाढ़ से पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय। बाढ़ के दौरान तटबंधो की सुरक्षा एवं कटान के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय से आवश्यक सामग्री की आवश्यकता सुनिश्चित करा ली जाए। बाढ़ क्षेत्र का सघन भ्रमण कर तटबंधो के रैटहोल, रैनकट इत्यादि कटान सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय से करा लिए जाय। समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तथा राहत कैम्प हेतु स्थान का चयन किया जाए। बाढ़ के दौरान वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही टेण्डर इत्यादि की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व के अनुभवों का लाभ लेते हुए ऐसी प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें कि आपदा के समय जन-धन का नुकसान न होने पाए तथा राहत एवं बचाव कार्य भी निर्बाध ढंग से संचालित किये जा सकें। वर्षा ऋतु से पूर्व ही आवागमन के रास्तों को देख लें ताकि राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किये जा सके। जनपद में उपलब्ध नावों का सत्यापन कर उसकी आवश्यक मरम्मत व रंग-रोगन करा दिया जाए तथा जहां पर नावें न हो वहां पर आवश्यकतानुसार नावों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा नावों पर लाईफ-जैकेट जैसे जीवन रक्षक उपकरण भी उपलब्ध रहें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पर्याप्त संख्या में चार्जेबुल टार्चो की भी व्यवस्था का निर्देश दिए ताकि रात्रि के समय भी राहत व बचाव कार्यों में व्यवधान उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को बाढ़ से पूर्व ही चिन्हित कर लिया जाय ताकि बाढ आने की दशा में उन्हें आस-पास के चिकित्सालयों में शिफ्ट किया जा सके साथ ही दवाओं की उपलब्धता पूर्व से ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मे बाढ़ से पूर्व चिकित्सा एवं टीकाकरण शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण सुनिश्चित करा लें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष अपर जिला अधिकारी के नियंत्रण में कलेक्ट्रेट प्रांगण में 8-8 घंटे की तीन पाली में कलेक्ट्रेट के एक सहायक दो चपरासी तथा दो होमगार्ड तैनात किए जाएं, इस नियंत्रण कच्छ में टोल फ्री नंबर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अभियंता बेतवा नहर प्रखंड प्रथम उरई के कार्यालय में 15 जून से 15 अक्टूबर के मध्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाए, जिसमें 8-8 घंटे की तीन पाली में दो-दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी बाढ़ नियंत्रक कक्ष का दूरभाष नंबर 05162-252432 है, इसके अतिरिक्त तहसीलों में बाढ़ नियंत्रक कक्ष उप जिलाधिकारी के नियंत्रण में आवश्यकता अनुसार बनाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवकांत द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता बेतवा नहर प्रखंड प्रथम सहित सबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ललित नगर**
**विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 14-6-2024-025

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत ललित नगर विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु मनरेगा/ 5वा राज्य वित्त/ पंचम राज्य वित्त /केंद्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां राज्य वित्त आयोग /स्वच्छ भारत मिशन/ आर जी एस ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन ,ओडीएफ,वृक्षारोपण, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गो पशु आश्रय, भूसा,दाना /चुनी - चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट/इंटरलॉकिंग ईंट/ईंट गिट्टी /बालू /मोरंग /ग्रेनाइट/ सरिया /पत्थर गिट्टी/ ह्यूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी ,अलमारी ,साइन बोर्ड ,स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि । स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, डस्टबिन,ई रिक्शा,सायकिल रिक्शा इलेक्ट्रानिक सामान एवं कंप्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है ।और जेसीबी मशीन किराए पर, ट्रैक्टर ट्राली किराए ,आवश्यकता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17/6 /2024 से 19/6 /2024 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर 5 हजार मात्र होगी। निर्धारण कोटेशन दिनांक 22/6 /2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10.00 से 11.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जाएगा।

प्रधान — उदय प्रताप सिंह
सचिव — भूपेन्द्र तिवारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझवा बनकट**
**विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 14-6-2024-025

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मझवा बनकट विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु मनरेगा/ 5वा राज्य वित्त/ पंचम राज्य वित्त /केंद्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां राज्य वित्त आयोग /स्वच्छ भारत मिशन/ आर जी एस ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन ,ओडीएफ,वृक्षारोपण, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गो पशु आश्रय, भूसा,दाना /चुनी - चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट/इंटरलॉकिंग ईंट/ईंट गिट्टी /बालू /मोरंग /ग्रेनाइट/ सरिया /पत्थर गिट्टी/ ह्यूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी ,अलमारी ,साइन बोर्ड ,स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि । स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, डस्टबिन,ई रिक्शा,सायकिल रिक्शा इलेक्ट्रानिक सामान एवं कंप्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है ।और जेसीबी मशीन किराए पर, ट्रैक्टर ट्राली किराए ,आवश्यकता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17/6 /2024 से 19/6 /2024 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर 5 हजार मात्र होगी। निर्धारण कोटेशन दिनांक 22/6 /2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10.00 से 11.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जाएगा।

प्रधान — समसिया बेगम
सचिव — भूपेन्द्र तिवारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत तकिया**
**विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 14-6-2024-025

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत तकिया विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु मनरेगा/ 5वा राज्य वित्त/ पंचम राज्य वित्त /केंद्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां राज्य वित्त आयोग /स्वच्छ भारत मिशन/ आर जी एस ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन ,ओडीएफ,वृक्षारोपण, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गो पशु आश्रय, भूसा,दाना /चुनी - चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट/इंटरलॉकिंग ईंट/ईंट गिट्टी /बालू /मोरंग /ग्रेनाइट/ सरिया /पत्थर गिट्टी/ ह्यूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी ,अलमारी ,साइन बोर्ड ,स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि । स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, डस्टबिन,ई रिक्शा,सायकिल रिक्शा इलेक्ट्रानिक सामान एवं कंप्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है ।और जेसीबी मशीन किराए पर, ट्रैक्टर ट्राली किराए ,आवश्यकता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17/6 /2024 से 19/6 /2024 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर 5 हजार मात्र होगी। निर्धारण कोटेशन दिनांक 22/6 /2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10.00 से 11.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जाएगा।

प्रधान — अनीस खां
सचिव — भूपेन्द्र तिवारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर बनकट**
**विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 14-6-2024-025

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत भवानीपुर बनकट विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु मनरेगा/ 5वा राज्य वित्त/ पंचम राज्य वित्त /केंद्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां राज्य वित्त आयोग /स्वच्छ भारत मिशन/ आर जी एस ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन ,ओडीएफ,वृक्षारोपण, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गो पशु आश्रय, भूसा,दाना /चुनी - चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट/इंटरलॉकिंग ईंट/ईंट गिट्टी /बालू /मोरंग /ग्रेनाइट/ सरिया /पत्थर गिट्टी/ ह्यूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी ,अलमारी ,साइन बोर्ड ,स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि । स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, डस्टबिन,ई रिक्शा,सायकिल रिक्शा इलेक्ट्रानिक सामान एवं कंप्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है ।और जेसीबी मशीन किराए पर, ट्रैक्टर ट्राली किराए ,आवश्यकता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17/6 /2024 से 19/6 /2024 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर 5 हजार मात्र होगी। निर्धारण कोटेशन दिनांक 22/6 /2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10.00 से 11.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जाएगा।

प्रधान — डा अकील खां
सचिव — भूपेन्द्र तिवारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत जोकहा**
**विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 14-6-2024-025

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत जोकहा विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु मनरेगा/ 5वा राज्य वित्त/ पंचम राज्य वित्त /केंद्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां राज्य वित्त आयोग /स्वच्छ भारत मिशन/ आर जी एस ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन ,ओडीएफ,वृक्षारोपण, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गो पशु आश्रय, भूसा,दाना /चुनी - चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट/इंटरलॉकिंग ईंट/ईंट गिट्टी /बालू /मोरंग /ग्रेनाइट/ सरिया /पत्थर गिट्टी/ ह्यूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी ,अलमारी ,साइन बोर्ड ,स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि । स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, डस्टबिन,ई रिक्शा,सायकिल रिक्शा इलेक्ट्रानिक सामान एवं कंप्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है ।और जेसीबी मशीन किराए पर, ट्रैक्टर ट्राली किराए ,आवश्यकता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17/6 /2024 से 19/6 /2024 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर 5 हजार मात्र होगी। निर्धारण कोटेशन दिनांक 22/6 /2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10.00 से 11.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जाएगा।

प्रधान — जमुना प्रसाद
सचिव — भूपेन्द्र तिवारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत बालापुर**
**विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 14-6-2024-025

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बालापुर विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु मनरेगा/ 5वा राज्य वित्त/ पंचम राज्य वित्त /केंद्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां राज्य वित्त आयोग /स्वच्छ भारत मिशन/ आर जी एस ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन ,ओडीएफ,वृक्षारोपण, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गो पशु आश्रय, भूसा,दाना /चुनी - चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट/इंटरलॉकिंग ईंट/ईंट गिट्टी /बालू /मोरंग /ग्रेनाइट/ सरिया /पत्थर गिट्टी/ ह्यूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी ,अलमारी ,साइन बोर्ड ,स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि । स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, डस्टबिन,ई रिक्शा,सायकिल रिक्शा इलेक्ट्रानिक सामान एवं कंप्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है ।और जेसीबी मशीन किराए पर, ट्रैक्टर ट्राली किराए ,आवश्यकता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17/6 /2024 से 19/6 /2024 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर 5 हजार मात्र होगी। निर्धारण कोटेशन दिनांक 22/6 /2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10.00 से 11.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जाएगा।

प्रधान — गंगोत्री टंडन
सचिव — भूपेन्द्र तिवारी

# सभी त्योहार शांति एवं सद्भाव पूर्ण माहौल में मनाए जाएं: डीएम

- कोई भी ऐसा कार्य न करें, जो परम्परागत न हो, सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर -एसपी
- कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**आगामी** त्यौहारों को शांति एवं सद्भाव पूर्ण मनाये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि जनपद कन्नौज शांतिप्रिय जनपद है। यहां सभी पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होते आए हैं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ईदुलजुहा (बकरीद) एवं गंगा दशहरा पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग सम्पन्न कराएं जाने हेतु आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता अच्छी हो, ताकि पर्व अच्छे माहौल में सम्पन्न हो। उन्होंने कहा कि सुविधा, संसाधन, सरकार आपके पास उपलब्ध है। कही पर भी कोई समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। श्री शुक्ल ने कहा कि त्यौहार में बिजली, पानी, सफाई आदि की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि नमाज केवल मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। सार्वजनिक स्थलों/सड़कों पर न अदा की जाये। नमाज पढ़ने वाले स्थान पर सफाई, लाइट आदि की व्यवस्था अच्छी हो। पशुओं की कुर्बानी सार्वजनिक स्थलों/खुले में न की जाये, साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में न हो। अवशेष को समुचित ढंग से निस्तारण किया जाये। कहा कि शासन द्वारा हूटर, प्रेशर हॉर्न हटाने के निर्देश दिए गये है। इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। हूटर पुलिस, स्वास्थ्य, ट्रैफिक आदि को अनुमन्य रहेगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना है जो परम्परागत न हो, वाट्स एप ग्रुप पर बिना पुष्टि के मैसेज इधर से उधर फॉरवर्ड न किये जाये। सोशल मीडिया का प्रयोग सही रूप में करें। सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जायेगी। अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि बकरा मंडी ऐसे स्थान पर लगाई जाये, जहाँ पर ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो। इसी प्रकार बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन रोड हटकर करें ताकि ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक व समस्त एसडीएम तथा समस्त सीओ मौजूद रहे।

# बकरीद पर अल्लाह की राह में करें कुर्बानी और साफ-सफाई का रखें ख्याल: मौलाना जहुल हक

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**इस्लामिक** विद्वान तथा एक मिनारा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना जहुल हक ने बताया कि इस्लामी साल का यह आखरी महीना है जिसे बकरीद के नाम से जाना जाता है इस माय मुबारक की बहुत ही शान है इसका चांद नजर आते ही हर दिल में उसे अजीमुश्शान कुर्बानी की याद ताजा हो जाती है कि जिसकी मिसाल कोई पेश नहीं कर सकता इसमें जो कुर्बानी की जाती है यह हजरत इब्राहिम अली सलाम की प्यारी सुन्नत है उन्हीं की सुन्नत को अदा करने के लिए मुसलमान अपने जानवरों की कुर्बानी पेश करते हैं मौलाना जहुल हक ने बताया कि लोगों को अगर कुर्बानी की मिसाइल की जानकारी ना हो तो उसे अपने उलेमा ए इकराम से पूछना चाहिए क्योंकि अक्सर यह देखा जाता कि जो लोग साबिर हिसाब होते हैं वह कुर्बानी नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग होते हुए भी दूसरों के नाम पर कुर्बानी करते हैं जबकि मसाला यह है कि जो शख्स साइबर निशब हो उसको अपने ऊपर कुर्बानी वाजिब होती है अब अगर किसी दूसरे के नाम से कुर्बानी करना चाहता है तो फिर वह दो कुरबानी करेगा क्योंकि उसे तो अपने नाम से हर साल करनी ही होगी जब तक वह इसके हिसाब तक रहेगा उन्होंने बताया कि जो जानवर कुर्बानी के लिए ले वह अच्छे खूबसूरत होना चाहिए उन्होंने लोगों से अपील की है कि जहां भी कुर्बानी की जाए उसे जगह को खुला ना होना चाहिए किसी सामान्य से उसे जगह को पर्दा कर लें और जानवरों के निकले हुए मालवे को नालियों या सड़क पर ना डालें जगह-जगह गाड़ियों में मालवा डालने का इंतजाम नगर पालिका की तरफ से किया जाता है इस पलका की गाड़ियों पर उसको डालें साफ सफाई का ख्याल रखें उन्होंने प्रशासन से मांग की की इस त्यौहार के मौके पर बिजली पानी साफ सफाई का पूरा इंतजाम किया जाए।

# एक दिन पूर्व लापता हुए बुजुर्ग का शव काली नदी में उतराता मिला, क्षेत्र में फैली सनसनी

- मृतक के परिजनों ने अपहरण कर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दीतहरीर
- पुलिस ने शव को नदी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मामले की जांच पड़ताल में जुटी



काली नदी के पास लगी लोगों की भीड़ — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार की** सुबह काली नदी में एक बुजुर्ग का शव उतराता देख क्षेत्रीय लोगों में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने अपहरण कर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तहसीपुर निवासी 60 वर्षीय शिव प्रकाश गुरुवार की शाम जानवर चराने के लिए घर से निकले थे, लेकिन फिर वह वापस नहीं लौटे। रात भर परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव के बाहर काली नदी में शव उतराता देखा। नदी में शव मिलने की खबर से मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। वहीं सूचना मिलते ही सीओ सिटी कमलेश कुमार और कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकलवाया। शिव प्रकाश के परिजनों ने उनका अपहरण कर हत्या किए जाने के आरोप लगाते हुए परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घटना स्तर पर जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि शिव प्रकाश एक दिन पहले शाम को लापता हो गए थे। वह जानवरों को चराने के लिए घर से निकले थे। सुबह काली नदी में उनकी डेड बॉडी मिली है। परिजनों ने अपहरण और हत्या की तहरीर दी है। जिसके आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

# आम तोड़ रहे युवक की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत

- ठठिया थाना क्षेत्र के महसैंया गांव का मामला
- परिजनों ने बिजली विभाग से रखी मुआवजे की मांग

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**ठठिया** थाना क्षेत्र के महसैंया गांव में शुक्रवार की दोपहर पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा एक युवक एचटी लाइन की चपेट में आ गया। विद्युत तारों से चिपककर वह नीचे आ गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी ओर परिजनों ने विद्युत विभाग से मुआवजा दिए जाने की मांग रखी है। महसैंया गांव का निवासी विनय कुमार (25) शुक्रवार की दोपहर गांव में लगे एक आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। पेड़ के ऊपर से एचटी लाइन गुजरी है। किसी तरह से युवक एचटी लाइन की चपेट में आ गया। तारों से चिपककर वह जलने लगा। कुछ देर बाद वह पेड़ से नीचे आ गिरा। आसपास के लोग जब तक पहुंचे, तब तक युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना ठठिया थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे। जिसकी जानकारी एसडीएम तिर्वा को दे दी गई है।

## खबरें चलते-चलते

### सासंद अखिलेश यादव की देखरेख मे हो विकास कार्य

**छिबरामऊ।** कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद दुबे ने कहा यहा से गठबंधन प्रत्याशी सासंद अखिलेश यादव की देखरेख मे ही विकास कार्य किए जाए। तब तक चल रहे विकास कार्यो को तत्काल रोक दिया जाए। उन्होने कहा गुदरगढा तालाब का सुंनदरीकरण मनमाने ढंग से किया जा रहा है।इसकी मिट्टी निकालकर हाथी डुबउ बनाया जा रहा है ।होने वाली बरसात मे पानी भरने पर घटना हो सकती है। मोहल्ला सराफान व दीक्षितान के बीच रहने वाली आबादी के लिए ऐसा तालाब हितकर नही है।तालाब की जमीन पर अवैध रूप से काई मकान बन चूके है।उन्होने कहा एक तरफ तालाब बनाए जा रहे है।इसको पानी से भरने की व्यवस्था की जा रही है।साफ जहीर है कि सुंदरीकरण के नाम लूट हो रही है।

### संदिग्ध आवस्था में दम्पति ने खाया जहरीला पदार्थ

**छिबरामऊ।** ग्राम भरतपुर निवासी दंपति ने संदिग्ध परिस्थितियो मे जहरीला पदार्थ खा लिया ।हालत खराब होने पर परिजनो ने उन्हे उपचार के लिए दिलू नगला स्थित सौ शैय्य अस्पताल मे भरहती कराया ।हालत नाजुक होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया गया।जनपद मैनपुरी क्षेत्र के बॉर्डर के ग्राम भरतपुर निवासी 35वर्षीय अरविंद कुमार पुत्र शिवबख्स व उसकी 34वर्णीय पत्नी अर्चना ने किसी संदिग्ध कारणो के चलते कोई जहरीला पदार्थ खा लिया ।हालत बिगडने पर परिजनो ने उन्हे उपचार के लिए सौ शैय्य अस्पताल मे भर्ती कराया वहा से डॉक्टरो ने तिरखवा मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया।

### मीटर चेक कर रहा कर्मचारी गिरकर घायल

**छिबरामऊ।** डायट रोड पर मीटर की रीडिंग ले रहे।विधुत संविधान कर्मचारी कुर्सी पर खडे थे।तभी अचानक कुरूसी टूट जाने के कारण वह नीचे गिर पडा और वह घायल हो गया।साथी कर्मचारी ने उसे सौ शैय्य अस्पताल मे भरहती कराया।वहा से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतिराजपुर निवासी तरूण तिपाठी पुत्र अमरेश चन्द्र विधुत विभाग मे संविधा कर्मचारी के पद पर नियुक्त है।

### महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही एक परिवार के दो सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम जुनेदपुर निवासी अफसाना बेगम पत्नी जुनैद रजा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार की सुबह वह अपने घर के बाहर खड़ी थी तभी गांव के ही महेसर व सब्बू बेगम आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### विवाहिता से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शादी में कम दहेज देने का ताना देते हुए पति ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम झूसी नागर निवासी अंजली देवी पत्नी अतुल सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह उसके पति अतुल सिंह ने शराब के नशे में धुत होकर शादी में कम दहेज देने की बात कहते हुए गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारनें की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पूर्व राज्य मंत्री में कार्यकर्ताओं की समस्याएं संबंधित अधिकारियों को तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** सरकार की पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने अपने आवास पर क्षेत्र से आए हुए कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने अपने आवास पर क्षेत्र से आए हुए सभी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के विभाग अध्यक्षों से दूरभाष से संपर्क कर कार्यकर्ताओं की समस्या निस्तारित करने के निर्देश दे।

# आशा बहूओं ने सीएमओ कार्यालय के बाहर किया धरना प्रदर्शन

- प्रदर्शन के दौरान आशा बहूओं ने सीएमओ को सौंपा मांग पत्र, चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**ब्लाक गुगरापुर** स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक के खिलाफ अभद्रता और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए आशा बहूओं ने आशा वेलफेयर एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष की अगुवाई में शुक्रवार को शहर के बिनोद दीक्षित अस्पताल स्थित सीएमओ ऑफिस के बाहर एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आशा बहूओं ने सीएमओ को मांग पत्र सौंपते हुए उक्त चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहीं आशा बहुओं ने आरोप लगाया कि पीएचसी गुगरापुर में तैनात डॉक्टर प्रदीप कुमार आशा बहुओं से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। टीकाकरण के लिए आशा बहुएं अस्पताल पहुंचती हैं तो उन्हें बैठने की जगह नहीं दी जाती। यदि किसी कमरे में बैठकर टीकाकरण का काम आशाएं करतीं हैं तो डॉक्टर द्वारा कभी पंखा बन्द करवा दिया जाता है तो कभी आशाओं का हाथ पकड़ कर कमरे से बाहर निकाल देते हैं। आशाओं और महिलाओं से गाली-गलौज करते हैं। आशा बहुओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टर प्रदीप कुमार का कहना है कि वह बड़े अधिकारी हैं और उनके मामा सचिवालय में हैं। जिले के अधिकारियों, नेताओं और मंत्री से उनके सम्बंध है। इसी हनक के चलते वह अक्सर ज्यादातर दिनों में अस्पताल से गायब रहते हैं और आशाओं को इधर-उधर भटकना पड़ता है। आशा बहुओं ने उक्त चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि कार्यवाही न की गई तो वह लोग आरपार की लड़ाई लड़ेंगी। मामले का संज्ञान लेते हुए प्रदर्शन कर रहीं आशा बहुओं के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर सीएमओ डॉ. बिनोद कुमार ने बातचीत की और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन आशा बहुएं कार्रवाई की मांग पर अड़ी रहीं। आशा बहुओं ने सीएमओ को मांग पत्र सौंपते हुए कार्रवाई न होने तक आंदोलन करने की चेतावनी दी। बताया गया कि डॉक्टर प्रदीप कुमार का रवैया पहले भी खराब रहे चुका है। उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए उनके सीनियरों द्वारा पत्र भी लिखे जा चुके हैं, लेकिन हनक के चलते उन पर कार्रवाई नहीं की जाती।

# जनसमुदाय तक परिवार नियोजन सेवाएं हरहाल में पहुंचायें:डा. वीरेंद्र सिंह




**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**


शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय में हुई। जिसमें सिटी प्लान की समीक्षा की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन सेवाओं को जनसमुदाय तक पहुंचाने के लिए सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी। शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस और छाया दिवस सभी वार्डो में नियमित रुप से आयोजित किए जाए। जहां आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्री नहीं है, वहां अतिरिक्त दिवस आयोजित किए जाए। इसमें शिक्षा विभाग और आईसीडीएस विभाग का भी सहयोग लिया। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों द्वारा हेल्थ मैनेजमेंट एंड इनफोरमेशन सिस्टम (एचआईएमएस) पोर्टल पर रिपोर्टिंग सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जाए। जिससे डाटा संग्रह में कोई दिक्कत न हो। शहरी बाल विकास परियोजना अधिकारी विमलेश आर्या ने कहा कि उनके स्तर का जो भी सहयोग होगा, किया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने विश्व जनसंख्या दिवस को सफल बनाने पर चर्चा की। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के जिला प्रतिनिधि शरद श्रीवास्तव ने शहरी स्वास्थ्य में अब तक हुए कार्यो का ब्योरा भी रखा।

उन्होंने परिवार नियोजन सेवाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। शहरी स्वास्थ्य कोआर्डिनेटर संजीव कुमार चंदेरिया ने परिवार रजिस्टर को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। बैठक में चोब सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण बोले केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को जिम्मेदार लगा रहे पलीता

# तीतरा खलीलपुर में ठेकेदार ने नमामि गंगे की जलापूर्ति की बंद

**कोंच (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**भीषण गर्मी** में तीतरा के ग्रामीणों को भयंकर जल संकट से जूझना पड़ रहा है। सरकार की हर घर नल से जल योजना भी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही है। आधे गांव को डायरेक्ट सप्लाई से मिल रहा पानी भी ठेकेदार ने बंद कर दिया है जिससे त्राहिमाम की स्थिति बन गई है। सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल को लेकर नदीगांव ब्लॉक के ग्राम तीतरा खलीलपुर में पूरे गांव में पाइपलाइन बिछा कर घरों में नलों के कनेक्शन दिए गए हैं। सप्लाई के लिए ओवरहेड टैंक भी बन कर तैयार हो चुका है लेकिन उससे अभी सप्लाई लाइन का कनेक्शन नहीं हो सका है। फिलहाल फौरी तौर पर समर्सेबल से डायरेक्ट सप्लाई जरूर शुरू कर दी गई थी जिससे करीब आधे गांव की पानी की जरूरत पूरी हो रही थी जो तीन दिन पहले तक जारी थी। ग्रामीणों के मुताबिक ओवरहेड टैंक से जोड़ने की बात कहकर ठेकेदार ने सप्लाई बंद कर दी है जिससे अब गांव में पानी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। गांव के सुशील मिश्रा, लालजी, पप्पू, नेतराम, नीतू बाल्मीकि, रतन कुशवाहा आदि ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते भूगर्भ जलस्तर नीचे खिसक जाने से गांव में लगे अधिकांश हैंडपंप भी दम तोड़ चुके हैं जिससे गांव वालों की पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि या तो ओवरहेड टैंक से सप्लाई तत्काल चालू कराई जाए, अन्यथा की स्थिति में तब तक समर्सेबल की डायरेक्ट सप्लाई जारी रखने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया जाए।

### ईद-उल-अजहा पर ईदगाह सहित प्रमुख मार्गो पर सफाई व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

**कोंच(जालौन)।** 17 जून को मनाये जाने वाले प्रमुख मुस्लिम त्योहार ईद-उल-अजहा बकरीद पर ईदगाह मैदान सहित नगर की सभी मस्जिदों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने को लेकर पालिकाध्यक्ष ने बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार की सुबह नगर पालिका कार्यालय के सभागार में बैठक करते हुए पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सम्बन्धित कर्मचारियों को ईदगाह मैदान सहित नगर की सभी मस्जिदों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, चूना का छिड़काव कराने और गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखकर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए।


### सूचना

मैने अपने मझिले पुत्र सुधांशू उर्फ निक्की को उसके गलत चाल-चलन के कारण उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने किसी भी कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होगा। परिवार के किसी सदस्य से अब कोई लेना देना नहीं है।

**राघवेन्द्र पुत्र कान्ह कुमार निवासी ग्राम व मौजा नादेमऊ, तह. तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

# छेड़छाड़ की रंजिश में दबंगों ने चाचा भतीजे को मारी गोली, लोहिया रेफर

**कायमगज, समृद्धि न्यूज**


घायल सुखवीर व वीकेश — समृद्धि न्यूज

**पुरानी रंजिश** के चलते दबंगों ने चाचा-भतीजे को गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। क्षेत्राधिकारी ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव नियाजू नगला निवासी 28 वर्षीय सुखवीर शाक्य पुत्र नेकराम शाक्य को पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने गोली मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। पूछताछ के दौरान घायल ने बताया कि कुछ माह पूर्व नेकसे पुत्र श्यामलाल, अमन, प्रदीप पुत्रगण ब्रजमोहन तथा ब्रजमोहन पुत्र निरोत्तम निवासी नगला धनी, राजेश निवासी रहमानपुर ने मेरी बहन के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसका मुकदमा मैंने उपरोक्त अभियुक्तगणों के विरुद्ध दर्ज कराया था, तभी से उपरोक्त लोग रंजिश मानने लगे। सुखवीर ने बताया कि बीती रात हमारे चाचा के नाती का डस्टौन कार्यक्रम था। जिसकी खुशी में डीजे बज रहा था, तभी नेकसे पुत्र श्यामलाल, अमन, प्रदीप पुत्रगण ब्रजमोहन तथा ब्रजमोहन पुत्र निरोत्तम निवासी नगला धनी, राजेश निवासी रहमानपुर एक राय होकर आये और आते ही मेरे साथ गाली गलौज करते हुए डीजे बन्द करवा दिया। जिसकी सूचना मैंने डायल 112 पुलिस को दी। मौके पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की। सुखवीर शाक्य पुत्र कल्लू ने पुलिस से कहा कि उपरोक्त दबंगों से हमें जानमाल का खतरा है, लेकिन पुलिस ने उनकी बात को अनसुना कर दिया और वापस चली गयी। पुलिस के जाने के बाद ब्रजमोहन, प्रदीप, अमन, नेकसे पुनः आये और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से गोली मार दी। गोली लगने से मैं व मेरे चाचा 40 वर्षीय वीकेश शाक्य पुत्र नेकराम घायल हो गये। सुखवीर के पेट में, जबकि वीकेश की जांघ में गोली लगी है। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस ने पहुंचकर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, कस्वा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी, मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे और घायलों से पूछताछ की। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद चाचा वीकेश, भतीजा सुखवीर को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अगर पुलिस रात में ही आरोपियों को पहुंचा देती हवालात, तो नहीं घटती घटना

कायमगंज। घायल सुखवीर ने बताया कि बीती रात जब डायल 112 पुलिस आयी थी, तो उन्होंने पुलिस से अपनी जान का खतरा बताया था और सुरक्षा की मांग की थी, क्योंकि आरोपी तमंचों से लैस थे, लेकिन पुलिस ने पीड़ितों की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया और आरोपियों को समझा बुझाकर घर भेज दिया और पुलिस वापस चली गयी। जिससे आरोपियों के हौसले और बुलंद हो गये। पुलिस के जाते ही आरोपी पुनः तमंचों से लैस होकर आये और सुखवीर व वीकेश के गोली मार दी। यदि रात में ही पुलिस आरोपियों के खिलाफ दफा 25 की कार्यवाही कर उन्हें हवालात में बंद कर देती, तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं घटती।

# स्टेशन के बाहर से बाइक चोरी, कैमरे खराब

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**


जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**वैसे तो** कस्बे में रेलवे तिराहे, चौराहे सहित कई स्थानों पर कैमरे लगे है, परंतु सालों से स्टेशन के बाहर कैमरे खराब होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहनपुर दिनारपुर निवासी धीरेंद्र सिंह पुत्र श्रीमेध सिंह अपनी बहन को छोड़ने बाइक से कमालगंज रेलवे स्टेशन आया था। स्टेशन के बाहर युवक बाइक खड़ी कर टिकट लेने चला गया। बीस मिनट बाद जब वह स्टेशन से बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी। रेलवे की जमीन पर कब्जा किए हुए ठेली वालों व आसपास के दुकानदारों से जब पूछा, तो किसी को कुछ नहीं पता था। पीड़ित ने कमालगंज थाने में पुलिस से गुहार लगाई, तो थाना पुलिस ने मामले को रेलवे पुलिस के पास स्थानांतरित कर दिया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है की आखिर क्यों इतने दिनों से लाखों की लागत से लगे कैमरे खराब पड़े हैं। आखिर क्यों रेलवे प्रशासन की जमीन पर इतना कब्जा है। इससे पूर्व भी स्टेशन परिसर से कई मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी हैं, पर अभी तक किसी के कानों पर जूं तक नही रेंगी।

# खबरें चलते-चलते

## बेहतर कार्य करने वाले जिला जेल के बंदी रक्षक सम्मानित



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला जेल में बेहतर कार्य करने वाले बंदी रक्षकों को डीजी के निर्देश पर सम्मानित किया गया। डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री द्वारा विगत दिनों किए गए जेल निरीक्षण के दौरान कारागार के मुख्य द्वार पर लज्जाराम गौतम हेड जेल वार्डर के नेतृत्व में प्रदीप कुमार जेल वार्डर, नवनीत कुमार जेल वार्डर, अंकित कुमार जेल वार्डर और दुष्यंत कुमार जेल वार्डर द्वारा सलामी दी दी गई थी। डीजी जेल द्वारा अपनी निरीक्षण टिप्पणी में परेड के टर्न आउट की प्रशंसा की गई है। जिसके अंतर्गत जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद द्वारा सलामी देने वाले कर्मचारियों को 500-500 रुपए का नगद पुरुस्कार और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने कहा कि अच्छे कार्यों की सदैव प्रशंसा होती है। सभी कर्मचारी अपने -अपने स्तर से अच्छे कार्य करें। जिससे आगामी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित हो सकें। किसी भी व्यक्ति द्वारा किए गए अच्छे कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाते हैं। समय आने पर उनकी प्रशंसा अवश्य होती है। इस अवसर पर जेलर अखिलेश कुमार, अवनीश कुमार, उपजेलर वैभव कुशवाह, सरोज देवी, कृष्ण देवी, जेल चिकित्सक विजय अनुरागी, फार्मासिस्ट यादवेंद्र मोहन, अमित कुमार, नीरज कुमार, राजेंद्र बाबू आदि उपस्थित रहे। सभी ने सम्मान पाने वाले अपने साथी कर्मचारियों को बधाइयां दीं।

## एफएसडीए ने संग्रहीत किये 25 सर्विलांस नमूने



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जनपद में 25 सर्विलांस नमूने संग्रहीत किये गये। जिन्हें जांच हेतु लखनऊ प्रयोगशाला भेजा जायेगा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डॉ0 शैलेंद्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा द्वारा संग्रहीत किये गये हैं। जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। नमूने प्रमुखतः फुटकर विक्रेताओं से संग्रहीत किये गये हैं। जिसमें पनीर के 15 सर्विलांस नमूने, सिन्थेटिक सिरप/शर्बत 5 सर्विलांस नमूने, ड्राईड फ्रूटसएण्ड नट्स के 5 सर्विलांस नमूने भरे गये। कुल मिलकर 25 नमूने संग्रहीत किये गये। बताते चलें कि अप्रैल से जून माह तक 200 सर्विलांस नमूनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके चलते आज जनपद में अभियान चलाया गया जिसमें 25 नमूने संग्रहीत किये गये।

## अधेड़ की मौत से मचा कोहराम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी बबलू (45) की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

# वर्षों से बंद है शौचालय, केयरटेकर को मिल रहा मानदेय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**



बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय — समृद्धि न्यूज

**स्वच्छ भारत** मिशन को ग्राम पंचायत के केयरटेकर पलीता लगा रहे। लाखों रुपया खर्च करने के बावजूद सामुदायिक शौचालय के ताले नहीं खुल रहे हैं। जिससे पुरुष व महिलायें खेतों में शौच जाने को विवश हैं। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदपुर में सरकार द्वारा लाखों रुपया खर्च करके स्वच्छ भारत मिशन के तहत सुलभ शौचालय बनवाये गये थे। जिससे ग्रामीण इनका प्रयोग करें और खुले में शौच न जायें, लेकिन कुछ दिन खुलने के बाद यह शौचालय बंद हो गया। आज इस शौचालय में ताला पड़ा हुआ है। जबकि केयरटेकर प्रतिमा ग्राम पंचायत निधि से 9000 रुपये प्रतिमाह मानदेय पा रही है। ग्रामीणों ने कई बार इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से लेकर अन्य अधिकारियों से शिकायतें कीं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। धीरे-धीरे यह शौचालय अपने अस्तित्व खोता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कभी भी केयरटेकर प्रतिमा को नहीं देखा है, लेकिन इसके बावजूद उसको मानदेय मिल रहा है। विकास खंड कार्यालय पर एडीओ पंचायत से जब इस बाबत जानकारी की गई, तो उनका फोन नहीं लगा और ना ही उनसे इस बारे में किसी भी प्रकार की वार्ता हो पाई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उपरोक्त शौचालय खुलवाये जाने व केयरटेकर के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती चढ़ी परवान, आगरा से दो प्रेमी पहुंचे शमशाबाद

▸ प्रेमिकाओं को भगा ले जाने का था प्लान, सूचना पर पहुंचे ग्रामीण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद दो प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को भगाने के उद्देश्य से शमशाबाद के एक मंदिर पर आ पहुंचे। वहीं प्रेमिकायें भी मंदिर पर पहुंच गयीं, तभी भनक लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। जिससे प्रेमिकायें घबरा गयीं और अपने घर भाग गयीं। वहीं प्रेमी भी अपने-अपने घर चले गये। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र में एक मंदिर पर आगरा बोधला चौकी के मोहल्ला कॉलोनी मनीष नगर से चलकर दो प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं से मिलने शमशाबाद खोर नगरी में पहुंचे। बताते हैं कि इंस्टाग्राम से प्यार परवान चढ़ा और यहां तक पहुंच गया। मंदिर पर पहले से ही तीन प्रेमिकायें प्रेमियों का इंतजार कर रही थीं। तीनों प्रेमिकाओं ने मंदिर में दर्शन किए और कोल्ड ड्रिंक आदि पी। इसी दौरान एक दूसरे को रिंग भी पहनाई गई। मामला साथ जीने मरने की कसमों तक जा पहुंचा। मामले भाग जाने तक जा पहुंचा। इसकी भनक कुछ लोगों को लगी, तो वह मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने देखा तीनों प्रेमिकाएं अपने प्रेमी के साथ कोल्ड ड्रिंक पी रही थी। जैसे ही उन्होंने ग्रामीणों को देखा तो वहां से अपने-अपने घरों के लिए भाग खड़ी हुई। दोनों प्रेमियों से पूछताछ की गयी। दोनों प्रेमियों ने बताया कि हम लोग आज यहां से भाग निकलने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार मामले को रफादफा कर दिया गया है। प्रेमिकाओं के परिवार के सदस्यों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। बाद में प्रेमी अपने-अपने घरों को चले गये।

# लोहिया पहुंच रहे पेट दर्द, हीटस्ट्रोक व डायरिया के मरीज


लोहिया अस्पताल में बैठे मरीज — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लोहिया अस्पताल** में गर्मी में डायरिया, हीट स्ट्रोक, पेट दर्द आदि के बहुतायत में मरीज इलाज कराने को पहुंच रहे हैं। वहीं डाक्टरों का कहना है कि इस मौसम में लोग पानी अधिक से अधिक पियें। जिससे हीटस्ट्रोक की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता है। जानकारी के अनुसार शुरुवार को लोहिया अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ पहुंची। जिसमें सबसे ज्यादा मरीज डायरिया, पेट दर्द, कालरा, उल्टी आदि के पहुंचे। जहां उन्होंने फिजीशियन को दिखाकर दवायें लीं। वहीं डाक्टरों का कहना है कि गर्मी का मौसम है इस समय पानी अधिक से अधिक पियें, क्योंकि पानी की कमी से हीटस्ट्रीक की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसके अलावा गर्म हवा से बचने के लिए सर पर कोई भी सूती कपड़ा बांधे, क्योंकि लू लगने से कभी-कभी बड़ी परेशानी उत्पन्न हो सकती है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि दोपहर के समय घर से कम ही निकलें, तो ज्यादा अच्छा है। जो भी काम हो वह सुबह या शाम को निपटा लें, तभी हम गर्मी से होने वाली बीमारियों से बच सकते हैं।

# गंगा दशहरा पर होने वाले स्नान की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी व मौजूद एडीएम व सीडीओ आदि

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा पांचाल घाट पर गंगा दशहरा के स्नान के लिये की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि घाट के दोनों तरफ बेरिकेडिंग कराई जाये। घाट के दोनों तरफ जनरेटर लगाये जायें। सफाई के लिये 03 पालियों में सफाईकर्मी की टीम लगाई जाये। जिससे घाटों पर कतई गंदगी न रहे। अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 10 गोताखोरों को लगाया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि घाट के दोनों तरफ लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। पीने के पानी के लिये टैंकर लगाए जाएं। पूरे क्षेत्र में पी0ए0 सिस्टम लगाया जाये। घाट पर खोया पाया केंद्र भी बनाया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गंगा दशहरा के पर्व पर कोई भी अव्यवस्था न रहने पाये। पुल के ऊपर जाम की समस्या उत्पन्न न हो। वहां पर पुलिस की डियूटी लगायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट अरविन्द मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चूल्हें की चिंगारी से दो झोपड़ियों की जली गृहस्थी


आग से हुई तबाही का मंजर — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अमृतपुर थाना** क्षेत्र की पुरानी चौकी के पास खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते आग ने दो झोपड़ियों को जलाकर राख कर दिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अमृतपुर निवासी सोनी पत्नी मुराद अली अपनी झोपड़ी में खाना बना रही थी। उस समय चूल्हे की चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग नें विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग से छप्पर, कमरे के दो दरवाजे, 4 कुंतल गेहूं, 2 रजाई, 4 कम्बल, 2 चारपाई, 10 बोरी धान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अनुसार कुल 60000 रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मुराद अली मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मुराद अली ने बताया है कि कल ही उन्होंने झोपड़ी रखी थी। पीड़ित का कहना है कि अब उसके पास कुछ भी खाने पीने को नहीं बचा है। सब आग की भेंट चढ़ गया। उसने जिला प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाने की गुहार लगायी है।

**ज्ञापन** — टैक्सी एवं थ्रीव्हीलर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# यातायात प्रभारी की सांठगांठ से टेंपो चालकों से की जा रही अवैध वसूली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते टेंपो चालक — समृद्धि न्यूज

**टैक्सी** एवं थ्रीव्हीलर एसोसिएशन ने अवैध वसूली रोकने एवं कार्यवाही करने के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि हम सभी लोग थ्रीव्हीलर एसोसिएशन मोहल्ला बढ़पुर फर्रुखाबाद के सदस्य हैं तथा फर्रुखाबाद से फतेहगढ़ व लालगेट से घटियाघाट रोड व चिलसरा होते हुए शमशाबाद व अमृतपुर तक टेंपो/थ्रीव्हीलर का संचालन करते हैं। हम चालकों का बिहारीजी बस सर्विस पांचाल घाट से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है तथा न ही हम चालक उक्त बस स्टैण्ड न तो टेंपो खड़े करते हैं और न ही उक्त बस स्टैण्ड से सवारी लेते हैं। हम लोगों का परमिट 40 किलोमीटर एरिया तक वैध है। उक्त बिहारीजी बस स्टैण्ड के नाम से दबंग व भूमाफिया मनोज अग्निहोत्री, बिहारी अग्निहोत्री पुत्र मनोज अग्निहोत्री, विनीत शेखर वर्मा पुत्र रामशंकर वर्मा तथा 20-25 अन्य लोग अज्ञात स्थानीय पुलिस के यातायात प्रभारी रजनेश यादव से सांठगांठ किये हुये हैं तथा प्रत्येक माह 20 हजार रुपये देकर पीड़ित टेंपो चालकों को यातायात प्रभारी से धमकाकर अवैध वसूली प्रति टेंपो से 3000/- हजार रुपया प्रतिमाह करते हैं तथा बिहारीजी स्टैण्ड पर अधिकारियों को बुलाकर मीटिंग कर उन्हीं अधिकारियों की आड़ में अवैध वसूली करते हैं। जो टेंपो चालक पैसे नहीं देता है, तो उसे मारपीट कर उसका 151 सी.आर.पी.सी. में चालान करवा देते हैं। ऐसी स्थिति में उक्त अवैध वसूली को रोका जाना आवश्यक है। ज्ञापन पर मनीष राजपूत, अभिनव वर्मा, अवधेश शुक्ला, पंकज, अमित कुमार, रामप्रकाश, शुभम मिश्रा आदि के हस्ताक्षर हैं।

# जनपद की मधुकीर्ति को उड़ीसा में मिला एकता नेशनल यूथ अवार्ड

▸ कथक नृत्य में कौशल्या गिरी भी हुई सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



सम्मान प्राप्त करती मृदुकीर्ति — समृद्धि न्यूज

**जनपद की** मृदुकीर्ति को एकता नेशनल यूथ अवार्ड से उड़ीसा में सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कौशल्या गिरी ने कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर प्रदेश का कल्चर प्रस्तुत किया। नेकपुर चौरासी निवासी मृदुकीर्ति पुत्री श्याम कुमार चतुर्वेदी को एकता परिषद ट्रस्ट वानपुर उड़ीसा प्रोजेक्ट प्वांइट के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल ट्राइवल कल्चर यूथ के फेस्टिवल 2024 का रविवार 9 जून की शाम को कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। एकता परिषद ट्रस्ट की 20वीं स्थापना दिवस के मौके पर वानपुर में एकता नेशनल यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल ट्राइबल कल्चरल यूथ फेस्टिवल के आयोजक मण्डल सहित प्रतिभागियों का भारत के राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति ने पत्र के माध्यम से शुभकामना संदेश दिया। मृदुकीर्ति को यह अवार्ड खेल व साहसिक गतिविधियों के लिए दिया गया। साथ ही जिले की फतेहगढ़ निवासी कौशल्या गिरी पुत्री जय बहादुर जो एक स्कूल में अध्यापिका है उन्होंने प्रदेश की ओर से कल्चर प्रस्तुत करते हुए कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय स्तर के मंच पर दोनों ने प्रदेश का मान बढ़ाया। उड़ीसा के निदेशक डा0 संग्राम केसरी सामन्त राय, एकता परिषद ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी सह अवार्ड कमेटी की चेयरमैन संध्या देवी जो प्रख्यात समाजसेवी है। गौतम बंदो उपाध्याय दिल्ली से, संतोष सामान्त राय सहित हस्थितियों की मौजूदगी में सम्मान दिया गया। भारत वर्ष से 25 कर्मठ एवं समर्थित यूथ को यह अवार्ड प्रदान किया गया। पड़ोसी देश से आये लगभग 465 युवाओं ने प्रतिभाग किया। एक ही मंच पर पूरा देश दिखायी पड़ा।

# गर्मी से निजात पाने के लिए बांटा गया शरबत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



शरबत वितरित करते संदीप व विक्रम छावड़ा — समृद्धि न्यूज

**बढ़पुर स्थित** छावड़ा बेकरी की ओर से गर्मी में लोगों का गला तर किया गया। उमस व गर्मी के चलते धूप में लोग बेहाल है। ऐसे में सूरज की तपिस के कारण लोग धूप में निकलने से परहेज करते है। जरुरी काम पड़ने पर ही लोगों को बाहर निकलना पड़ रहा है। भरी धूप में लोगों की प्यास बुझायी जाये तो इससे पुण्य काम कोई और नहीं है। ऐसे में छावड़ा बेकरी के मालिक संदीप कुमार छावड़ा व विक्रम कुमार छावड़ा ने मीठा शरबत वितरित कर लोगों का गला तर किया और गर्मी में लोगों को राहत पहुंचायी। शरबत पीकर लोगों ने प्यास बुझायी। इसी तरह जरुरत मंदों के लिए लोग प्याऊ लगाये और शरबत बांटे तो कुछ हद तक गर्मी में आम जन व राहगीरों को राहत मिल सकती है। जनपद में बड़े-बड़े समाजसेवी है, और प्रतिनिधि है, मगर किसी को प्याऊ लगवाना व शरबत बांटना रास नहीं आ रहा है। ऐसे में पुण्य काम में वह भागीदार नहीं बनना चाह रहे है। कुछ लोगों की चाहं है कि हम गर्मी में पानी व शरबत बांटे। भारत विकास परिषद के अलावा संत निरंकारी भवन में प्याऊ लगाया गया है। इसी तरह अन्य लोगों को भी इस भीषण गर्मी से निपटने के लिए प्याऊ व शरबत वितरित करना चाहिए।

# कथक नृत्य आध्यात्मिक शक्ति एवं भक्ति है: सुष्मिता शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



छात्राओं को कथक सिखाती प्रशिक्षिका सुष्मिता शुक्ला

**संस्कार भारती** की कार्यशाला में शास्त्री नृत्य की कथक कार्यशाला में छात्रों को विशेष सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी एवं सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ से बनारस घराने की प्रशिक्षिका सुष्मिता शुक्ला भारत की प्राचीन नृत्य विद्या जो लुप्त हो चुकी है इसका प्रशिक्षण दे रही है। बच्चे बड़े लगन और रुचि के साथ सीख रहे हैं। कथक नृत्य की विशेष नृत्यांगना सुष्मिता शुक्ला बताती है कि कथक भारत की प्राचीन नृत्य विधा है। वैदिक युग में वेद शास्त्र पुराणो की कथक नृत्य के भाव उदय होता है। जिसमें अपने इष्ट देव की आराधना भाव नृत्य के द्वारा भक्ति करता है। समय-समय पर परिवर्तन आया देव मंदिरों से राजघराने, मुगल घराने आधुनिक काल में आधुनिक हुआ। भारत सरकार एवं संस्कार भारती मिलकर लुप्त कलाओं को संरक्षण दे रही है। भावी पीढ़ी के बच्चे बड़े चाव और लगन के साथ सीख रहे हैं। निर्देशक डॉ0 शोभित कुमार एवं निर्देशक शिशिर प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय के विशेष सहयोग एवं अकादमी की सराहना की जो समय -समय पर विशेषकों के निर्देशन में बच्चों का मार्गदर्शन हुआ। मैं बच्चों को नया पुराना दोनों ढंग की प्रस्तुति में ईश वंदना, गुरु वंदना, सलामी, तीन ताल पैरों के चक्कर हाथों और मुख की विशेष मुद्रा भाव नृत्य की भाव-भंगिमा का प्रदर्शन के तरीके अपने अनुभव के आधार पर प्रशिक्षण दे रही हूं। मेरी सहयोगी कुमारी स्नेहा श्रीवास्तव छात्राओं को लगन के साथ सीखा रही है। बच्चे बड़े चाव के साथ सीख रहे हैं। संस्कार भारती के सदस्यों एवं पदाधिकारी का विशेष सहयोग है। जिसमें मुझे सफलता मिल रही है। कार्यशाला में विशेष सहयोग डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र पांडेय, अरविंद दीक्षित, डॉ0 नवनीत गुप्ता, कुलभूषण श्रीवास्तव, नरेंद्र मिश्रा, रविंद्र भदौरिया, आदेश अवस्थी, अर्पण शाक्य आदि लोग सहयोग कर रहे हैं।

# मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक सम्पन्न



मत्स्य जीवी बैठक में मौजूद सदस्य — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मत्स्य जीवी** सहकारी समिति द्वारा भोजपुर में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की कार्यवाही में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विचार विमर्श किया। अध्यक्ष की सहभागिता से बैठक सम्पन्न हुई। मत्स्य अधिकारी दिवाकर सिंह, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने विचार रखे। अध्यक्षता संतराम ने की। इस मौके पर दुर्गेश, पप्पू, विवेक, सतेन्द्र, वेदराम, कृष्णपाल, वीरेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एनएच 730सी पर ग्राम वाहिदपुर पर बन रहे टोल प्लाजा के विरोध में किसानें ने दिया धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम वाहिदपुर में बन रहे टोल प्लाजा के विरोध में किसानों ने धरना दिया। जनवरी माह से टोल प्लाजा का मामला कोर्ट में लंबित है। बाहिदपुर के किसान अपने घरों को बचाने के लिए किसान यूनियन टिकैत से मदद मांगी। भाकियू टिकैत के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने किसानों की मदद का आश्वासन दिया। किसानों के साथ शुक्रवार सुबह धरना स्थल पर पहुंचे ग्राम वाहिदपुर में धरना शुरु कर दिया। सूचना पर एसडीएम सदर गजराज सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गया। एसडीएम ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। जिसके बाद एसडीएम सदर ने उच्चाधिकारियों को सूचित किया। किसानों की तरफ से एक प्रतिनिधित्व मण्डल बनाया गया। वार्ता के लिए वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, विधिक सलाहकार अजय कटियार को भेजा। डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम के साथ लंबी वार्ता हुई। वार्ता के समय प्रशासन के पास कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं था, जिसमें दर्शाया गया हो की टोल प्लाजा ग्राम वाहीदपुर में ही बनेगा। यह क्षेत्र घनिआबादी का है। यहां पर दो जूनियर स्कूल है। दोनों स्कूलों में लगभग 250, 300 बच्चे अध्यनरत है। किसानों के पास जो दस्तावेज है उससे स्पष्ट है कि टोल प्लाजा मुराहास कन्हैया के निकट बनेगा। दस्तावेज यहां के किसानों के पास मौजूद हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, कुलदीप अवस्थी, अशोक यादव, योगेंद्र सिंह, विजय सिंह शाक्य, सुधीर कटियार, अभय यादव, अनीस सिंह, विजय कटियार, इंदर सिंह, कुलदीप सिंह, बृजकिशोर, नितिन, सुग्रीव, राकेश, सत्यवीर, नरेंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### माध्यमिक शिक्षकों पर शिकंजा कसने को शासन ने निरीक्षण की बदली व्यवस्था

▸ निरीक्षण में अनुपस्थित पकड़े जाने पर छोड़ने का अब नहीं चलेगा खेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में शासन ने निरीक्षण की सत्र (2024-25) से नई व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत स्कूलों के निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने पर शिक्षकों को शिक्षक संघ की पैरवी पर अब छोड़ने का खेल नहीं चल पायेगा। अधिकारियों को अब प्रत्येक माह ऐप के जरिए स्कूलों का निरीक्षण कर शासन को अपनी रिपोर्ट भेजनी होगी। जानकारी के मुताबिक शासन ने निरीक्षण हेतु सरल ऐप लांच कर दिया है। जिसके माध्यम से डीआईओएस को प्रत्येक माह 20 विद्यालयों का निरीक्षण करना होगा। पहले राजकीय एवं अनुदानित विद्यालयों का कभी कभार निरीक्षण होता था। उसमें भी अनुपस्थित मिलने पर गुरु जी को शिक्षक नेताओं की पैरवी पर छोड़ दिया जाता था। नई व्यवस्था के तहत अब जीआईसी अनुदानित तथा वित्तविहीन विद्यालयों में शिक्षाधिकारियों द्वारा ताबड़-तोड़ छापेमारी की जायेगी। अनुपस्थित मिलने वाले गुरु जी की सूचना एवं निरीक्षण में पायी जाने वाली कमियों के संबंध में रिपोर्ट शासन को भेजना होगी। शिक्षा निदेशक डा0 महेन्द्र देव ने जारी आदेश में कहा है कि विद्यालयों का निरीक्षण अब परख ऐप के जरिए किया जायेगा। डीआईओएस को महने में 20 तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक को एप के माध्यम से 10 विद्यालयों का निरीक्षण करना होगा। निरीक्षण के समय शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र पंजीकरण उनकी मौजूदगी, शैक्षिक गुणवत्ता, कक्षावार टाइम टेबिल से शिक्षण का विवरण आनलाइन एप पर भरा जायेगा।

### शिक्षकों पर पाबंदी लगाना छात्र हित में नहीं

**फर्रुखाबाद।** माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह व उपाध्यक्ष संतोष दुबे ने कहा कि शासन द्वारा निरंतर शिक्षकों की निष्ठा और क्षमता पर संदेह करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर पाबंदी छात्रहित में उचित नहीं है। शिक्षक स्वतंत्र होकर जितना अच्छा शिक्षण कर सकता है, उतना पाबंदी लगाकर नहीं कराया जा सकता है।

### कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यालयों में रहेगा 24 जून तक अवकाश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा निदेशक के पत्र के निर्देशानुसार जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के परिषदीय विद्यालयों एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून तक घोषित था। जिसे बढ़ाकर 24 जून कर दिया गया है। 25 जून को शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी 7:30 बजे से अपरान्ह डेढ़ बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर प्रशासकीय दायित्वों का निर्वाह्न करेंगे। 28 जून से छात्र-छात्रायें विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। 1 जुलाई से विद्यालय नियमित संचालित होगा। 25 जून से 30 जून की अवधि में विद्यालय में अन्य गतिविधियां एवं साफ-सफाई, स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नामांकन बढ़ाये जायेंगे। इस संबंध में बेसिक शिक्षाधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वह शासनादेश के नियमों का पालन करें।

# गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत मार्गो का रुट किया गया डायवर्जन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा दशहरा स्नान पर्व के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 15 जून की शाम 8 बजे से 16 जून कार्यक्रम समाप्ति तक मार्गो का रुट डायवर्जन किया है। एसपी ने कन्नौज से कानुपर रोड होते हुये फतेहगढ़ को आने वाले माल वाहनों तथा ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर आदि को थाना कमालगंज चौकी खुदागंज से आगे नहीं जायेंगे एवं वहीं से डायवर्ट किया जायेगा।छिबरामऊ से जहांनगंज होकर फतेहगढ़ को आने वाले माल वाहनों तथा ट्रक, टेंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर आदि को थाना जहानगंज काली नदी से आगे नहीं आने दिया जाये। वहीं से डायवर्ट किया जायेगा। बेबर जनपद मैनपुरी की ओर से फतेहगढ़ को आने वाले माल वाहनों तथा ट्रक, टेंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर आदि को बेबर में एवं चौकी मदनपुर व रोहिला चौराहा के पास मोहम्मदाबाद में रोका जायेगा। जनपद एटा की ओर से फतेहगढ़ को आने वाले माल वाहनों तथा ट्रक, टेंकर डीसीएम, डम्फर, लोडर आदि को ब्राहिमपुर थाना अलीगंज वार्डर पर व कस्वा कायमगंज के बाहर पतौराध/वेरिया तिराहे पर रोका जायेगा। जनपद शाहजहांपुर/बरेली से फतेहगढ़ को आने वाले माल वाहनों तथा ट्रक, टेंकर डीसीएम, डम्फर, लोडर आदि को थाना राजेपुर डबरी चौराहा से कोई वाहन आगे नहीं जायेंगे व वहीं से डायवर्जन किया जायेगा।

# विश्व रक्तदान दिवस पर 43 लोगों ने किया रक्तदान

▸ डीएम ने जिला अस्पताल में बने वार्डों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रक्त शिविर का उद्घाटन करते डीएम — समृद्धि न्यूज

**विश्व रक्तदान** दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह द्वारा जिला अस्पताल में उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन व जिला अस्पताल के द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर उदघाटन किया। शिविर में 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया गया। डीएम ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डीएम ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती। ब्लड बैंक में रक्त होने से इमरजेंसी में बहुत काम आता है। इस मुहिम को आप लोग आगे बढ़ाएं। सभी लोग मिलकर हर जगह रक्तदान करने के लिए सबको प्रेरित करें, तभी इसकी सफलता है, रक्तदान से लोगों की जान बचाई जा सकती है। डीएम ने रक्तदान के लिए सभी को प्रेरित किया किया। साथ ही डीएम ने जिला अस्पताल के वार्डो का निरीक्षण किया। डीएम ने मरीजों से उनके इलाज व मिल रहे भोजन तथा दवाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने अस्पताल में मिल रहे भोजन की गुडवत्ता पर नाराजगी जताई एवं सुधार के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर सीएमओ व नगर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक सम्पन्न

▸ 88 आशाओं की भर्ती के प्रस्ताव ग्राम पंचायत स्तर पर खुली बैठक कर लिए जाये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिला क्रियान्वयन इकाई के अनुबंध का नवीनीकरण किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया। जेम पोर्टल द्वारा विभिन्न सामग्री के क्रय व भुगतान करने का प्रस्ताव पेश किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि क्रय की जा रही सामिग्री गुडवत्तापूर्ण व मानक के अनुरूप हो, व कोई भी खरीद मार्केट रेट से अधिक न हो, बैठक में 88 आशाओं के चयन के लिये स्वीकृति चाही गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आशाओं की भर्ती के प्रस्ताव ग्राम पंचायत स्तर पर खुली बैठक कर लिए जाये। डीएम ने निर्देशित किया कि जिस डॉक्टर की जहां तैनाती है वो वहीं पर निवास करें, नहीं तो वेतन रोक दिया जाएगा। लोहिया चिकित्सालय महिला के अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में आवासीय सुविधा उपलब्ध होने पर भी स्टाफ नर्स नीलम उसमें निवास नहीं करती है। डीएम ने स्टाफ नर्स का एच्आरए को काटने के आदेश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, व संबंधित अधिकारी व डॉक्टर मौजूद रहे।

# समर क्रिकेट कैम्प के पांचवें दिन खिलाड़ियों ने सीखे टिप्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



खिलाड़ियों को टिप्स देते प्रशिक्षक

**उत्तर प्रदेश** क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में स्व0 ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में प्रथम समर क्रिकेट कैम्प के पांचवे दिन खिलाड़ियों ने वैटिंग, बॉलिंग, विकेट कीपिंग सभी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल प्रशिक्षक ने सभी प्रशिक्षक प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों की सराहना की। उवैद कमाल ने कहा कि पांच के दिन के अभ्यास में जनपद के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। कैम्प से प्रशिक्षित खिलाड़ियों में से कुछ खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की टीम का हिस्सा भी बन सकते है। गर्मी होने के बावजूद भी खिलाड़ी बहुत लगन और विश्वास से मेहनत कर रहे है। प्रशिक्षक द्वारा बतायी गई छोटी-छोटी बातों और टिप्स पर खिलाड़ी विशेष ध्यान दे रहे है। सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने जानकारी दी कि सर्दियों में भी क्रिकेट खिलाड़ियों के कैम्प लगाया जायेगा। इस मौके पर सचिव मोहन लाल अग्रवाल, डा0 अमित सक्सेना, चिराग अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## लावारिश बाइक देख ग्रामीणों में दहशत, सूचना पुलिस को

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नान के पास खेत में कर रहे किसानों की लावारिस बाइक पर नजर पड़ गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच चपड़ताल की। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्रामीण खेतों में काम कर रहे थे, तभी उनकी नजर एक लावारिश बाइक पर पड़ी। सूचना मिलने पर रोशनाबाद निवासी राजू वाल्मीकि भी मौके पर पहुंचा। जहां उसने अपनी बाइक बतायी। उसने बताया कि रात्रि में बाइक दरवाजे पर खड़ी थी। रात्रि के समय शराब के नसे में असगरपुर निवासी एक युवक उठा ले गया था। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया ग्रामीणों द्वारा खेत के पास लावारिस बाइक खड़ी होने की सूचना दी गयी थी। सूचना पर पुलिस को भेजा गया। उन्होंने बताया किसी ग्रामीण द्वारा शिकायती पत्र नहीं दिया गया हैं। जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**सूचना**

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम PAYAL दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम PAYAL DEVI है। PAYAL DEVI D/o JC- 481948H Sub Hony Lt Kewal Singh, Unit 21 Rajput, R/o Vill, 229 Katesra (118), Katesra, Distt. Rohtak, Haryana, Pin-124113

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम GUGAN RAM व जन्मतिथि 01.07.1946 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम GUGAN व जन्मतिथि 01.01.1941 है। GUGAN F/o JC- 481948H Sub Hony Lt Kewal Singh, Unit 21 Rajput, R/o Vill, 229 Katesra (118), Katesra, Distt. Rohtak, Haryana, Pin-124113

# शिविर में कैडेट्सों को सिखाए गए आपदा प्रबंधन के गुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कैडेट्सों को आपदा प्रबंधन की जानकारी देते विशेषज्ञ आयुषमेंद्र परिहार

**कमांडिंग आफिसर** कर्नल रोमिल शर्मा के निर्देशन में आरआरसी फतेहगढ़ में चल रहे एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 34 में कैम्प के तीसरे दिन सभी एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन की चिकित्सा एवं अग्निशमन इकाई ने विभिन्न आपदाओं से बचाव के तरीके बताए।

जिला आपदा प्रबंधन टीम की तरफ से जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ आयुषमेंद्र परिहार ने एनसीसी कैंप में मानव निर्मित तथा प्राकृतिक आपदाओं के बारे में बताया। जिसमें प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, सूखा, अग्निकांड, ओलावृष्टि, भूकंप, सुनामी, बादल फटना, कोहरा एवं शीतलहर, चक्रवात, भूस्खलन, कीट आक्रमण, हिमस्खलन, वे-मौसम बारिश, आकाशीय बिजली, आंधी, तूफान, लू प्रकोप, नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई एवं गैस रिसाव, बोरवेल में गिरने से होने वाली दुर्घटना, मानव वन्य जीव द्वंद्व, कुआं, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर, नाले, गड्ढा, जल प्रपात में डूबना, सांड एवं वनरोज के आघात से होने वाली घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं डॉ0 रंधीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में आपदा के रूप में जो देखने को मिल रहा है, वह है हीट वेव अर्थात लू। इस लू से वर्तमान में किस प्रकार से बचा जा सकता है व लू लगने के लक्षण क्या है, उसके बारे में बताया। हीट वेव अर्थात लू लगने के लक्षण शरीर का तापमान बढ़ना, तेज बुखार, लगातार उल्टी एवं दस्त होना होता है। हीट वेव मार्च से जून महीने में आती है, जिसमें वातावरण का तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच जाता है। तब हीट वेव का असर दिखाई पड़ता है। हीट वेव के समय सभी को चाहिए कि स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए रेडियो सुने, टीवी देखें, समाचार पत्र पढें। पर्याप्त पानी पिए भले ही प्यास न लगे। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि जैसे घरेलू पदार्थ का इस्तेमाल करें। हल्के वजन, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। गमछा, टोपी, छतरी आदि के द्वारा अपने सर को ढके। हाथों को साबुन और पानी से बार-बार धोएं, तौलिया, गमछा भिगोकर सर पर रखें और चेहरा को पानी में कपड़ा धोकर पोंछते रहें। नारियल पानी पिए। गंभीर स्थिति होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक से सलाह लें। लू लगने की स्थिति में दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर धूप में न निकले। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़े। अग्निशमन विभाग से आए उपनिरीक्षक शिव प्रताप द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर में लगने वाली आग से बचाव के तरीके बताए। घरों में तथा जंगल में किन-किन कारणों से आग लग सकती है तथा उस आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है के बारे में बताया। कप्तान संदीप माधव ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर, लेफ्टिनेंट पारुल मिश्रा, थर्ड ऑफीसर अचल सिंह पाल तथा अमित दयाल, सूबेदार सुरेश सिंह, बीएचएम संजय सिंह, हवलदार बीबी राणा आदि उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा : पांच गिरफ्तार, गुजरात से जुड़े तार



**नकल कराने के लिए 10-10 लाख रुपये में हुई थी डील**

**एजेंसी, गुजरात।**

गोधरा नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर गुजरात पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब तक ढाई करोड़ रुपए के मनी ट्रेल की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक छात्रों से पैसे लेकर नीट परीक्षा पास कराने का गोरखधंधा चल रहा था। पिछले महीने पंचमहल जिले के कलेक्टर को मिली सूचना के आधार पर गोधरा के जय जलाराम स्कूल के नीट एग्जाम सेंटर का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान यह खुलासा हुआ कि बच्चों से पैसे लेकर परीक्षा पास कराने का खेल हुआ है। इसके बाद पंचमहल जिले के शिक्षा अधिकारी किरीट पटेल ने शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के मुताबिक 5 मई को होने वाली परीक्षा में शिक्षक तुषार भट्ट इसी सेंटर में लॉबी कंडक्टर थे। वह किसी छात्र से 10 लाख रुपए लेने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी ने सेंटर पहुंचकर उनसे पूछताछ की। जिला शिक्षा अधिकारी को पूछताछ और जांच के क्रम में उनके फोन से परशुराम रॉय नामक व्यक्ति के साथ चौट में कुछ तस्वीरें मिलीं, जिसमें 11 छात्रों के नाम, रोल नंबर और उनके एग्जाम सेंटर का पता लिखा था। इसके अलावा उनकी कार से 7 लाख रुपये कैश भी बरामद हुआ। जांच में यह बात सामने आई कि गोधरा के आरिफ वोरा और वडोदरा के रॉय ओवरसीज के मालिक परशुराम रॉय की भूमिका छात्रों से पैसे लेकर पास कराने में है।

भट्ट के फोन से 20 से ज्यादा छात्रों के नाम के आगे कन्फर्म समेत कई निशानियां तक मिली। इस पूरे मामले में जब जांच तेज की गई तो पता चला कि तुषार भट्ट को आरिफवोरा ने एजेंट के तौर पर छात्रों से मुलाकात करवा कर एक-एक छात्र से परीक्षा पास कराने के लिए दस-दस लाख में डील की थी और सात लाख रुपये एडवांस लिए थे। भट्ट ने एडवांस लेने वाले छात्रों को ओएमआर शीट खाली छोड़ने के निर्देश दिए थे, ताकि शीट को भरकर उन्हें पास कराया जाए। पंचमहल पुलिस ने वडोदरा से लेकर पंचमहल तक छापामारी की और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस पूरे मामले में स्कूल के चेयरमैन ने कहा कि भट्ट टीचर था और नीट परीक्षा का सुपरवाइजर था जिसे सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की जांच अब पुलिस और शिक्षा विभाग साथ मिलकर करेगा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में टीचर तुषार भट्ट, प्रिंसिपल पुरुषोत्तम शर्मा, रॉय ओवरसीज परशुराम रॉय, रॉय का साथी विभोर आनंद और एक बिचौलिया आरिफ वोरा शामिल है। सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। मुख्य आरोपी तुषार भट्ट ने जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी जिसे खारिज कर दिया गया।

गोधरा सेशन कोर्ट ने नीट एग्जाम में हुए इस फर्जीवाड़े का खुलासा करने के लिए जिला पुलिस की कार्रवाई की सराहना की। पुलिस ने इस पूरे मामले में सामने आए छात्रों के नाम के आधार पर संदिग्ध छात्रों और अभिभावकों तक के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि रॉय ओवरसीज के मालिक परशुराम रॉय ने कई छात्रों के माता पिता से मेडिकल प्रवेश के लिए पैसे कैश में और चेक से लिए थे।पुलिस ने एनटीए से कई अहम जानकारियां मांगी है। पुलिस के मुताबिक एनटीए से जानकारी मांगी गई है कि परीक्षा कैसे कंडक्ट कराई जाती है और एग्जाम के ऑब्जर्वर और सुपरवाइजर की भर्ती प्रक्रिया तक की जानकारी पुलिस जुटा रही है। आरोपियों से बरामद फोन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

## नीट में धांधली को लेकर लीपापोती कर बच नहीं सकती सरकार : कांग्रेस



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर सरकार को घेरते हुए शुक्रवार को कहा कि सच पर पर्दा डालने के लिए पूरे प्रकरण में लीपापोती की जा रही है लेकिन सवाल 24 लाख बच्चों के भविष्य का है इसलिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में मामले की जांच होनी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जो नियम मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए वर्जित किये गए हैं सरकार उन्हीं नियमों का सहारा लेकर ग्रेस मार्क्स देने की बात कर पूरे मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि नाम है नीट लेकिन रिजल्ट देख कर ये प्रक्रिया कहीं से भी साफ, स्वच्छ या स्वस्थ नहीं लगती। इस परीक्षा के माध्यम से देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य पर पानी फेर दिया गया है। पिछले 8 साल में 7 ऐसे छात्र थे जो पूरे अंक लाए लेकिन इस साल 67 छात्र पूरे अंक लेकर आए। इस पर शिक्षा मंत्री का कोई जवाब नहीं है।

## बीएसएफ की सेवा तारीफ के काबिल उनकी सेवा को सलाम : उपराष्ट्रपति



**एजेंसी, जैसलमेर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दौरे के दूसरे और आखिरी दिन अपनी पत्नी के साथ एक सैनिक सम्मेलन में हिस्सा लिया। धनखड़ ने बीएसएफ की उसकी सेवाओं की सराहनी की और उन्हें सलाम किया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ दो दिन के दौरे पर जैसलमेर में प्रवास पर हैं। शुक्रवार को यहां सम रोड स्थित सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बीएन बटालियन परिसर में आयोजित सैनिक सम्मेलन में धनखड़ ने कहा कि बीएसएफ जो सेवा कर रही है, वो तारीफ के काबिल है। जवान सीमाओं पर प्रथम पंक्ति में खड़े रहकर सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे हैं। बीएसएफ की सेवा को मैं सलाम करता हूं। बीएसएफ सीमा पर तैनात है, इसलिए हर भारतवासी सुरक्षित है। धनखड़ ने कहा कि बीएसएफ के कारण हर कोई निडरता से जी रहा है। बीएसएफ की सजगता के चलते देश के दुश्मन नाकाम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने कोरोनाकाल में भी अच्छा कार्य किया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बीएसएफ का हर जवान सजग है। उन्होंने हीरक जयंती की भी अग्रिम बधाइयां दीं।

## चारों धामों में दर्शन के लिए निर्धारित सीमा समाप्त

**एजेंसी, देहरादून।**



उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सामान्य रूप से संचालित हो रही है। रोजाना देश-दुनिया से श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। इस बीच चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रोजाना निर्धारित संख्या को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गढ़वाल आयुक्त एवं चारधाम यात्रा प्रशासन के अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय की ओर से यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर ऋषिकेश व हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त करने का निर्णय लिया है। विनय शंकर पांडेय ने बताया है कि वर्तमान में चारों धामों में भीड़ सामान्य होने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनहित में यह निर्णय लिया गया है कि यात्रियों की सुविधा के लिए ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए जो कोटा निर्धारित किया गया था, उसे समाप्त कर दिया गया है। अब यात्री ऋषिकेश एवं हरिद्वार के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर स्वयं भौतिक रूप से उपस्थित होकर चारों धाम अथवा दो धाम या किसी भी धाम का सीधे रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर अपनी यात्रा पर सुगमता से जा सकते हैं। यह आदेश चारों धामों में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## सिक्किम में भारी बारिश व भूस्खलन, लाचुंग में 1,200 से अधिक पर्यटक फंसे

**एजेंसी, गंगटोक।** सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से विभिन्न स्थानों पर जनधन को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। कुछ स्थानों पर सड़कें बह जाने से वाहनों की सुचारू आवाजाही प्रभावित हुई है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने से 1200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक मंगन जिले के लाचुंग में फंस गए हैं। राज्य पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के मुताबिक गुरुवार रात हुई मूसलाधार बारिश से उत्तरी सिक्किम में भारी नुकसान हुआ है। खासतौर पर उत्तरी सिक्किम के लाचुंग को राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली सड़क बह गई है। इसके कारण यातायात अवरुद्ध हो गया है। यातायात ठप होने से लाचुंग घूमने गए पर्यटक फंस गए हैं। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने से 1200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक मंगन जिले के लाचुंग में फंस गए हैं, लेकिन सुरक्षित हैं। स्थानीय अधिकारियों ने पर्यटकों से अनुरोध किया है कि वे जोखिम न लें और अपने स्थानों पर ही रहें।

## पापुआ न्यू गिनी ने राहत सहायता भेजने पर भारत का किया हार्दिक धन्यवाद



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

,पोर्ट मोरेस्बी, 14 जून (वार्ता) भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता शुक्रवार को पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया।

पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी।

उसने कहा कि एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया।

## शिखर बैंक घोटाला मामला : अजित पवार को क्लीन चिट देने पर अन्ना हजारे ने दी कोर्ट में चुनौती

**एजेंसी, मुंबई।**



शिखर बैंक घोटाला मामले में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मुश्किलें बढ़ रही हैं। इस मामले में मुंबई पुलिस की ओर से क्लीन चिट देने को अन्ना हजारे ने सेशन कोर्ट में निषेध याचिका दाखिल करके चुनौती दी है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस याचिका पर सुनवाई 29 जून को होगी।

शिखर बैंक घोटाला मामले में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है, क्योंकि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने वित्तीय अपराध शाखा की दायर अतिरिक्त क्लोजर रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने उनकी आपत्ति स्वीकार कर ली है और विरोध याचिका दायर करने का समय दे दिया है। इस मामले की सुनवाई 29 जून को होगी। शिखर बैंक ने 2005 से 2010 के बीच राज्य में सहकारी चीनी मिलों, सहकारी धागा मिलों, कारखानों और अन्य कंपनियों को 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक लोन बांटे थे। बाद में पता चला कि यह सभी लोन गलत तरीके से दिए गए थे। इस मामले की शिकायत अन्ना हजारे ने मुंबई पुलिस से की थी और पुलिस ने छानबीन की। इसके बाद पुलिस ने शिखर बैंक के निदेशक अजित पवार समेत 70 अन्य लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, लेकिन कुछ महीने पहले पुलिस की वित्तीय अपराध शाखा ने एक अतिरिक्त क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की थी। वित्तीय अपराध शाखा ने क्लोजर रिपोर्ट में कहा है कि लोन वितरण और चीनी कारखाने की बिक्री के संबंध में बैंक को किसी भी नुकसान का कोई सबूत नहीं मिला।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे और माणिकराव जाधव ने इस क्लोजर रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में निषेध याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई सेशन कोर्ट में हुई। कोर्ट ने निषेध याचिका पर सुनवाई 29 जून को तय की है। इसलिए इस निषेध याचिका के बाद अजीत पवार की मुश्किलें बढ़ने के आसार बन गए हैं। शिवसेना नेता संजय राऊत ने कहा कि अन्ना हजारे को राज्य में हुए अन्य सभी घोटालों पर भी आवाज बुलंद करनी चाहिए और दिल्ली के रामलीला मैदान पर आंदोलन करना चाहिए। राऊत ने कहा कि दिल्ली में अन्ना हजारे के आंदोलन में मेरे साथ सभी लोग उपस्थित रहूंगा।

## सुकमा : पहली बार नक्सल ठिकानों से बरामद हुआ स्नाईपर जैकेट

**एजेंसी, सुकमा।**

नक्सलियों के द्वारा दम किए गए सामग्री को पुलिस ने बरामद किया है, जिसमें पुलिस को विस्फोटक सामग्री के साथ पहली बार स्नाईपर जैकेट सेट बरामद हुआ है। नक्सली स्नाईपर जैकेट की मदद से सुरक्षा बलों पर छुप कर हमला करने के लिए इस्तेमाल किए जाता हैं। इधर नक्सलियों के पास से स्निपर जैकेट मिलने के बाद पुलिस भी अचंभे में है।

सुकमा जिले के गोलापल्ली थाना क्षेत्र में नक्सल अभियान के दौरान ग्राम कंगालतोंग के जंगल में पुलिस पार्टी को देखकर नक्सली डम्प सामाग्री को छोड़कर भाग खड़े हुए। एसपी किरण चव्हाण ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत इलाके में

- **नक्सली स्नाईपर जैकेट से सुरक्षा बलों पर छुपकर हमला करने के लिए करते हैं इस्तेमाल**

नक्सलियों की लगातार उपस्थिति की सूचना पर गुरुवार को डीआरजी, बस्तर फाईटर सुकमा एवं 206, 207, 208 कोबरा वाहिनी की संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल विरोधी अभियान हेतु ग्राम कंगालतोंग व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान गुरुवार को प्रातः लगभग 09:45 बजे ग्राम कंगालतोंग के जंगल में पुलिस पार्टी की गतिविधियों को देखकर नक्सली जंगल व झाड़ी का आड़ लेकर भाग गए बाद घटनास्थल की सर्चिंग करने पर नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गये डम्प से स्नाईपर जैकेट सेट, विस्फोटक, कारतूस व अन्य नक्सली सामाग्री बरामद किया गया।

### नक्सलियों के डम्प बरामद सामाग्री

स्नाईपर जैकेट सेट तीन, बीजीएल सेल बड़ा दो, बीजीएल सेल छोटा पांच, एके-47 रायफल के जिंदा राउण्ड एक, 303 रायफल के जिंदा राउण्ड एक, बैटरी चार्जर क्लिप तीन, एचआईडब्ल्यू बैटरी दो, इंजेक्शन आईडी एक, कनेक्टर लीड वायर दो, प्लास्टिक बॉक्स दो, बिजली बोर्ड एक, भरमार बैरल (पुराना) एक, पेंसिल सेल पांच, नक्सल दैनिक दस्तावेज मय दफ्ती, लकड़ी स्पाईक सात, काम्बेट वर्दी कपड़ा लगभग ढाई मीटर, स्टेपलर मय पिन दो, साबुन नौ, सेलो टेप भूरे रंग का एक, स्टील प्लेट दो, बैग दो, दैनिक उपयोगी कपड़ा, नक्सली अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

## डीआरआई के अभियान में तीन करोड़ का सोना जब्त, दो गिरफ्तार

**एजेंसी, सिलीगुड़ी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन करोड़ रुपये से ज्यादा के सोने के बिस्कुट के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई ने शुक्रवार को गिरफ्तार दोनों आरोपितों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायधीश ने दोनों को 27 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। सूत्रों के अनुसार 12 जून को डीआरआई ने गुप्त सूचना पर इस्लामपुर में छापेमारी कर एक बस से सूरज शिवाजी पवार को पकड़ा था। तलाशी के बाद उसके पास से तीन तीन किलो 660 ग्राम सोना बरामद हुआ था। बरामद सोने का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखने पर डीआरआई ने सूरज शिवाजी पवार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सूरज शिवाजी पवार से पूछताछ के दौरान डीआरआई अधिकारियों को भीम सुभाष विभूति का नाम पता चला। इसके बाद डीआरआई ने केंद्रीय बलों की मदद से 13 जून को इस्लामपुर में भीम सुभाष विभूति के घर और दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी में घर से 932 ग्राम सोने के बिस्कुट, 34 लाख 66 हजार 300 नगद और दुकान से 569 ग्राम सोना बरामद किया गया।

**जेपी नड्डा ने की उच्च स्तरीय बैठक**

## 100 दिनों में स्वास्थ्य लक्ष्यों को प्राप्त करने पर दिया जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को निर्माण भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक की और नई सरकार के गठन के पहले 100 दिनों में लक्षित स्वास्थ्य लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और जाधव प्रतापराव गणपतराव भी मौजूद थे।

मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वास्थ्य प्रणालियों की गुणवत्ता पर जोर दिया। पहले 100 दिनों में तय लक्ष्यों को पूरा करने पर फोकस किया गया। इन लक्ष्यों में आयुष्मान भारत- पीएमजेएवाई के तहत स्वास्थ्य आश्वासन कवरेज का विस्तार और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, टीकाकरण और स्वास्थ्य आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रबंधन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। बैठक में नड्डा ने गैर-संचारी रोगों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और स्वस्थ आहार तथा जीवनशैली के संबंध में जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

बैठक में नड्डा ने तंबाकू नियंत्रण के लिए युवाओं के प्रति लक्षित अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि से भी एनसीडी और तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस बैठक में स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा, नेशनल हेल्थ अथॉरिटी की सीईओ, दीप्ति गौड़ मुखर्जी सहित केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## पिता की बहुआयामी भूमिका को दर्शाती एसबीआई लाइफ की फादर्स डे स्पेशल फिल्म पापा हैं न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




पिता हमेशा अपने बच्चों के जीवन में प्रेरणा के निरंतर स्रोत होते हैं। जीवन की चुनौतियों से निपटने के उनके समझदारी भरे तरीके बेजोड़ होते हैं और हर बच्चा अपने पिता की सलाह के लिए आभारी होता है। इस फादर्स डे पर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, बच्चे के जीवन में पिता की बहुआयामी भूमिका को 'लाइफ मित्र'- दोस्त, मार्गदर्शक और वित्तीय अभिभावक के रूप में सम्मानित कर रहा है।

एसबीआई लाइफ की डिजिटल फिल्म में इसे खूबसूरती से दर्शाया गया है, जिसे कंपनी की प्रमुख डिजिटल प्रॉपर्टी पापा हैं न के तहत जारी किया गया है। यह फिल्म, पिता के व्यावहारिक और अंतर्दृष्टि भरे पक्ष को उजागर करती है, जो जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए अपने अनुभवों का उपयोग करते हैं।

यह डिजिटल फिल्म, एसबीआई लाइफ के ब्रांड के मूल विचार को प्रदर्शित करती है और इसमें पेशेवर तथा लालन-पालन करने वाले व्यक्ति के तौर पर पिता की दोहरी भूमिका को उजागर किया गया है।

लाइफ मित्र (जीवन बीमा सलाहकार) को पिता के रूप में चित्रित कर बेटे को संकट के क्षण में मार्गदर्शन करते हुए दिखाकर, इस डिजिटल फिल्म का उद्देश्य यह पेश करना है कि बीमा सलाहकार पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों चुनौतियों को समान रूप से संभालने के लिए तैयार होते हैं। इस डिजिटल फिल्म को https://youtu .be/ j6nTYK52pg क्लिक कर देख सकते हैं।

## लखनऊ में हुआ दुबई 100 एक्सपो का शानदार आयोजन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




- सितारों की मौजूदगी से सजे कार्यक्रम में लखनऊ के लोगों को अनोखी शाम देखने को मिली
- उद्योग जगत के जाने-माने लोगों, निवेशकों और रियल एस्टेट उद्योग सहित विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम को बनाया सफल
- 10 भाग्यशाली प्रतिभागियों ने 1 लाख एईडी (22 लाख रुपए) के रोमांचक पुरस्कार जीते, जिससे कार्यक्रम का आकर्षण और बढ़ा

सीबीट्स रियल एस्टेट, दुबई द्वारा आयोजित दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता के एक भव्य उत्सव, दुबई 100 एक्सपो ने यूपी की राजधानी लखनऊ में शानदार शुरुआत की। दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए लखनऊ गोल्फ क्लब में आयोजित इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए, जिनमें शहर के प्रमुख बिल्डर्स, निवेशक, एचएनआई, रियल एस्टेट उद्योग जगत के लोग और दो खास अतिथि, राजपाल यादव और मुबीन सौदागर शामिल थे।

इस आयोजन ने मनोरंजन, नेटवर्किंग और बेजोड़ निवेश अवसरों के लिए एक विशेष मंच प्रदान किया। दुबई के प्रमुख बिल्डर्स ने निवेश संभावनाओं के साथ-साथ अपनी रचनात्मक अवधारणाओं को दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त, बाय-बैक गारंटी, उच्च संपत्ति प्रशंसा, गोल्डन वीज़ा लाभ और कर-मुक्त आय के साथ प्रभावशाली 12त्र आरओआई के वादे ने भी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक और रोमांचक क्षण रैफल ड्रॉ था, जहाँ 10 भाग्यशाली विजेताओं को 1 लाख एईडी (22 लाख रुपए) के कूपन के कूपन प्रदान किए गए। इससे सीबीट्स रियल एस्टेट दुबई के साथ निवेश का उत्साह और आकर्षण और बढ़ गया। सीबीट्स रियल एस्टेट एलएलसी के संस्थापक और एमडी, श्री रिंकू कुमार ने इस अवसर पर कहा कि दुबई 100 सिर्फ एक इवेंट नहीं है; यह अनंत संभावनाओं का अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अद्वितीय लाभों और आश्वासनों के साथ दुबई की रियल एस्टेट क्षमता के लिए एक प्रवेश द्वार प्रदान करना है। दुबई के बेजोड़ रियल एस्टेट अवसरों को सामने लाकर हमारा लक्ष्य भारत के विभिन्न कोनों से निवेशकों को सशक्त बनाना है। यहाँ हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली है, और हम इस असाधारण अनुभव को देश भर के अन्य शहरों में विस्तारित करने के लिए रोमांचित हैं। उन्होंने आगे कहा कि लखनऊ में उत्साह खत्म नहीं होता! दुबई 100 एक्सपो अब पटना और रांची को रोमांचित करने के लिए तैयार है। सभी संबंधित शहरों में 10 भाग्यशाली विजेताओं को 1 लाख एईडी (22 लाख रुपए) के कूपन जीतने का मौका भी मिलेगा। शाम को लाइव बेली डांस प्रदर्शन विशेष आकर्षक का केंद्र रहा। इसके बाद डिनर का आयोजन किया गया, जहाँ मेहमानों को उद्योग जगत के मशहूर हस्तियों के साथ घुलने-मिलने का मौका मिला। दुबई 100 एक्सपो अब पटना और रांची में क्रमशः 15 और 17 जून को आ रहा है, जो दोनों शहरों के लोगों को इन्वेस्टमेंट के और अधिक अवसर प्रदान करेगा।

## सीएट स्पेशलिटी ने कल्की 2898 ए.डी. के साथ मिलकर ए.आई. वाहन के लिए लांच किए भविष्य के टायर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




- **सीएट कस्टम टायर्स पावर अप कल्कि 2898 एडी की फ्यूचरिस्टिक कार**

सीएट स्पेशलिटी ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्की 2898 ए.डी. के साथ एक दिलचस्प साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत प्रभास अभिनीत इस फिल्म में दिखाए जाने वाले रोबोटिक वाहन 'बुज्जी' के लिए अत्याधुनिक टायर विकसित एवं लांच किए जाएंगे। इस साझेदारी से सीएट की अत्याधुनिक तकनीक एक बार फिर उजागर हो रही है और इससे मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने की कंपनी की प्रतिबद्धता पुख्ता होती है।

कल्की 2898 ए.डी. को नाग अश्विन ने निर्देशित किया है, इसमें भविष्य की दुनिया की कहानी दर्शाई गई है जहां तकनीक बेहद उन्नत है और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस दैनिक जीवन का हिस्सा है। इस फिल्म में काम कर रहे अभिनेताओं की सूची अत्यंत आकर्षक है जिसमें शामिल हैं- प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन। इस फिल्म एक और खास किरदार है 'बुज्जी' यह ए.आई. से चलने वाली कार है। यह कार भविष्यवादी डिजाइन एवं नवोन्मेष का शिखर है, जिसके लिए टायर भी उतने ही उन्नत एवं दूरदर्शी चाहिए जैसी की कार है।

बुज्जी को हॉलीवुड के हाइसु वांग ने डिजाइन किया है जो इससे पहले ब्लैक पैंथर के लिए भी वाहन डिजाइन कर चुके हैं। बुज्जी नाम की यह कार ऑटोमोटिव डिजाइन व टेक्नोलॉजी के भविष्य में एक लम्बी छलांग है। फिल्मकार एक ऐसी कार चाहते थे जो वांग के डिजाइन को जीवंत बना दे और सीएट स्पेशलिटी ने इस चुनौती को पूरा किया, और ऐसे टायरों की रचना की जो इस अभूतपूर्व वाहन को पूर्णता प्रदान करते हैं। सीएट स्पेशलिटी के मुख्य कार्यकारी अमित तोलानी ने इस परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि बुज्जी के लिए कल्की 2898 ए.डी. के साथ जुड़ना हमारे लिए एक अतुलनीय अवसर था। इससे हमें अपनी सीमाओं को विस्तार देने और नई तकनीकों व सामग्री का जायज़ा लेने का मौका मिला। द्युतिमान चैटर्जी और उनकी आर एंड डी टीम ने अपनी रचनात्मकता एवं इंजीनियरिंग कौशल से इस विज़न को जीवंत कर दिया। इस प्रोजेक्ट ने टायर इनोवेशन में हमारे भविष्य का मंच का स्थापित कर दिया है। हमारी टीम और हमारे टायर सही मायनों में जिज्ञासुओं के लिए तैयार किए गए हैं, वे हमें अनदेखे-अनजाने क्षेत्रों में ले जाते हैं और भविष्य की कल्पना करने की क्षमता प्रदान करते हैं। सीएट स्पेशलिटी में आर एंड डी के प्रमुख द्युतिमान चैटर्जी ने कहा कि बुज्जी के लिए टायर की रचना करना प्रेरक भी था और यह बेहद अपेक्षाओं भरा काम भी था। इस अवसर से हमें एक विशिष्ट प्लैटफॉर्म मिला जहां हम नई तकनीकें व सामग्रियों को परख सकें और टायर डिजाइन के क्षेत्र में अब तक जो कुछ मुमकिन था उससे आगे जाने की कोशिश करें।